हर खबर पर पैनी नजर

नई सोच एक्सप्रेस

(पटना से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

पेज : 08

आदिति भगत ने उड़ारियां में सीखा ऑन-स्क्रीन रोमांस

WWW.naisochlive.com | पटना, शनिवार, 20 अप्रैल 2024, वर्ष - 07, अंक- 62, पृष्ठ- 8, मूल्य- 3.00 | naisochexpreess@gamil.com

आज देश में मजबूत सरकार, जो ना किसी के सामने झुकती है ना ही दबती : पीएम मोदी

एजेंसी। दमोह

मध्य प्रदेश के दमोह में चुनावी रैली को संबोधित कर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये भारत को दुनिया की बड़ी ताकत बनाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि जब दुनिया में युद्ध का माहौल हो, तब भारत में युद्ध स्तर पर काम करने वाली सरकार बहुत जरूरी है।तब एक मजबूत सरकार होनी चाहिए और यह काम पूर्ण बहुमत वाली भाजपा सरकार ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि स्थिर सरकार कैसे देश और देशवासियों के हित में काम करती है, ये आप सभी ने बीते 10 वर्षों में देखा है। कोरोना का इतना बड़ा संकट आया, पूरी दुनिया में हाहाकार मचा। मजबूत भाजपा सरकार पूरी दुनिया से हर भारतीय को सुरक्षित वापस ले आई। पीएम ने कहा कि आज देश में भाजपा सरकार है, जो ना किसी से दबती है और न किसी के सामने झुकती है। हमारा सिद्धांत है, राष्ट्र प्रथम। भारत को सस्ता तेल मिले, इसके लिए देशहित में फैसला लिया। भारत के किसानों को पर्याप्त खाद मिले, इसलिए देशहित में फैसला

कांग्रेस ने हथियार खरीदने में भी अपना स्वार्थ देखा

लिया। उन्होंने कहा कि आज दुनिया के कितने ही देशों की स्थिति बहुत खराब है। कई देश दिवालिया हो रहे हैं। हमारा एक पड़ोसी, जो आतंक का सप्लायर था, वहां अब आटे की सप्लाई के लिए तरस रहा है। उन्होंने कहा कि ये धरती शूरवीरों और योद्धाओं की धरती है। मैं इस धरती के लोगों को इंडी गठबंधन की सच्चाई बताना चाहता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों तक, कांग्रेस ने भारत के डिफेंस सेक्टर को कमजोर बनाए रखा। ये लोग सेनाओं के लिए हथियार खरीदने में भी अपना स्वार्थ देखते हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश ने देखा कि कैसे इंडी गठबंधन के लोगों ने पूरी ताकत लगा दी कि वायुसेना को राफेल लड़ाकू विमान न मिल सके। कांग्रेस सरकार रही होती, तब तेजस फाइटर प्लेन भी आसमान की बुलंदियां नहीं देख पाता। मोदी ने कहा कि ये भाजपा सरकार है जो हमारी सेनाओं को आत्मनिर्भर बना रही है। भारत की पहचान अब दूसरे देशों को हथियार निर्यात करने वाले देश की बन रही है। पीएम मोदी ने कहा कि हर परिवार के लिए राशन और इलाज का खर्च मायने रखता है। यह देखकर मोदी ने आने वाले 5 वर्ष तक मुफ्त राशन की सुविधा बढ़ा दी है। ये मुफ्त राशन इसलिए, ताकि गरीब के घर का चूल्हा जलता रहे। आयुष्मान योजना ने भी गरीबों के लाखों रुपये खर्च होने से बचाएं हैं। अब मोदी ने गारंटी दी ही कि अब गरीबों के साथ साथ हमारे देश का कोई भी व्यक्ति जो 70 साल से ऊपर का है, उस बुजुर्गों को भी मुफ्त इलाज योजना का लाभ मिलेगा।

अमरोहा केवल ढोलक नहीं, देश का डंका भी बजाता हैः प्रधानमंत्री

अमरोहा। अमरोहा केवल ढोलक ही नहीं, देश का डंका भी बजाता है। क्रिकेट की दुनिया और वर्ल्ड कप में भाई मोहम्मद शामी ने जो कमाल किया, वो पूरी दुनिया ने देखा है। क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के लिए केंद्र सरकार ने उन्हें अर्जुन अवार्ड से नवाजा है और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार यहां के युवाओं के लिए स्टेडियम भी बनवा रही है। यह बात यूपी के अमरोहा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कही। देश में लोकसभा चुनाव का आगाज शुक्रवार से शुरूआत हो गया है। पहले चरण का मतदान जारी है। इसी बीच यूपी के अमरोहा में दौरे पर पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने एक चुनावी जनसभा की शुरूआत राम-राम से की। उन्होंने कहा कि आज पहले चरण का मतदान हो रहा है। उन्होंने कहा आज ये लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव का बहुत बड़ा दिन है। मेरा सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि संविधान से मिले इस अधिकार का उपयोग जरूर करें। पीएम मोदी ने कहा कि विशेषकर मैं अपने युवाओं से कहना चाहूंगा जो पहली बार वोट डालने जा रहे हैं कि वे ऐसा मौका हाथ से ना जाने दें, वो जरुर वोट करें। पीएम मोदी ने कहा कि अमरोहा की एक ही थाप है-कमल छाप और अमरोहा का एक ही स्वर है–फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने आगे कहा कि अमरोहा केवल ढोलक ही नहीं, देश का डंका भी बजाता है। क्रिकेट की दुनिया और वर्ल्ड कप में क्रिकेटर भाई मोहम्मद शामी ने जो कमाल किया, वो पूरी दुनिया ने देखा है। मोहम्मद शामी का क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है जिसके लिए केंद्र सरकार ने उन्हें अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया है और यूपी की योगी सरकार यहां के युवाओं के लिए स्टेडियम का निर्माण करवा रही है।

पति-पत्नी के शासन में बिहार था बदहाल

हमलोगों ने बिहार के विकास के लिए किया काम : मुख्यमंत्री

एजेंसी। भागलपुर

भागलपुर के रंगरा प्रखंड के तिनटंगा में भागलपुर से जदयू उम्मीदवार अजय मंडल के प्रचार के लिए शुक्रवार को आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हमलोगों ने बिहार के विकास के लिए काम किया है। कुछ लोग पत्नी, बेटा और बेटी को आगे बढ़ा रहें हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे लोग गड़बड़ कर रहे थे इसलिए उन लोगों को हटा दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 से पूर्व 15 वर्ष तक पति-पत्नी ने मिलकर बिहार में राज किया था। उन लोगों के कार्यकाल में शाम होते ही लोग घर में कैद हो जाते थे। उस समय कहीं रोड नहीं था। शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल हुआ करती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबसे पहले शिक्षा के क्षेत्र में हमने काम किया। छात्राओं को पोशाक तथा स्कूल जाने के लिए साइकिल दिया गया। उसके बाद सड़कों का निर्माण किया। महिलाओं को स्नातक पास करने पर सरकार की ओर से 50 हजार रुपये दिए जाते हैं। सीएम ने कहा कि पंचायत चुनाव एवं नगर निकाय चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। शिक्षक और पुलिस की नौकरी में भी

आरक्षण दिया गया। स्वयं सहायता समूह को आगे बढ़ाने के लिए विश्व बैंक से कर्ज लिया। इसको विस्तार करके इसका नाम जीविका किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब शहरी क्षेत्र में भी इसे लागू किया जायेगा। इससे महिलाओं का जीवन स्तर काफी ऊपर हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रति माह 11 हजार लोगों का इलाज किया जाता है। मुख्यमंत्री ने भागलपुर में 1989 में हुए दंगा की चर्चा करते हुए कहा कि दंगे में अल्पसंख्यकों की क्या हालत हुई थी। दंगा की जांच करवाकर दोषियों को सजा दिलवाई गई। प्रत्येक पीड़ित परिवार को पांच हजार रुपये महीना दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मदरसों को सरकारी किया गया। कब्रिस्तान की घेराबंदी की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब एक लाख कब्रिस्तान की और घेराबंदी की जायेगी। मुख्यमंत्री ने 60 वर्ष पुराने मंदिर के जीर्णोद्धार की बात कही। कार्यक्रम में उदय कांत मिश्रा, पूर्व मंत्री राज्यसभा सदस्य संजय झा, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, गोपालपुर विधानसभा के विधायक गोपाल मंडल, बिहपुर विधानसभा के विधायक इंजीनियर कुमार शैलेंद्र, विधायक ललन पासवान, पूर्व सांसद शैलेश कुमार, राज्यसभा सदस्य कहकशां परवीन, पूर्व सांसद अनिल यादव, लोजपा जिला अध्यक्ष अवधेश पासवान, विपिन बिहारी सिंह, भोला मंडल साकेत बिहारी आदि मौजूद थे। उल्लेखनीय हो कि लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में भागलपुर में भी वोटिंग होनी है।

ख़ास ख़बर

15 मिनट इंतजार के बाद संघ प्रमुख भागवत ने किया मतदान

नागपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार सुबह रेशिमबाग के पास एक मतदान केंद्र पर मतदान किया। सबसे पहले मतदान केंद्र पहुंचे भागवत ने मतदान शुरू होने से पहले लगभग 15 मिनट तक वोट डालने का इंतजार किया। वह अपना

वोट डालने के लिए अंदर गए और उसके तुरंत बाद बाहर निकले और गर्व के साथ अपनी स्याही लगी उंगली को दिखाया। उन्होंने मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि आज अपना पहला व्यक्तिगत कर्तव्य निभाया है। उन्होंने सभी लोगों से एक नागरिक के रूप में अपना वोट डालने का आह्वान करते हुए कहा, यह उनका अधिकार भी है और कर्तव्य भी है।सभी लोगों को राष्ट्र के हित में मतदान करना चाहिए। आप अपने वोट के माध्यम से, अगले पांच वर्षों के लिए देश का भविष्य तय करते हैं। 100 प्रतिशत मतदान होना चाहिए, इसलिए देशहित में सभी को मतदान अवश्य करना चाहिए। नागपुर में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी इंडिया-एमवीए-कांग्रेस उम्मीदवार विकास ठाकरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। लोकसभा चुनाव का पहला चरण पांच निर्वाचन क्षेत्रों- नागपुर, चंद्रपुर, भंडारा-गोंदिया, रामटेक (एससी) और गढ़चिरौली-चिमूर (एसटी) में सुबह 7 बजे शुरू हुआ।

नौसेना के नए चीफ होंगे दिनेश कुमार त्रिपाठी

नई दिल्ली। नौसेना उप प्रमुख वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी को नए नौसेना प्रमुख नियुक्त किया गया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार वॉइस एडमिरल त्रिपाठी 30 अप्रैल को नौसेना प्रमुख का कार्यभार संभालेंगे। उसी दिन मौजूदा नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि



कुमार सेवानिवृत हो रहे हैं। करीब 40 साल के कार्यकाल में वीए त्रिपाठी कई अहम जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं। खास बात है कि त्रिपाठी ऐसे समय पर पद संभाल रहे हैं, जब भारतीय युद्धपोत हूती विद्रोहियों की बढ़ी हुई गतिविधियों के बीच सक्रिय हैं। अब तक भारतीय युद्धपोतों ने ऐसी 20 घटनाओं का जवाब दिया है। इधर, चीन भी भारतीय समुद्र क्षेत्र में गतिविधियां तेज कर रहा है और पाकिस्तान के साथ उसकी मिलीभगत भी भारत के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। वॉइस एडमिरल त्रिपाठी का जन्म 15 मई 1964 में हुआ था और उन्हें एक जुलाई 1985 में नौसेना में कमीशन मिला था। उन्हें संचार के क्षेत्र तथा इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर में विशेष महारत हासिल है। उन्होंने आईएनएस विनाश, आईएनसएस कर्चि और आईएनएस त्रिशूल जैसे युद्धपोतों की कमान संभाली है। वॉइस एडमिरल त्रिपाठी को उल्लेखनीय तथा सराहनीय सेवा के लिए अति विशिष्टि सेवा पदक तथा नौसेना पदक से सम्मानित किया जा चुका है। इससे पहले दिनेश त्रिपाठी ने वेस्टर्न नेवल कमांड में फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ का पदभार संभाला था।

रक्षा के क्षेत्र में ताकतवार हुआ भारत, आत्मनिर्भर भारत मुहिम का दिख रहा असर

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत की सीमाएं चीन और पाकिस्तान से लगती हैं। दोनों पड़ोसी देशों के मंसूबे भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण हैं, यह देखकर भारत अपनी सीमाओं को और मजबूत बनाने में जुटा है। साथ ही अपने सैन्य क्षमताओं का लगातार विकास भी कर रहा है, ताकि जवानों को अत्याधुनिक उपकरण मुहैया करा सके। भारत की ओर से डिफेंस क्षेत्र में लगातार भारी-भरकम निवेश किया जाता रहा है। अब मोदी सरकार के प्रयासों के नतीजे सामने आने लगे हैं। आत्मनिर्भर भारत मुहिम ने रफ्तार पकड़ ली है। अब भारत में वॉर प्लेन (लड़ाकू विमान) के इंजन और बख्तरबंद वाहनों का निर्माण होगा। इससे न केवल भारत का सुरक्षा तंत्र मजबूत होगा, बल्कि आयात पर खर्च होने वाले विदेशी मुद्रा की भी बचत होगी। दरअसल, अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने सांसदों से कहा कि भारतीय वायुसेना के लिए मिलकर लड़ाकू विमानों के इंजन बनाने के वास्ते भारत और अमेरिका के बीच हुआ समझौता क्रांतिकारी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले वर्ष जून में अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर गए थे और उसी दौरान इस ऐतिहासिक समझौते की घोषणा की गई थी। जनरल इलेक्ट्रिक ने भारतीय वायुसेना के लिए लड़ाकू विमानों के इंजन बनाने के लिए 'हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स' के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री ऑस्टिन ने बताया कि अमेरिका के भारत के साथ बेहतरीन संबंध हैं।

उन्होंने कहा, 'हमने हाल में भारत को विमान के इंजन बनाने में मदद की और यह एक तरह की क्रांति है। इससे भारत की क्षमता बढ़ेगी। हम भारत के साथ मिलकर एक बख्तरबंद वाहन का भी निर्माण कर रहे हैं। एलसीए तेजस मार्क 1एकी पहली सफल उड़ान बेंगलुरु के एचएएल फैसिलिटी में पूरी हुई। यह फाइटर एयरक्रॉफ्ट अपनी पहली उड़ान के दौरान 18 मिनट तक हवा में रहा। तेजस मार्क 1ए आधुनिक और 4प्लस जेनेरेशन का फाइटर एयरक्रॉफ्ट है। इसमें हवा में फ्यूल भरा जा सकता है, जिससे इसकी क्षमता और बढ़ जाती है।

ब्रह्मोस मिसाइल फिलीपींस रवाना, दो साल पहले हुआ था समझौता

नई दिल्ली। भारत की ब्रह्मोस मिसाइल जिसका दुनिया लोहा मान चुकी है। भारत ने फिलीपींस को ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइलों की आपूर्ति शुरू कर दी है। इसके तहत ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइलों का पहले सेट फिलीपींस रवाना कर दिया गया है। भारत-फिलीपींस के बीच 2022 में इस हथियार प्रणाली को लेकर 375 मिलियन अमेरिकी डॉलर का सौदा हुआ था। भारतीय वायुसेना (आईएएफ) मिसाइलों के साथ अपना सी-17 ग्लोबमास्टर मालवाहक विमान फिलीपींस भेज रही है। मिसाइलों को फिलीपीन मरीन कॉर्प्स को सौंपा जाएगा। सूत्रों ने बताया कि हथियार प्रणालियों को समुद्री मार्ग से भी पहुंचाया गया, जहां मालवाहक जहाजों को किराए पर लिया गया था। उन्होंने बताया कि मिसाइलों के साथ ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल प्रणाली के लिए जमीनी प्रणाली का निर्यात पिछले महीने ही शुरू हो गया था। फिलीपींस को यह मिसाइल प्रणाली ऐसे समय दी जा रही है, जब दक्षिण चीन सागर में झड़पों के कारण फिलीपींस का चीन के साथ तनाव बढ़ रहा है। ब्रह्मोस मिसाइल को फिलीपींस अपने तटीय क्षेत्रों में तैनात करेगा, ताकि क्षेत्र को खतरों से बचाया जा सके। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और रूसी संघ के एनपीओ माशिनोस्ट्रोयेनिया के बीच संयुक्त उद्यम ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल को दुनिया के सबसे सफल मिसाइल कार्यक्रमों में से एक माना जाता है।

पहले चरण में 5 बजे तक करीब 60 प्रतिशत मतदान

अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में क्रमशः 55.23 और 52.73 प्रतिशत मतदान

एजेंसी। नई दिल्ली

देश में लोकतंत्र का उत्सव जारी है और पहले चरण में देशभर में मतदाता बड़ी संख्या में वोट डाल रहे हैं। शाम 5 बजे तक 60 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल और असम में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। पहले चरण में सभी 21 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में मतदान सुचारु और शांतिपूर्वक चल रहा है। आज सुबह 7 बजे 102 संसदीय क्षेत्रों में एक साथ मतदान शुरू होने पर मतदान केंद्रों पर लंबी कतारों में खड़े मतदाताओं को वोट देने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते हुए देखा गया। यह क्रम देर शाम तक जारी है। चुनाव आयोग के अनुसार पहले चरण में शाम 5 बजे तक अरुणाचल प्रदेश की सभी दो सीटों पर 64.07, असम की 14 सीटों पर 70.77, बिहार की चार सीटों पर 46.32, छत्तीसगढ़ की 11 सीटों पर 63.41, मध्य प्रदेश की छह सीटों पर 63.25, महाराष्ट्र की पांच सीटों पर 54.85, मणिपुर की दो सीटों पर 68.62, मेघालय की सभी दो सीट पर 69.91, मिजोरम की एक सीट पर 53.96, नगालैंड की एक सीट पर 56.18, राजस्थान की 12 सीट पर 50.27, तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर 62.08, त्रिपुरा की एक सीट 76.10, उत्तर प्रदेश की आठ 57.54, लक्षद्वीप की एकमात्र सीट पर 59.02, पुडुचेरी की एकमात्र सीट

पर 72.84, उत्तराखंड की सभी पांच सीटों पर 53.56, पश्चिम बंगाल की तीन सीट पर 77.57, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की एकमात्र पर 56.87 और जम्मू-कश्मीर की एक सीट 65.08 प्रतिशत मतदान हुआ है। चुनाव आयोग के अनुसार आज मतदान केंद्रों के दृश्यों में समावेशी चुनाव सुनिश्चित करने के प्रयासों के सफल परिणाम देखने को मिले। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने की खुशी से झूमते हुए देश भर के मतदान केंद्रों पर आए। दक्षिण अंडमान में स्ट्रेट द्वीप से ग्रेट अंडमानी जनजाति ने भी उत्साहपूर्वक मतदान में भाग लिया। पश्चिम बंगाल में हिंसा की कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान काफी हद तक शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से जारी है। हालांकि सूबे में कूचबिहार और जलपाईगुड़ी में कुछ स्थानों पर भाजपा और टीएमसी के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक छड़पें और उनके कार्यालयों में तोड़फोड़ होने की सूचना है। उधर, पूर्वोत्तर के मणिपुर के मैरांग केंद्र पर गोलीबारी की घटना हुई। यहां दो गुटों के बीच यह टकराव हुआ लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि, इस टकराव के कारण यहां एक घंटे तक मतदान रोकना पड़ा। छत्तीसगढ़ में वामपंथी उग्रवाद क्षेत्रों में भी छिटपुट घटनाओं के छोड़कर शांतिपूर्ण मतदान हो रहा है। हालांकि बीजापुर के गलकम के मतदान केंद्र के बाहरी इलाके में यूबीजीएल सेल विस्फोट की चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी जवान देवेन्द्र कुमार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एक अन्य घटना में बीजापुर के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के चेहका मतदान केंद्र के पास सर्चिंग के दौरान आईईडी विस्फोट से सीआरपीएफ असिस्टेंट कमांडेंट मनु एचसी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें रायपुर के नारायण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के लिए 55.23 प्रतिशत और सिक्किम विधानसभा के लिए 52.73 प्रतिशत मतदान हुआ है। उपचुनाव की बात की जाए तो तमिलनाडु की एक विल्वनकोड सीट पर 45.43 और त्रिपुरा की रामनगर सीट पर 56.68 प्रतिशत मतदान हुआ है। आयोग ने मतदान को सुखद और यादगार अनुभव में बदलने पर विशेष जोर दिया है। पानी, शेड, शौचालय, रैंप, स्वयंसेवक, व्हीलचेयर और बिजली जैसी सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं मौजूद हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बुजुर्गों और विकलांग व्यक्तियों सहित प्रत्येक मतदाता आसानी से अपना वोट डाल सकें। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। आयोग की ओर से 41 हेलीकॉप्टर, 84 विशेष ट्रेन और करीब एक लाख चार पहिया वाहन तैनात किए गए हैं। जो मतदान केन्द्रों पर अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों की आवाजाही सुनिश्चित करेंगे। आयोग के अनुसार करीब 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों की वेब कास्टिंग की जा रही। 661 पर्यवेक्षक तैनात हैं। इनमें 127 सामान्य पर्यवेक्षक, 67 पुलिस पर्यवेक्षक और 167 व्यय पर्यवेक्षक हैं। ये चुनाव आयोग की आंख, कान और नाक की भूमिका निभायेंगे। अंतरराज्यीय सीमाओं पर 1375 और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 162 चेक पोस्ट बनाई गई हैं, ताकि अवैध सामग्री की आवाजाही न हो।

अध्ययनः बदलती जलवायु परिवर्तन से आतंकी भी परेशान, नहीं मिल रही छिपने की जगह

एजेंसी। नई दिल्ली

बड़ी-बड़ी इमारतें, कटते पेड़, कांक्रीट की सड़कें, वायु प्रदूषण ऐसी कई चीजों से हमारी धरती का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। लेकिन हम सिर्फ अपनी ख्वाइशें पूरी करने के चक्कर में दिन ब दिन बीमारियों और प्राकृतिक आपदातों को झेलने की मजबूर हैं। इन सभी के चलते आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन को लेकर परेशान है। जलवायु परिवर्तन को लेकर वैज्ञानिक पूरे विश्व को चेतावनी देते हैं। हाल ही में एडिलेड और रटगर्स विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने खुलासा किया है कि उग्रवादियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले क्षेत्रों में जलवायु में इतनी तेजी से बदलाव आया है कि वो अब

उनके छिपने लायक नहीं रह गए हैं। इसकी वजह से उन्हें दूसरे क्षेत्रों की ओर रुख करने को मजबूर होना पड़ा है। शोध के नतीजे एक रिसर्च में सामने आए हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में आतंकवादी घटनाओं को लेकर एक अध्ययन किया है। इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने भू-स्थानिक विश्लेषण के माध्यम से जलवायु कारकों और आतंकवाद के बीच संबंधों की जांच की है। उसमें सामने आए नतीजों के मुताबिक तापमान, वर्षा और ऊंचाई भारत में आतंकवादी गतिविधियों को प्रभावित करते हैं। इसमें कहा है कि तापमान, बारिश और ऊंचाई आतंकवादी गतिविधियों के बदलते पैटर्न से जुड़े हैं। शोध के पाया गया कि नए क्षेत्रों में आतंकवादियों का जाना बदलता मौसमी भी था। जलवायु परिवर्तन के बढ़ते दुष्प्रभावों का संबोधित करना न केवल पर्यावरण से जुड़ा मुद्दा है, बल्कि यह सीधे तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा है। गौरतलब है कि यह अध्ययन 1998 से 2017 के बीच भारत में हुई आतंकवादी गतिविधियों पर केंद्रित था। इस दौरान वैश्विक आतंकवाद डेटाबेस ने भारत में आतंकी हमलों की 9,096 घटनाएं दर्ज कीं थी।

राहुल की सलाह, बोले- नफ़रत को हराकर खोलिए 'मोहब्बत की दुकान'

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी एक वीडियो जारी करके कई बड़े संदेश दिए हैं। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा वोट करने की अपील करते हुए कहा कि ये आम चुनाव नहीं है बल्कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है, जिसमें आप जैसे बब्बर शेर कार्यकर्ताओं के ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। ऐसा इसलिए क्योंकि कांग्रेस पार्टी की सोच और विचारधारा आपके अंदर है, आपकी रगों में है। इसलिए आप बाहर निकलिए और पिछले 10 साल में देश की आत्मा को दिए गए ज़ख्मों पर अपने 'वोट का मरहम' लगाकर लोकतंत्र को मजबूत कीजिए। नफ़रत को हरा कर खोल दीजिए हर कोने में 'मोहब्बत की दुकान'। लोकसभा चुनाव के लिए आज शुक्रवार को 102 संसदीय क्षेत्रों में वोट डाले जा रहे हैं। इस अवसर पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की है। राहुल गांधी ने मतदाताओं से अपील में कहा, याद रहे, आपका एक-एक वोट भारत के लोकतंत्र और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य तय करने जा रहा है। 21 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेश की 102 सीटों पर वोट डाले जा रहे हैं।

ईरान पर हुआ इजराइली हमला

तेलअवीव। युद्ध की आशंकाओं के बीच खबरें हैं कि इजरायल मिसाइलों ने ईरान में हमला कर दिया है। इसके चलते ईरान के ईसाफहान शहर के एयरपोर्ट पर जबरदस्त धमाका सुना गया। हालांकि, इसकी वजह अब तक साफ नहीं हो सकी है। खास बात है कि ईसफहान में कई न्यूक्लियर साइट मौजूद हैं। कुछ दिन पहले ही ईरान ने भी इजरायल के खिलाफ कार्रवाई की थी। बीते दिनों ईरान ने इस्राइल पर 300 से ज्यादा मिसाइलों और ड्रोन्स से हमला किया था। हालांकि ये मिसाइलें और ड्रोन्स इस्राइल की हवाई सुरक्षा को नहीं भेद पाईं थी। दरअसल ईरान के दमिश्क स्थित दूतावास पर हमला हुआ था। इस हमले में ईरान की सेना के दो शीर्ष कमांडर्स समेत सात लोगों की मौत हुई थी। ईरान ने इस हमले का आरोप इस्राइल पर लगाया था। इसी हमले के जवाब में ईरान ने इस्राइल पर हमला किया था। हमले के बाद ईरान ने चेतावनी दी थी कि अगर इस्राइल ने उन पर हमला किया तो वे और ताकत के साथ पलटवार करेंगे। अमेरिका के शीर्ष अधिकारियों के हवाले से अमेरिकी मीडिया ने यह जानकारी दी है। ईरान के एयरपोर्ट पर तेज धमाके की आवाज सुनी गई है। ईरान की मीडिया ने भी दावा किया है कि ईरान के शहर इसाफान के एयरपोर्ट में धमाके की आवाज सुनी गई है।

संक्षिप्त समाचार

आज हुए चारो लोकसभा क्षेत्रों के चुनाव में राजद की जीत सुनिश्चित

पटना। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन आज हुए चारो लोकसभा चुनाव क्षेत्रों में राजद को दिए जबरदस्त समर्थन के लिए मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए चारो सीटों पर राजद की जीत को सुनिश्चित बताया है। उन्होंने कहा कि चारो क्षेत्रों के कुल 7903 मतदान केन्द्रों से मिले फीडबैक के अनुसार राजद अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से काफी मतों के अन्तर से चुनाव जीतने जा रही है। राजद प्रवक्ता ने कहा राजद के प्रदेश कार्यालय से गया , नवादा ,औरंगाबाद और जमुई के एक-एक बुथ पर उपस्थित अपने कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेने से जो स्थिति सामने आई है उससे यह स्पष्ट हो गया है कि चारो लोकसभा चुनाव क्षेत्रों में राजद को सभी वर्गों का भरपूर समर्थन मिला है और विपक्षी उम्मीदवारों को मतदाताओं ने सीधे तौर पर खारिज कर दिया है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि बिहार की जनता तेजस्वी जी में बिहार का भविष्य देख रही है। आज मतदान केन्द्रों पर नौजवानों और महिला मतदाताओं में राजद के प्रति गजब का उत्साह देखने को मिला। एनडीए सरकार के दस वर्षों के शासन के प्रति लोगों में काफी आक्रोश है। एनडीए नेताओं के जुमलेबाजी से लोग उब चुके हैं। मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों की वजह से बेरोजगार नौजवानों में बेचैनी है। गाँवों में 83 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं। किसान त्रस्त है। महंगाई से छात्र, युवा और महिला सभी परेशान हैं। देश के हालात इतने बदतर है कि 80 करोड़ लोग आज गरीबी की मार झेल रहा है। तेजस्वी जी द्वारा सत्रह महिने के कार्यकाल में किए गए कामों से लोग काफी प्रभावित हैं। वहीं एनडीए नेताओं को अपनी चुनावी सभाओं में जनता से जुड़े मुद्दों पर बोलने के लिए कुछ है हीं नहीं। राजद प्रवक्ता ने कहा कि आज तो केवल शुरुआत है आगे वाले छः चरणों में जीत का फासला और भी बढ़ेगा और बिहार के चालीस सीटों पर इंडिया गठबंधन की ऐतिहासिक जीत होगी।

देशवासियों के दिल से उतर चुकी हैं बीजेपी : सुमन मल्लिक

पटना। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुमन कुमार मल्लिक ने कहा की देश में हो रहें लोकसभा चुनाव के पहले चरण में कांग्रेस के साथ ही 'इंडिया गठबंधन' के सभी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित हैं। श्री मल्लिक ने खुशी जताते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण में जिस तरह से सभी लोग लोकतंत्र के इस उत्सव में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाए, ये अत्यंत ही सराहनीय हैं। दूसरी ओर, श्री मल्लिक ने लोकसभा चुनाव में भाजपा व एनडीए गठबंधन का खाता नहीं खुलने का दावा करते हुए कहा कि देश के मतदाता इस बार 'इंडिया गठबंधन' के प्रत्याशियों को ही मौका देंगे। उन्होंने कहा की यह चुनाव का परिणाम देश की दिशा और दशा तय करेगा। उन्होंने कहा की देशवासी देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी जैसे अनेकों मुद्दे से बेहद त्रस्त हैं और वे अब इस चुनाव में बदलाव चाहती हैं। श्री मल्लिक ने कहा की समस्त देशवासी को अच्छे तरह से मालूम है कि केंद्र में किसकी सरकार बनानी हैं। उन्होंने कहा की जनता यह जानती है की सिर्फ 'कांग्रेस' और 'इंडिया गठबंधन' के सरकार में ही देश का चहुँमुखी विकास हो सकता हैं। उन्होंने कहा की लोकसभा चुनाव के परिणाम उम्मीद से भी ज्यादा अप्रत्याशित होंगे। श्री मल्लिक ने कहा की 04 जून को चुनाव के नतीजे आने के बाद कांग्रेस बीजेपी को क्लीन स्वीप करेगा और देश में 'इंडिया गठबंधन' के नेतृत्व में सरकार का गठन होगा।

समाजवाद की पाठशाला है समस्तीपुर, फर्जी समाजवादियों का मंसूबा यहाँ कामयाब नहीं होगाः उमेश

पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा शुक्रवार को समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र की एनडीए प्रत्याशी शांभवी चौधरी एवं बेगुसराय लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी गिरिराज सिंह के नामांकन समारोह में शामिल हुए। दोनों जगहों पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने स्थानीय जनता से एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में वोट करने की अपील की। श्री कुशवाहा ने कहा कि भारत रत्न जननायक कपूरी ठाकुर की जन्म और कर्म भूमि समस्तीपुर असली समाजवाद की पाठशाला है। यहाँ की जागरूक जनता सही और गलत के हर पहलू से अवगत है। समस्तीपुर की जनता भलीभाँति इस बात को समझती है कि विकसित भारत और विकसित बिहार के संकल्प को पूरा करने के लिए मोदी-नीतीश की जोड़ी कितनी आवश्यक है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राजद के शासन में पूरे बिहार में भय और असुरक्षा का माहौल होता था। आम जनता की बात छोड़िए, बड़े-बड़े अधिकारी और नेता भी खुद को असुरक्षित महसूस करते थे। 15 सालों तक बिहार की जनता को बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जीवन बसर करना पड़ा। स्वास्थ्य और शिक्षा की चैपट स्थिति थी लेकिन आज हमारा बिहार सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाला अर्थव्यवस्था बना है। श्री नीतीश कुमार ने जब बिहार का कमान संभाला तो उन्होंने हर घर बिजली,पानी और शौचालय की सुविधाएं पहुंचायी। टोले और मोहल्लों में पक्की सड़के बनवाई जिससे आवगमन की सुविधाएं बेहतर हो। श्री नीतीश कुमार ने विगत 18 वर्षो में न्याय के साथ समावेशी विकास का बेजोड़ उदारहण देश-दुनिया के सामने पेश करने का काम किया हैं और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सहयोग से बिहार विकास के नित-नए आयाम तय कर रहा है।

पहले चरण में एनडीए का हो गया सफाया : भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि बिहार सहित पूरे देश में पहले चरण का लोकसभा चुनाव सम्पन्न हो गया। पहले चरण के चुनाव में ही भाजपा गठबंधन की हवा निकल गई है। देश की जनता ने महंगाई, तानाशाही और फासीवाद के खिलाफ वोट किया है। बिहार की चारों लोकसभा सीटों गया, औरंगाबाद, नवादा और जमुई में महागठबंधन समर्थित राजद उम्मीदवार की जीत हो रही है। राजग अपने में ही बटा हुआ है तो महागठबंधन एकजुट है।भाकपा राज्य सचिव ने कहा ज्यों ज्यों चुनाव का चरण बढ़ेगा त्यों त्यों भाजपा की बौखलाहट भी बढ़ेगी। क्योंकि केंद्र की सत्ता से भाजपा की विदाई तय हो गई।जनता भावना पर नहीं मुद्दों पर वोट कर रही है। मोदी की गारंटी पानी पर लिखाई के समान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में जो वादे किए, वो कभी नहीं निभा पाये। युवाओं को प्रत्येक साल दो करोड़ नौकरी नहीं मिली। गरीबों के खाते में 15-15 लाख रुपये नहीं मिले। किसानों की आमदनी दो गुनी नहीं हुई। सभी गरीबों को पक्का घर नहीं मिला। मंहगाई कम नहीं हुयी बल्कि सभी आवश्यक वस्तुओं की कीमत कई गुना बढ़ गई। आम जनता मंहगाई और बेरोजगारी से परेशान है।

जदयू के सवाल, का जवाब देने की हिम्मत कब दिखायेंगे युवराज : राजीव

पटना। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने आज एपने एक्स हैंडल के जरिये तेजस्वी यादव को घेरते हुए उनसे कई सवाल पूछे हैं। अपने पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि जंगलराज के युवराज पर राहुल गाँधी का रंग इतना अधिक चढ़ गया है कि उन्हीं की तरह वह भी सीना ठोक कर झूठे बयान देने लगे हैं। जनता से झूठे वादे करने में तो उन्होंने अपनी ही पार्टी का रिकॉर्ड तो तोड़ा ही है और अब उन्हें नीतीश सरकार के कामों का झूठा श्रेय लेने में भी शर्म नहीं आ रही है। उन्होंने लिखा कि राहुल गांधी की तरह तेजस्वी भी हिट एंड रन वाले राजनीतिक सूरमा बन गये हैं। अपनी हर सभा में वह दूसरों से खूब सवाल पूछते हैं, लेकिन खुद से पूछे गये सवालों का जवाब देने में उनके पसीने छूट जाते हैं। वह बताएं कि लोगों के मन में उठ रहे प्रश्नों का जवाब देने की हिम्मत वह कब दिखायेंगे? क्या उनके राजनीतिक गुरुओं ने उन्हें जवाब देने की ट्रेनिंग नहीं दी है? सवाल पूछते हुए उन्होंने लिखा है कि जगह जगह घूम कर नौकरी देने का ढ़ोल पीट रहे तेजस्वी को बताना चाहिए कि क्या उन्हें नहीं पता कि नीतीश कुमार ने अपने निश्चयों के तहत 2020 की एनडीए सरकार में ही 10 लाख नौकरी व 10 लाख रोजगार देने की घोषणा करके इन बहालियों की प्रक्रिया शुरू करवा चुके थे।

पटना के किशोर हो रहे है नशे के शिकारः प्रेम कुमार

नई सोच एक्सप्रेस

पटना – मुँह का कैंसर का मुख्य कारण है तंबाकु का सेवन बिहार में 80 प्रतिशत लोग तंबाकु का सेवन करते है जिसमें खैनी, बीड़ी,सिगरेट, गुटका, गाँजा का सेवन करते है । सबसे हैरत तो अब हो रहा है कि कुछ परिवार तो ऐसे है जिसमें पूरा का पूरा परिवार ही गंजेड़ी है । फाउंडेशन के एक सर्वे में खुलासा हुआ कि स्कूल और कॉलेज के छात्र भी तंवकु के चपेट में आते जा रहे है । फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने बताया कि तंबाकु के उत्पादन और उपयोग पर पूर्ण रूप से पावंदी लगाने की जरूरत है । सामाजिक संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण है । सरकार पावंदी लगाती है इससे सिर्फ पुलिस की कमाई बढ़ जाता है । गुटका और शराब पर पावंदी के बाद भी सब जगह मिल रहा है । नशा मुक्ति के लिए जन आंदोलन चलाने की जरूरत है ।नशा हर तरह के अपराध की जननी है . आजकल का युवा वर्ग पहले तो फ़ैशन के तौर पर नशीले पदार्थ का प्रयोग शुरू करता है लेकिन बाद में जाकर यह आदत बन जाती है . नशे की आदत मौत को दावत देकर बुलाने के बराबर है इसलिए ख़ासकर युवा वर्ग को नशे से बिल्कुल परहेज़ करना चाहिए । उन्होंने कि गुटखा, खैनी, तम्बाकू के सेवन से हर साल लाखों नौजवान बेमौत मारे जा रहे हैं . नशा बर्बादी का कारण है जिसका ख़ात्मा आपसी सहयोग के बल पर ही सम्भव है ।छात्र युवाओं के साथ साथ आम नागरिकों से भी आह्वान किया कि वे नशा विरोधी मुहिम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें और समाज को नशामुक्त बनाने में अपनी सशक्त भूमिका अदा करें . इस के मौके उन्होंने नशे से होने वाली हानियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए इसके ख़िलाफ़ अपने अपने घर से ही जंग शुरू करना होगा । स्कूली छात्र और किशोर धड़ल्ले से नशा के गिरफ्त में फस रहे है । पटना पुलिस ये सबसे बेखबर है । इस अवसर पर राजीव कुमार,राउंसि कुमार,हिमांशू शर्मा, सन्नी कुमार,त्रिलोकीनाथ मेहता,साहिल कुमार,विशाल कुमार,रवि कुमार, हीरालाल कुमार,तनिष्क राज, सुधांशू राज, अभय झा समेत दर्जनों कार्यकर्ता एवं शिक्षाविद उपस्थित थे ।

पहले चरण की चार सीटों पर 48.23 प्रतिशत मतदान

नई सोच एक्सप्रेस

• 2019 की तुलना में 5 प्रतिशत कम मतदान

पटना। बिहार में लोकसभा चुनाव के पहले चरण की चार सीटों पर चुनाव के लिए वोटिंग खत्म हो गई है। जो जानकारी सामने आई है, उसके अनुसार सभी चारों सीटों पर पिछली बार की तुलना में वोटों का प्रतिशत पांच प्रतिशत कम रहने की बात कही जा रही है। शाम छह तक बिहार में 48.23 फीसदी वोटिंग हुई है। जिसमें सबसे ज्यादा गया में 52 फीसदी वोटिंग हुई है। सबसे बुरा हाल नवादा का बताया जा रहा है जहां मतदान खत्म होने तक 41 परसेंट वोट पड़ने की बात कही जा रही है। जबकि 2019 में नवादा में 52.50 फीसदी वोट पड़े थे। अब चार जून को वोटों की गिनती के बाद प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार एचआर श्रीनिवास ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रथम चरण का पोलिंग समाप्त हो गया है। 7903 मतदान केंद्र में मतदान हुआ, अभी भी कुछ मतदान केंद्रों पर मतदान हो रहा है। एचआर श्रीनिवास ने कहा कुछ नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 5 पोलिंग पार्टी को ड्रॉप करने के लिए वायु सेना के हेलीकॉप्टर का प्रयोग किया गया। सात मतदान केंद्र ऐसे रहे, जहां पर वोटिंग का बहिष्कार किया गया और इन मतदान केंद्रों पर ना के बराबर मतदान हुआ।उन्होंने कहा कि बिहार के चार सीटों पर सुबह सात बजे से वोटिंग शुरू हुई थी। लेकिन चुनाव को लेकर मतदाताओं का उत्साह न के बराबर था। स्थिति यह थी कि पिछले लोकसभा चुनाव के बराबर भी वोटिंग नहीं हो सकी। जहां नवादा में मतदान खत्म होने तक सिर्फ 41.50 फीसदी हुई, वहां औरंगाबाद में 50 फीसदी वोटिंग हुई है। यहां 2019 में 49.85 फीसदी वोटिंग हुई थी। इसी तरह जमुई में भी पिछली बार की तुलना में चार फीसदी कम वोटिंग हुई है। जहां 2019 में 54 फीसदी लोगों ने अपने मतों का प्रयोग किया था। वहीं इस बार सिर्फ 50 फीसदी लोग ही बूथों तक पहुंच सके। गया सीट की स्थिति भी कुछ खास बेहतर नहीं रही। यहां जीतन राम मांझी खुद कई महीनों से गांव-गांव में सक्रिय थे। माना जा रहा था कि उनके नाम पर वोटर्स बूथों तक पहुंचेंगे। प्रशासन ने भी मतदाताओं को जागरुक करने में कोई कमी नहीं रखी थी। लेकिन इसके बाद भी यहां मात्र 52 फीसदी वोटिंग हुई है। जबकि पिछली बार 56 फीसदी वोटिंग हुई थी।यहां प्रत्याशियों को लेकर वोटरों की नाराजगी खुलकर सामने आई है। कई बूथों पर चुनाव के बहिष्कार के कारण दोपहर तक एक भी वोट नहीं पड़े। कई जगहों पर मतदान केंद्र दूर होने की बात भी कही गई, जिसके कारण मतदाता वहां पहुंच नहीं सके।

मुख्यमंत्री के चुनावी सभा को सफल बनाने के लिए जदयू ने बैठक

नई सोच एक्सप्रेस

• आज मुख्यमंत्री डूमरिया,मनसाही,समेली में करेंगे सभा

कटिहार। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चुनावी सभा को सफल बनाने के लिए जदयू ने तैयारी हेतु बैठक किया। बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चुनावी सभा मध्य विद्यालय डुमरिया के मैदान में 20 अप्रैल को दिन के 11:00 होना तय हुआ है।साथ ही मनसाही एवं समेली में चुनावी सभा एवं रोड शो करेंगे। बैठक में जदयू के सभी प्रकोष्ठ के नेता ने भाग लिया। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष भारती मेहता, पूर्व पथ निर्माण राज्य मंत्री हिमराज सिंह, कदवा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सूरज प्रकाश राय, जदयू महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष आशा सुमन,जदयू नेता रमेश कुमार मंडल, सूरज कुमार राय, पुरुषोत्तम वर्मा सहित एनडीए के नेता ने भाग लिया।बैठक में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का रूपरेखा को अंतिम रूप देने हेतु विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर जदयू महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष आशा सुमन ने कहा कि जिले के सभी प्रखंडों में प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व में अलग-अलग जत्था डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चला रही है। महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारी एवं कर्मचारी पंचायत बार बैठक, संवाद एवं जनसंपर्क अभियान चला रही है। इसमें एनडीए उम्मीदवार लाल चंद्र गोस्वामी के पक्ष में प्रचार प्रसार कर रही है। बैठक में जदयू महिला जिला अध्यक्ष आशा सुमन, उपाध्यक्ष खुशबू देवी, महासचिव मीरा देवी, सचिव राखी देवी,कदवा प्रखंड अध्यक्ष माला देवी, डंडखोरा के अध्यक्ष रेनू चौहान, बारसोई के कल्याणी देवी, अहमदाबाद प्रतिमा देवी, हसनगंज सरिता देवी, बलरामपुर आशा देवी, आजमनगर रुबाब जमी, चमेली नीतू कुमारी, बरारी प्रियंका कुमारी, मनसाही रीना देवी, मनिहारी मनीषा कुमारी, प्राणपुर रश्मिता कुमारी,कटिहार जुली कुमारी, कुर्सेला डैजी कुमारी ने भाग लिया। मुख्यमंत्री के जनसभा को लेकर डीएम एवं एसपी ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में 20 अप्रैल को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रखंड के मध्य विद्यालय डुमरिया के खेल मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। जिसकी तैयारी को लेकर कार्यक्रम स्थल एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं एसपी जितेंद्र कुमार ने जनसभा स्थल का निरीक्षण किया तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हेलीकॉप्टर के लिए बनाए जा रहे हेलीपैड का भी मुयना किया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर डुमरिया मैदान की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। आने जाने वाले राहों में जगह-जगह पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तनाती किया गया है । मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर एनडीए के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखी जा रही है तो वही जनसभा में लोगों को पहुंचने के लिए कार्यकर्ताओं द्वारा जनसंपर्क किया जा रहा है । प्रशासन द्वारा जनसभा स्थल के की ओर आने वाली सभी सड़कों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। कटिहार लोकसभा क्षेत्र से एनडीए की तरफ जदयू प्रत्याशी दुलाल चंद्र गोस्वामी के पक्ष में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जनसभा को संबोधित करेंगे।

सुरों का कारवां में रोटेरियन्स ने जमाई महफिल

नई सोच एक्सप्रेस

पटना : रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम द्वारा रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 के अंतर्गत गाँधी मैदान स्थित होटल द पनाश में सुरों का कारवां कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 के आईएफआरएम के बिहार एवं झारखंड के सदस्यों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके बाद आईएफआरएम के सदस्यों ने एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति दी साथ ही महिलाओं ने मनमोहक नृत्य कर समां बांध दिया। कार्यक्रम में रोटेरिन्स ने जमकर मस्ती की और व्यंजनों का भरपूर लुत्फ़ उठाया। कार्यक्रम के होस्ट रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम के अध्यक्ष चिंतन जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन रोटरी क्लब के सदस्यों के भाग दौर भड़े जिंदगी से रहात दिलाते हुए उन्हें थोड़ा मनोरंजन कराना है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से लोगों का खुब मनोरंजन किया है। मौके पर रोटेरियन आशीष बंका, सोनल जैन, तृषा बंका, सुशील पोद्दार, कविता अग्रवाल, शिवानी अग्रवल, सोनू बंका, अजित अग्रवाल, डॉ. वीणा मुंधरा, सतनाम कपूला, आशीष दास सहित बिहार - झारखंड के सैकड़ो रोटेरियन्स मौजूद रहे।

23 को हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन करेगा हिंदु सेवा समिति

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। हिंदू सेवा समिति बिहार द्वारा मंगलवार 23 अप्रैल को राजधानी पटना के अंतर्गत कंकड़बाग टेंपो स्टैंड चौराहा पर इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव का वृहत आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी प्रेस वार्ता में देते हुए समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल ने बताया कि इसके लिए सभी तैयारियां की जा रही है। शाम 5:00 बजे यह कार्यक्रम प्रारंभ होगा जो रात्रि 10:00 बजे तक चलेगा। अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए महामहिम राज्यपाल, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, बिहार सरकार उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिंह, स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडे, ई नगर विकास मंत्री नितिन नवीन, पटना के सांसद रवि शंकर प्रसाद, पटना की महापौर सीता साहू, उप महापौर रश्मि चंद्रवंशी, स्थानीय विधायक अरुण कुमार सिंह आदि को आमंत्रित किया गया है।कार्यक्रम मैं लोकप्रिय भजन गायिका देवी को आमंत्रित किया गया है साथ ही साथ अन्य कई चर्चित भजन गायको को भी बुलाया गया है। साथ ही साथ इस अवसर पर प्रभु हनुमान से संबंधित झांकियां एवं नृत्य की प्रस्तुति भी होगी। इस अवसर पर पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी जी के दीघार्यु होने की कामना के लिए एक साथ 11000 लोगों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। मौके पर पश्चिम बंगाल के कलाकारों द्वारा हनुमान जी का दरबार भी सजाया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक नीरज कुमार पटेल एवं सहसंयोजक सुजीत यादव ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के लिए दर्जनो तोरण द्वार लगाए जाएंगे तथा अन्य प्रमुख मार्गों पर हनुमान ध्वज भी लगाया जाएगा। इसके लिए राजधानी में दर्जनों होर्डिंग फ्लेक्स लगाया गया है तथा विभिन्न क्षेत्रों में घर-घर जाकर आमजन से इस कार्यक्रम में शामिल होने हेतु आग्रह भी किया जा रहा है।

राजद के लोग भाजपा से लड़ रहे हैं या डर रहे हैं : पप्पू

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण की सबसे हॉट सीट में शुमार पूर्णिया की लड़ाई बेहद दिलचस्प हो चली है। इस सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरे पूर्व सांसद पप्पू यादव पर महागठबंधन खेमे की बड़ी पार्टी के द्वारा वार किया जा रहा है जिस पर पलटवार करते हुए पप्पू यादव ने बिना नाम लिए ट्वीट के जरिए उसे पार्टी पर निशाना साधा और पूछा कि वे भाजपा से लड़ रहे हैं या बीजेपी से डर रहे हैं? उन्होंने ट्वीट के जरिए कहा कि महोदय आप बीजेपी से डर रहे हैं और राहुल गांधी जी भाजपा से लड़ रहे हैं। पप्पू यादव अपने में ट्वीट में लिखा कि कितनी नफरत ईर्ष्या है पूर्णिया से, कितना डर है पूर्णिया के बेटे से। पहले मेरी राजनीतिक हत्या करने की कोशिश की, जब पूर्णिया की जनता ने मुझे बचाया, तो बदहवासी में निजी हमला कर रहे हैं। पप्पू यादव ने इसी ट्वीट में राजद के मंशे पर सवाल उठाते हुए लिखा कि दावा बीजेपी से लड़ने का करते हैं, लेकिन उसके खिलाफ एक शब्द नहीं बोले। उन्होंने पूछा कि महोदय, आप क्या राहुल गांधी जी की मदद करेंगे? आप भाजपा से डर रहे हैं। राहुल गांधी जी भाजपा से लड़ रहे हैं।आपको बता दे कि पप्पू यादव पहले ही कर चुके हैं कि वह इस बार पूर्णिया के लिए चुनाव मैदान में है इसलिए जो लोग भी पूर्णिया के भविष्य की हिफाजत करना चाहते हैं, पूर्णिया के बेटे को अपना आशीर्वाद दें और अगले 5 साल में पूर्णिया की तरक्की को चुने। इसको लेकर पप्पू यादव लगातार पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में लोगों के बीच जा रहे हैं और वहां जाकर अपने लिए जन समर्थन हासिल कर रहे हैं।

भीषण गर्मी के बीच गया और औरंगाबाद में वोटरों में दिख रहा उत्साह, 46..42 प़तिशत हुआ मतदान

नई सोच एक्सप्रेस

गया। लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में बिहार के चार लोकसभा सीट औरंगाबाद 49.95 प़तिशत गया,,48.54 प़तिशत नवादा 40.02 प़तिशत एवं जमुई 47.09 प़तिशथ आज कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान संपन्न हुआ। मतदान का प़तिशत कम रहा। इधर भीषण गर्मी के बावजूद गया और औरंगाबाद में मतदाताओं में वोटिंग को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। झुलसा देने वाली गर्मी के बीच बुथों पर मतदाताओं की लंबी कतार लगी है। लू और ब्यार भी मतदाताओं को रोक पाने में हुई विफल। यहां दोपहर 1 बजे तक जहां 33.99% वोटिंग हुआ था वही तीन बजे तक यह बढ़कर 40 प्रतिशत से उपर पहुंच चुका है और अब यह बढकर, 46.42 हो गई है। नक्सली क्षेत्रों में संध्या 4 बजे ही मतदान संपन्न हो गया। गया और औरंगाबाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यलय के अनुसार औरंगाबाद में 3बजे तक 42.2% वोटिंग हुआ है जो अब बढकर, 55.42 तक पहुँच गया है। वहीँ जिला अधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी अभिषेक कुमार और कान्त शास्त्री ने मतदाताओं से अपील किया है कि ज्यादा से ज्यादा जागरूक होकर मतदान करें।

चारो सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित : जदयू

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। जदयू मीडिया पैनलिस्ट डॉ मधुरेंदु पांडेय ने दावा किया कि पहले चरण के चार लोकसभा क्षेत्रों गया, नवादा, जमुई और औरंगाबाद में संपन्न हुए चुनाव में एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। डॉ पांडेय ने कहा कि विपक्ष को एक भी सीट नहीं मिलेगी। इस लोकसभा चुनाव में मतदान में हिस्सा लेने वाले जनता के प्रति आभार प्रकट करते हुए डॉ पांडेय ने कहा कि लोकतंत्र की यह महापर्व में हिस्सा लेकर जनता ने भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने का काम किया है।उन्होंने राजद नेताओं द्वारा निरंतर अमर्यादित टिप्पणी किए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि राजद नेता अपनी हार को भांपते हुए अपनी मानसिक संतुलन खो बैठा है। जमुई घटना की कड़ी निंदा करते हुए डॉ पांडेय ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव में अगर थोड़ी सी भी राजनीतिक नैतिकता बची हुई है तथा भारतीय संस्कृति और संस्कार का सम्मान करते हैं तो बिना देर किए वे लोजपा नेता चिराग पासवान की मां से जाकर माफी मांगे और इस कृत्य में शामिल लोगों को दंडित कराने का काम करें। हालांकि डॉ पांडेय ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ऐसा करेगें नहीं। वे किसी की सलाह को सुनने और मानने वाले नहीं हैं क्योंकि वे जंगलराज के युवराज जो ठहरे।

संक्षिप्त समाचार

गुलजारबाग आंचल की शिक्षिका नसरीन परवीन का निधन

• नसरीन परवीन के निधन से सिर्फ एक स्कूल नहीं बल्कि पूरे गुलज़ार बाग को क्षति पहुंची है- काशिफ प्रधानाध्यापक

19 अप्रैल 2014 पटना- रा० उर्दू म० वि० नरकट घाट, गुलज़ारबाग, पटना में जुलाई 2013 से कार्यरत नसरीन परवीन का आज सुबह हृदय गति रुकने के कारण निधन हो गया। मो० मोअज़्ज़म आरिफ ने नसरीन परवीन को अपना सबसे बड़ा शुभचिंतक, well wisher मूंह बोली बहन बताया। वह जितनी अच्छी शिक्षिका थीं उतनी ही बेहतर इंसान थीं। उन में सहयोग की प्रवृत्ति बहुत जबरदस्त थी। रा० म० वि० बबुआगंज के शिक्षक गुफरानुल हक ने दिवंगत को बहुमुखी प्रतिभा की घनी, शांत, विनम्र, शालीन, मितभाषी, मिलनसार स्वभाव की इंसान बताया। विद्या झा ने बताया कि नसरीन परवीन अपनी सकारात्मक कार्यों, छात्र-छात्राओं के प्रति विशेष लगाओ एवं विद्यालय में विभिन्न दिवसों में गतिविधि के माध्यम से संदेश देने के कारण लोगों के दिलों पर राज करती थीं। मंजू कुमारी बताती है कि कोई भी समस्या हो जात धर्म पंथ मसलक से ऊपर उठकर मानव सेवा का काम करने वाली नासरीन परवीन भले आज हम लोगों के बीच नहीं हैं मगर उनके द्वारा किया गया निःस्वार्थ कार्य उन्हें हमेशा लोगों के दिलों में जीवित रखेगा। मध्य विद्यालय प्रेस के शिक्षक मो० सरफराज़ बताते हैं कि नसरीन परवीन बहुत ही खुश मिजाज़ अखलाक की धनी व्यक्ति थीं। किसी गरीब बेसहारा मज़लूम पर हो रहे जुल्म को वह बर्दाश्त नहीं कर पाती थीं और उसे इंसाफ दिलाने में एवं मदद करने में कोई कसर नहीं छोड़ती थीं। तालीमी मरकज़ शिक्षा सेवी नुज़हरत आरा बताती है कि वैसे तो वह राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय नरकट घाट की चर्चित शिक्षिका थीं लेकिन हर विद्यालयों के शिक्षिकों से उनका काफी मधुर संबंध था। आफरीन अरशद बताती है कि वह पूरी शिद्दत से मानवता तथा पठन-पाठन कार्य की सेवा में लगीं रहतीं थीं। मो० काशिफ प्रधानाध्यापक उर्दू मध्य विद्यालय नरकट घाट ने बताया कि समाज कि बड़ी रहनुमा अचानक इतनी जल्दी इस दुनिया से चलीं जाएंगीं हमने तो सोचा भी नहीं था। संजय कुमार प्रधानाध्यापक उर्दू स्कूल सकरी गली बताते हैं कि उनके अचानक निधन से समाज एवं शिक्षा जगत को अपूर्ण क्षति पहुंची है। वह अपने पीछे पति के साथ 13 वर्षीय एक पुत्री छोड़ गई है। उनके निधन से गुलज़ार बाग के अतिरिक्त महेंद्रु बांकीपुर चौक फुलवारी माल सलामी आदि क्षेत्रों में शोक की लहर है।

सोना लूट कांड का सफल उदभेदन पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अपराधी घायल

राजापाकर। राजापाकर थाना क्षेत्र के बैकुंठपुर गांव निवासी अवधेश झा का पुत्र रिपु झा उर्फ अनुपम झा जो पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से घायल हो गया। गोली उसके पैर में लगी है। अनुपम का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। इसने राज्यों के शहरों में हत्या लूट डकैती आदि जैसी घटनाओं को अंजाम दिया है।गत 20 अक्टूबर 2022 को अपने सहयोगियों के साथ अमलेश्वर, दुर्ग छत्तीसगढ़ थाना कांड संख्या 157/2022 में लूट पाट के दौरान दुकान मालिक को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह पेशेवर अपराधी है। इस पर छत्तीसगढ़ राज्य में वर्ष 2021 में माननीय न्यायालय रायपुर छत्तीसगढ़ एवं वर्ष 2023 में इलाज के दौरान शौच के बहाने सुरक्षा में प्रतिनियुक्ति पुलिसकर्मियों पर हमला करके जिला अस्पताल, दुर्ग, मेडिकल वार्ड से फरार होने के भी आरोप हैं। विगत,10 अप्रैल 2024 को सदर थाना रामदयालु स्थित कोलकाता ज्वैलरी आभूषण दुकान में हथियार के बल पर सोना चांदी लूट पाट की घटना को अंजाम दिया था। घायल अपराध कर्मी अनुपम को पुलिस अभिरक्षा में लेकर उपचार हेतु एस के एम सी एच, मुजफ्फरपुर में भर्ती कराया गया है। फकुली मुठभेड़ में इसे गोली मारी गई है। पुलिस आत्म रक्षार्थ गोली चलाई थी।

पट्टीदारों द्वारा मारपीट कर हाथ तोड़ दिए जाने की प्राथमिकी

राजापाकर।पूर्व के विवाद को लेकर पट्टीदार द्वारा मारपीट करने एवं हाथ तोड़ देने के संबंध में बाकरपुर ग्राम निवासी महेश्वरी देवी पति मोहन सिंह ने राजापाकर थाने में प्राथमिकी दर्ज की है। जिसमें कहा गया है कि मैं अपने घर के दरवाजे पर बैठी थी कि हमारे पट्टीदार देवेंद्र सिंह ,मुकेश सिंह, राकेश सिंह, सहित छः व्यक्ति अपने हाथ में लाठी डंडे रौड लेकर आए और गाली गलौज करने लगे। मैंने ऐसा करने से मना किया तो सभी ने मिलकर हमसे मारपीट करने लगे जिससे मेरा दाहिना हाथ टूट गया। हमको मार खाते देख हमारी पुत्रवधू कुंती देवी ,लड़का रोहित कुमार बचाने आया तो उक्त सभी व्यक्तियों द्वारा उनके साथ भी मारपीट की गई और मेरे साथ अभद्र व्यवहार किया। मेरी बहू गर्भवती है उसको भी मनोज सिंह द्वारा लाठी डंटे से मार कर घायल कर दिया गया। शोरगुल होने पर सभी अभियुक्त मौके से भाग निकले कहा कि केश करोगे तो सबको जान से मार देंगे। आवेदन में घटना की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। केश के आइ ओ आरती कुमारी बनाई गईं हैं। थाने में कांड संख्या 128/24 में दर्ज की गई है।

मतदान हेतु मतदाताओं को प्रेरित किया गया

नई सोच एक्सप्रेस

राजापाकर। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में भ्रमण कर प्रखंड विकास पदाधिकारी आनंद प्रकाश, सेवानिवृत्त कैप्टन महेंद्र राय एवं प्रखंड कर्मियों ने लोगों को मतदान के लिए जागरुक कर रहे हैं। लोगों को बताया जा रहा है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में बूथों पर जाकर अपने मत का प्रयोग करें। जो भाई-बहन बाहर में रहकर सरकारी नौकरी करते हैं या किसी कंपनी में काम करते हैं, या मजदूरी करते हैं वे भी छुट्टी लेकर आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए अपने घर पर आए और अपने मताधिकार का प्रयोग करें। लोकतंत्र के इस महान त्यौहार में शामिल हों। मौके पर लोगों को पौधे भेंट कर संदेश दिया गया कि सभी लोग खासकर महिलाएं मतदान के दिन अपने सारे काम को छोड़कर बूथ पर जाएं व लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी को निभाएं। लोकतंत्र में अपना मत देकर स्वच्छ और सुरक्षित सरकार बनाएं। ज्ञात हो की मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए जिला पदाधिकारी यशपाल मीणा के निर्देशानुसार प्रखंड के सभी पदाधिकारी, कर्मी, आशा, ममता, सेविका, सहायिका लोगों को घर-घर जाकर मतदान के लिए जागरुक कर रहे हैं ताकि जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़े एवं लोगों को अपने मत का महत्व को बता रहे हैं कि लोकतंत्र में एक वोट का कितना महत्व होता है।

"गाड़ियों के दिव्यांग कोचों में चलाया गया विशेष अभियान"

नई सोच एक्सप्रेस

समस्तीपुर(मोहम्मद जमशेद) आज दिनांक 19.04.2024 को रेलवे प्रशासन ने दिव्यांग यात्रियों को सुविधा प्रदान करने तथा दिव्यांग कोचों में अनाधिकृत यात्रा पर रोक लगाने के उद्देश्य से समस्तीपुर मंडल में 01 सप्ताह का विशेष अभियान चलाये जाने का निर्णय लिया है| इस अभियान में टिकट जाँच कर्मियों द्वारा दिव्यांग कोचों में अनाधिकृत प्रवेश पर रोक लगाया जायेगा| इसी क्रम में आज दिनांक 19.04.2024 को समस्तीपुर मंडल के बिभिन्न स्टेशनों से प्रस्थान/गुजरने वाली गाड़ियों के दिव्यांग कोचों की जाँच की गयी| जाँच के दौरान सामान्य यात्री जो अनाधिकृत रूप से दिव्यांग कोचों में यात्रा करते हुए पाए गये उनसे नियमनुसार निर्धारित जुर्माने की राशि ली गयी तथा उन्हें किसी अन्य कोच में आगे की यात्रा करने के निर्देश दिया गया | रेलवे प्रशासन द्वारा इस प्रकार के अभियान चलाये जाने की दिव्यांग यात्रियों ने सराहना की तथा बताया की सामान्य यात्रियों द्वारा दिव्यांग कोच में आ जाने से उन्हें परेशानी का सामना करना पडता था परन्तु आज हमारी सुखद रहेगी|

पुलिस और अपराध की संख्या में भारी बढ़ोतरी के बावजूद अपराध आउट ऑफ कंट्रोल

नई सोच एक्सप्रेस

• पटना 2 महीने में 44 हत्या

फतुहा। भाजपा मीडिया प्रभारी डॉक्टर लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा कि पटना में अधिकांश थानेदार बदल दिए नए,11 नए डीएसपी तैनात कर दिए गए और 10 में थाने खोल दिए गए। पटना में सिर्फ दो माह में 44 हत्या, सात डकैती,27 रूट,चोरी की 165 और वाहन चोरी के 1030 घटनाएं हो चुकी है। भाजपा मीडिया प्रभारी डॉक्टर लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा कि नेवला का खोल बिल्ली को पहना देने से बिल्ली सांप को नहीं पड़ सकता। सांप को पकड़ने के लिए असली नेवला चाहिए। जो पुलिस अधिकारी एक भी काउंटर नहीं किया उसे थानेदार बना दिया जाता है, जिस पुलिस अधिकारी ने दो चार काउंटर तथा भ्रष्टाचार में लिप्त बी डी ओ सी ओ को जेल नहीं भेजा है, उसे डी एस पी ,एस पी बना दिया जाता है , अपराध और भ्रष्टाचार कैसे रुकेगी। अपराध में इस्तेमाल होने वाला हथियार बरामद नहीं किया जाता है बल्कि अनुसंधान कर्ता को हथियार बरामद के साथ-साथ निर्माण स्थल का उद्वेदन अनिवार्य कर दिया जाए,साथ ही कारतूस आपूर्ति कर्ता को भी उद्वेदन अनिवार्य कर दिया जाए।ऐसे ही स्थिति में 90 से 95% अपराध में कमी आ जाएगी। फतुहा में उदाहरणों की कमी नहीं है जितेंद्र सिंह यादव जो काउंटर रघुनाथ सिंह कर काउंटर तथा के के साहू द्वारा दर्जनों उदाहरण है इसे भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि हर एक गांव या मोहल्ला में चौकीदार बहाली के साथ-साथ ड्यूटी दे दी जाए की हर घर से एक बार सर्वेक्षण कर रिपोर्ट जमा करें कि मेरे घर में किसी तरह का वाद विवाद नहीं है जिसमें पत्नी पति का हस्ताक्षर अनिवार्य कर दिया जाए। सचमुच में ऐसे उदाहरण पेश कर अपराध पर नियंत्रण किया जा सकता है।

10 मई को अक्षय तृतीया - अक्षय तृतीया के दिन किये गए दान का कभी क्षय नहीं होता है

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। वैशाख की शुक्ल पक्ष तृतीया को ग्रीष्म ऋतु में अक्षय तृतीया मनाया जाता है। इस वर्ष अक्षय तृतीया 10 मई (शुक्रवार) को होगी। इसी दिन से त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ। इस दिन से एक कलह काल का अंत और दूसरे सत्य युग का प्रारंभ, ऐसी संधि होने के कारण अक्षय तृतीया के संपूर्ण दिन को मुहूर्त कहते हैं । मुहूर्त केवल एक क्षण का हो तो भी संधि काल के कारण उसका परिणाम 24 घंटे रहता है इसीलिए यह दिन संपूर्ण दिन शुभ माना जाता है। मान्यता है कि अक्षय तृतीया त्रेता युग का प्रारंभ दिन है। इस तिथि को हयग्रीव अवतार, नर-नारायण प्रकटिकरण और परशुराम अवतार हुआ है। इस तिथि को ब्रह्मा और विष्णु की एकत्रित तरंगें उच्च देवताओं के लोक से पृथ्वी पर आती हैं। इस कारण पृथ्वी की सात्विकता बढ़ जाती है। अक्षय तृतीया के दिन पवित्र स्नान, यज्ञ, हवन, तिल तर्पण, उदकुंभ दान, मृत्तिका पूजन, धार्मिक कृतियां करने से आध्यात्मिक लाभ होते है और देव एवं पितरों को उद्देश्य कर जो कर्म किए जाते हैं वे सब अक्षय होते हैं। भविष्यपुराण, मत्स्यपुराण, पद्मपुराण, विष्णुधर्मोत्तर पुराण, स्कन्दपुराण अनुसार अक्षय तृतीया में शुभ कार्य करने में श्रेष्ठ फल मिलता है। वैशाख मास भगवान विष्णु को अतिप्रिय है इसलिए भगवान विष्णु के अवतार भगवान परशुराम की उपासना की जाती है । स्कन्दपुराण के अनुसार मनुष्य अक्षय तृतीया को सूर्योदय काल में प्रातः स्नान कर भगवान विष्णु , भगवान परशुराम, भगवान कृष्ण की पूजा करके कथा सुनने हैं तो वह मोक्ष के भागीदार होते हैं और पुण्यकर्म के कारण भगवान की कृपा से अक्षय फल प्राप्त होते हैं। भविष्यपुराण के मध्यमपर्व के अनुसार वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया को गंगाजी में स्नान करने वाले लोग सब प्रकार के पापों से मुक्त हो जाता है। मान्यता है कि गुड़ और कर्पूर से युक्त जल दान करने वाले पुरुष ब्रह्मलोक में पूजित होते है। बुधवार और श्रवण से युक्त तृतीया में स्नान और उपवास करनेसे अनंत फल प्राप्त होता हैं। मदनरत्न के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण युधिष्ठर से कहते हैं कि हे राजन इस तिथि को किए गए दान एवं हवन का क्षय नहीं होता है, इसलिए हमारे ऋषि-मुनियों ने इसे 'अक्षय तृतीया' कहा है। इसलिए इस तिथि को भगवान की कृपादृष्टि पाने और पितरों के लिए की गई विधियां, अक्षय- अविनाशी होती हैं। मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन किये गए दान का कभी क्षय नहीं होता, इसलिए इस दिन किए गए दान से पुण्य संचय बढ़ता है। दान कई प्रकार का होता है जिसमें धन का दान, तन का दान, मन का दान प्रमुख है। सर्वविदित है कि अक्षय तृतीया के दिन केसर और हल्दी से देवी लक्ष्मी की पूजा करने से आर्थिक परेशानियों में लाभ मिलता है। इस दिन सोने की चीजें खरीदी जाती हैं, इससे बरकत आती है। अक्षय तृतीया के दिन 11 कौड़ियों को लाल कपडे में बांधकर पूजा स्थान में रखने से देवी लक्ष्मी आकर्षित होती है। देवी लक्ष्मी के समान ही कौड़ियां समुद्र से उत्पन्न हुई हैं। इनका प्रयोग तंत्र मंत्र में भी किया जाता है। अक्षय तृतीया के दिन घर में पूजा स्थान में एकाक्षी नारियल स्थापित करने से भी देवी लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है। अक्षय तृतीया में भगवान विष्णु के 8 अवतार में भगवान परशुराम एवं माता अन्नपूर्णा का जन्म तथा माता गंगा का अवतरण शामिल है। तिल सात्विकता का और जल शुद्ध भाव का प्रतीक है। इसलिए तिल और जल अर्पण करने से साधक का अहंकार नहीं बढता है। अक्षय तृतीया को पूर्वज पृथ्वी के निकट आने के कारण मानव को अधिक तकलीफ होने की संभावना बनी रहती है। मानव पर जो पूर्वजों का ऋण है उसको उतारने के लिए मानव को प्रयत्न करना चाहिए, इसलिए अक्षय तृतीया को पूर्वजों को सद्गति मिलने के लिए तिल तर्पण करना चाहिए

सहरसा, रक्सौल, जयनगर- दरभंगा, सीतामढ़ी और समस्तीपुर से चलायी जाएँगी विशेष गाड़ियां

नई सोच एक्सप्रेस

रेलवे प्रशासन ने यात्रियों को सुविधा प्रदान करने तथा अतिरिक्त भीड़ को क्लियर करने के उद्देश्य से सहरसा से कई विशेष गाड़ियों का परिचालन कर रही है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है :-

सहरसा से :-

1.गाड़ी संख्या 01663 रानी कमलापति – सहरसा :- दिनांक 22.04.24 से 24.06.2024 तक प्रत्येक सोमवार को|

2.गाड़ी संख्या 01664 सहरसा - रानी कमलापति :- दिनांक 23.04.24 से 25.06.2024 तक प्रत्येक मंगलवार को |

3.गाड़ी संख्या 05565 सहरसा – सरहिंद :- दिनांक 18.04.24 से 27.06.2024 तक प्रत्येक गुरुवार को |

4.गाड़ी संख्या 05566 सहरसा – सरहिंद :- दिनांक 20.04.24 से 29.06.2024 तक प्रत्येक शनिवार को|

5.गाड़ी संख्या 04028 आनंद विहार – सहरसा :- दिनांक 29.04.24 से 24.06.2024 तक प्रत्येक सोमवार को|

6.गाड़ी संख्या 04027 सहरसा – आनंद विहार :- दिनांक 01.05.24 से 26.06.2024 तक प्रत्येक बुधवार को |

7.गाड़ी संख्या 05558 नई दिल्ली – सहरसा :- दिनांक 19.04.2024 को नई दिल्ली से प्रस्थान करेगी|

8.गाड़ी संख्या 04411 सहरसा - नई दिल्ली :- दिनांक 19.04.2024 को नई दिल्ली की लिए प्रस्थान करेगी|

जयनगर, दरभंगा से :-

गाड़ी संख्या 03185 कोलकत्ता – जयनगर :- दिनांक 12.04.24 से 14.06.24 तक प्रत्येक शुक्रवार को|

गाड़ी संख्या 03186 जयनगर – कोलकत्ता :- दिनांक 13.04.24 से 15.06.24 तक प्रत्येक शनिवार को|

गाड़ी संख्या 04707 बीकानेर – दरभंगा :- दिनांक 21.04.24 को बीकानेर से |

गाड़ी संख्या 04708 दरभंगा – बीकानेर :- दिनांक 22.04.24 को दरभंगा से |

गाड़ी संख्या 04068 दिल्ली – दरभंगा :- दिनांक 26.04.24 से 28.06.24 तक प्रत्येक मंगलवार तथा शुक्रवार को|

गाड़ी संख्या 04067 दरभंगा – दिल्ली :- दिनांक 27.04.24 से 29.06.24 तक प्रत्येक बुधवार तथा शनिवार को|

गाड़ी संख्या 04060 आनंद विहार – जयनगर :- दिनांक 26.04.24 से 28.06.24 तक प्रत्येक मंगलवार तथा शुक्रवार को|

गाड़ी संख्या 04059 जयनगर – आनंद विहार :- दिनांक 27.04.24 से 29.06.24 तक प्रत्येक बुधवार तथा शनिवार को|

गाड़ी संख्या 09054 जयनगर – गोधरा :- दिनांक 19.04.24 को जयनगर से |

गाड़ी संख्या 09092 जयनगर – गोधरा :- दिनांक 20.04.24 को जयनगर से |

रक्सौल से :-

गाड़ी संख्या 03043 हावड़ा – रक्सौल :- दिनांक 13.04.24 से 15.06.24 तक प्रत्येक शनिवार को|

गाड़ी संख्या 03044 रक्सौल - हावड़ा :- दिनांक 14.04.24 से 16.06.24 तक प्रत्येक रविवार को|

गाड़ी संख्या 05531 रक्सौल – आनंद विहार :- दिनांक 28.04.24 से 30.06.24 तक प्रत्येक रविवार को|

गाड़ी संख्या 05532 आनंद विहार - रक्सौल :- दिनांक 29.04.24 से 01.07.24 तक प्रत्येक रविवार को|

सीतामढ़ी से :-

गाड़ी संख्या 04004 नई दिल्ली – सीतामढ़ी :- दिनांक 26.04.24 से 28.06.24 तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को|

गाड़ी संख्या 04003 सीतामढ़ी - नई दिल्ली :- दिनांक 26.04.24 से 28.06.24 तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को|

समस्तीपुर से :-

गाड़ी संख्या 01043 एलटीटी – समस्तीपुर :- दिनांक 04.04.24 से 27.06.24 तक प्रत्येक गुरुवार को|

गाड़ी संख्या 01044 एलटीटी – समस्तीपुर :- दिनांक 05.04.24 से 28.06.24 तक प्रत्येक शुकवार को|

गाड़ी संख्या 05561 समस्तीपुर – आनंद विहार :- दिनांक 19.04.24 को समस्तीपुर से |

गाड़ी संख्या 05562 आनंद विहार - समस्तीपुर :- दिनांक 20.04.24 को आनंद विहार से |

नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं मैनेजमेंट कोर्स में नामांकन के लिए छात्रवृति परीक्षा 28 अप्रैल को

नई सोच एक्सप्रेस

पटना : वर्मा कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंस तथा मोना स्कूल ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज में संचालित पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए छात्रवृति परीक्षा-2024 का आयोजन किया गया है। ये संस्थान नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं मैनेजमेंट के क्षेत्र में प्रशिक्षण देने में बिहार में श्रेष्ठ संस्थान माने जाते है। संस्थान के अध्यक्ष श्री डी. के. सिंह ने जानकारी दिया कि ये सभी महाविद्यालय सभी सक्षम प्राधिकार से मान्यता प्राप्त है। सत्र 2024 में नामांकन हेतु छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया है जिसका आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 अप्रैल है। छात्र संस्था के वेबसाइट www.varmafoundation.com पर आवेदन फॉर्म ऑनलाइन माध्यम से भरा जाएगा और सभी संस्थानों के कार्यालय में हार्ड कॉपी के माध्यम से भी आवेदन फॉर्म जमा लिए जाएँगे। आवेदन फॉर्म शुल्क 200/- रुपये होंगे। विदित हो कि ये छात्रवृति परीक्षा-2024 का आयोजन आरा, बक्सर, भभुआ, सासाराम इन चार जिलों में आयोजित की जा रही है। इस प्रवेश परीक्षा में जो छात्र-छात्राएं प्रथम स्थान पर आएंगे उन्हे 100 प्रतिशत संस्थान की ट्यूशन फीस में छूट दिया जाएगा तथा द्वितीय स्थान पर जो छात्र-छात्राएँ आएंगे उन्हें 75 प्रतिशत और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को 50 प्रतिशत तक की छूट संस्थान की ट्यूशन फीस में छूट दिया जाएगा।

चार लाख से होगी रविशंकर प्रसाद की जीत : केसरी

नई सोच एक्सप्रेस

फतुहा। भाजपा फतुहा नगर मंडल की बैठक भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। संचालन नगर महामंत्री अरूण कुमार झा और अनामिका अग्रवाल ने संयुक्त रुप से किया।कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीन दलाय उपाध्य और डा०श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ। भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी और उनकी मंडल टीम ने सांसद सहित सभी आगत अतिथियों का अंग वस्त्र देकर स्वागत किया।जब की बैठक में पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने भाजपा और एनडीए कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। रविशंकर प्रसाद जी ने अपने संबोधन में कहा की आज 10 बर्षों के सफल शासन काल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का नाम देश -दुनिया में हुआ। उन्होंने राम मंदिर बनाकर और जम्मू -काशमीर से धारा -370 हटाने का जो काम किया है वह एक मिशाल है।उन्होंने कार्यकर्ताओं ने अबकी बार 400 पार और फिर से तीसरी बार मोदी सरकार का नारा दिया।उन्होंने केन्द्रीय मंत्री रहते किए गये कार्य को बताया ।उन्होंने कार्यकर्ताओं से मोदी सरकार के कार्यों को बूथ स्तर पर लाभ्राथी जनसंपर्क अभियान चलाकर आम लोगों को बताने का आह्वान किया।बैठक में लोकसभा प्रभारी राम विरेन्द्र सिंह, विधानसभा विस्तारक सुरेश सिंह पटेल, प्रभारी कुंवर विजय पासवान, भाजपा के प्रदेश नेता राणा राजेंद्र पासवान, भाजपा नेता सह मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव,जिला महामंत्री अरविंद यादव, जिला मंत्री शोभा देवी,केशर प्रसाद ,जिला प्रवक्ता रामजी प्रसाद,मधु सिन्हा ,सुनीता पासवान, पूर्व नगर अध्यक्ष गोपाल शर्मा, फतुहा नगर उपाध्यक्ष अनिल शर्मा, बबलू शाह,रंजना पटवा, नगर मंत्री रवि प्रकाश, संतोष साह,अनिल प्रेमी,रीता पासवान , शिवनाथ यादव, नगर कोषाध्यक्ष सूरज कपुर, भाजयूमो अध्यक्ष सुरजीत कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजु मिश्रा,किसान मोर्चा अध्यक्ष शिव महादेव यादव, एससी मोर्चा अध्यक्ष संजय पासवान, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मो०फारुक, पिंकी साहु, रूबी देवी,पंकज कुमार, दिनेश कुमार,सुनील वर्मा सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

शक्तिधाम में हनुमान जयंती पर भोग लगेगा सवा मन लड्डू का प्रसाद

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। शक्तिधाम मंदिर में मंगलवार 23 अप्रैल को हनुमान जयंती का आयोजन पूरे धूम धाम एवं श्रद्धा के साथ से मनाया जायेगा. यह जानकारी शक्तिधाम के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने आज तैयरी बैठक के बाद दिया. अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार 23 अप्रैल को शक्तिधाम स्थित हनुमान मंदिर में प्रातः पौने दस बजे विशेष पूजन, श्रिंगार, आरती एवं सवा मन लड्डू का भोग अर्पण किया जाएगा. साथ हीं संध्या में साढ़े चार बजे से हनुमान चालीसा, सुन्दरकाण्ड पाठ एवं भजन कीर्तन शक्तिधाम महिला मंडल की सैकड़ों महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से बड़े हीं भक्ति भाव के साथ किया जायेगा. अग्रवाल ने कहा कि पाठ समाप्ति पर सभी भक्तजनो को प्रसाद वितरण किया अग्रवाल ने बताया की हनुमान जयंती चैत्र माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। माना जाता है कि इसी दिन हनुमानजी का जन्म हुआ था । इस दिन श्री हनुमान जी की भक्ति पूर्वक आराधना करनी चाहिए। माना जाता है कि इसी दिन हनुमानजी का जन्म हुआ था । इस दिन श्री हनुमान जी की भक्ति पूर्वक आराधना करनी चाहिए. अग्रवाल ने कहा कि माना जाता है कि महाभारत युद्ध के समय अर्जुन के रथ का ध्वज थाम कर महावीर हनुमान बैठे थे। इसी कारण तीखे वाणों से भी अर्जुन का रथ पीछे नहीं होता था और संपूर्ण युद्ध के दौरान अर्जुन के रथ का ध्वज लहराता रहा। बैठक में अमर अग्रवाल, रमेश मोदी, सूर्य नारायण, शंकर शर्मा, एम पी जैन सहित अन्य उपस्थित थे।

जदयू के प्रदेश सचिव अंकु तिवारी बने गोपालगंज लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी, कार्यकर्ताओं में खुशी

नई सोच एक्सप्रेस

प्रदेश सचिव अंकु तिवारी का फाइल फोटो

पंचदेवरी। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के सबेया निवासी अंकु तिवारी जो बर्तमान में जदयू के प्रदेश सचिव है को गोपालगंज लोकसभा का प्रभारी नियुक्त किया है । बिहार प्रदेश जदयू किसान और सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह बाढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मनोज कुमार ने उनको मनोनीत किया है । बिहार प्रदेश जदयू किसान और सहकारिता प्रकोष्ठ ने गोपालगंज लोकसभा क्षेत्र से इनके अलावा आठ प्रभारी नियुक्त किया है , उनके मनोनयन पर पंचदेवरी जदयू के प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया अशोक गुप्ता , जदयू के जिला उपाध्यक्ष अनुग्रह नारायण दुबे , अशोक पांडेय , प्रदुमन राय , डिंपल तिवारी , मदन मोहन दुबे अवधेश पांडे सहित अन्य नेताओं ने प्रदेश जदयू का आभार ब्यक्त किया है तथा उनके मनोनीत होने पर खुशी जाहिर की है ।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कटिहार में चुनावी सभा को किया संबोधित

नई सोच एक्सप्रेस

- देश के 40 लाख युवाओं को खाली पद पर भरेंगे :राष्ट्रीय अध्यक्ष
- भाजपा देश के लोगों को गुमराह करने का काम किया है: मल्लिका अर्जुन खरगे

कटिहार। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खरगे ने राजेंद्र स्टेडियम कटिहार में चुनावी सभा को संबोधित किया। चुनावी सभा स्थल पर निर्धारित समय से आधा घंटा विलंब से पहुंचे। कांग्रेस एवं महागठबंधन के नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को फूल का माला पहनकर अभिनंदन किया। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुनील यादव ने बुके एवं शाल देकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। राजेंद्र स्टेडियम कटिहार में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी जी ने 10 वर्षों में बिहार को कुछ नहीं दिया। केवल बिहार में तोड़फोड़ की सरकार बनाने का कार्य किया। भाजपा देश के लोगों को गुमराह करने का काम किया है। अब देश के लोगों को बेवकूफ नहीं बना सकते हैं। भाजपा लोगों को फंसाने का काम कर रहे हैं।अब लोग होशियार हो गए हैं। बिहार में गठबंधन की यूनिटी है। अब कोई नहीं तोड़ नहीं सकता है। क्योंकि जनता हमारे साथ है। नीतीश जी चले गए, पर जनता आम जनता हमारे साथ है। देश को बचाने की ताकत अब हम रखते हैं।लोकतंत्र एवं संविधान को बचाना पहली प्राथमिकता होगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खगरे ने कहा कि भाजपा के लोग का आजादी में कोई योगदान नहीं रहा है। मोदी जी केवल कहते हैं कि अच्छे दिन लायेगें। लेकिन 10 वर्षों में महंगाई आसमान छू लिया है।लोग परेशान है। बेरोजगारी बढ़ाया यही इनके अच्छे दिन हैं। एक तरफ नौजवान नौकरी के लिए तरस रहे हैं।और पलायन कर रहे है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमारी सरकार होगी देश के 40 लाख युवाओं को खाली पद पर भरेंगे। युवाओं को एक लाख रुपये देंगे। महिलाओं को प्रति वर्ष लाख रुपया दिया जाएगा। प्रत्येक राज्य में फंड बनाकर युवाओं के लिए देने का कार्य करेंगे। यह कार्यक्रम गरीबों के लिए जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा देश के संविधान को बदलना चाहताहै और हम चाहते की जनता की दुख दर्द को समाप्त करेंगे। भाजपा ने देश के लिए कुछ नहीं किया। जबकि कांग्रेस के इंदिरा जी, राजीव गांधी जी देश के लिए शहीद हुए हैं। उन्होंने कहा कि मुल्क को बंटने नहीं देंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खरगे ने कहा कि मुझे भरोसा है कि हमारे दोस्त तारीक अनवर कटिहार के संसदीय सीट से विजयी होकर दिल्ली पहुंचेंगे। इसलिए इन्हें भारी मतों से जीत दिलाये। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद तारीक अनवर ने कहा कि कटिहार में उद्योग विहीन हो गया है। यहां पर दो जूट मिल चल रही थी, जो बंद हो गया है।नौजवान को रोजगार के लिए पलायन होना पड़ रहा है। कटिहार की सबसे बड़ी समस्या है। बाढ़ और कटाव की समस्या है। जिसे निजात दिलाने के लिए हम प्रयास करेंगे। यहां की जनता मुझे पांच बार कामयाबी हासिल दी है। इस बार भी भारी मतों से कामयाबी हासिल कराएंगे। इस बार कटिहार की सीट कांग्रेस की झोली में जाएगी। मैं ऐसा विश्वास दिलाता हूं। सभा की अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील यादव ने किया। सभा को प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह, कांग्रेस विधायक शकील अहमद खान, माले विधायक महबूब आलम, प्रतिमा दास, पूर्व मंत्री डा0 राम प्रकाश महतो, पूर्व विधायक अरुण तिवारी, राजद जिला अध्यक्ष इशरत परवीन,कांग्रेस नेत्री संयुक्त देवी ने संबोधित किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता पंकज तंबाकू वाला, राजेश कुमार झा फिरोज अख्तर कुरैशी साहित अन्य नेता उपस्थित थे।

लेट्स इंस्पायर बिहार

राहुल कुमार सिंह
मुख्य कोऑडिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

विकास वैभव के मार्गदर्शन में बदल रहा अपना बिहार

[विकास वैभव के मार्गदर्शन में बिहार के युवाओं में जोश बढ़ा है। सभी युवाओं का कहना है कि इनके ईमानदार हाथों से बिहार बेहतर से बेहतरीन होगा।]

बिहार के युवाओं ने आज़ादी के बाद से ही लगातार बिहार का मान रखा हैं। विगत दो दशकों से इंजीनियरिंग, मेडिकल और प्रशासनिक क्षेत्रों में बिहार के युवाओं ने बेहतर किया हैं। देश भर में अपना, अपने परिवार और अपने बिहार का मान बढ़ाया हैं। 15 नवंबर 2000 को बिहार से अलग झारखण्ड राज्य का निर्माण हुआ। बंगाल प्रोविंस से अलग होने के करीब 88 साल बाद बिहार को बांटा गया था। झारखंड नया राज्य बना। साथ ही, बिहार के खनिज संपदा की समृद्धि भी नए राज्य झारखण्ड में चला गया। कहां जाता है कि आवश्कता ही आविष्कार की जननी है, बिहार के पास बच गया बस अकूत मानव ब्रेन सम्पदा। यहां के युवाओं ने पुरजोर मेहनत की और ज्ञान के क्षेत्र में देश विदेश में फैल गए। लेकिन बिहार के जनसंख्या के अनुपात में, यह आंकड़ा बेहद कम है। 2001 में, बिहार की कुल जनसंख्या 82,998,509 थी जिसमें पुरुषों की संख्या 43,243,795 थी जबकि महिलाओं की संख्या 39,754,714 थी। जनसंख्या वृद्धि दर का ही नतीजा रहा कि 2011 में बिहार की जनसंख्या 10 करोड़ 38 लाख हो गई। बिहार में 2001 से अब तक जनसंख्या वृद्धि दर में 22 से 25 प्रतिशत की औसत बढ़ोतरी दिखाई दे रही हैं। अगर इस अनुपात से आगे बढ़ते हैं तो बिहार की अनुमानित जनसंख्या 2023 में लगभग 15 करोड़ होगी। इतनी बड़ी जनसंख्या के लिए रोज़गार उपलब्ध कराना किसी भी सरकारी और गैर सरकारी संगठन के लिए चुनौती ही हैं। इस आधार पर लगभग हर क्षेत्र में, कुछ वैज्ञानिक आधार पर कार्य कर ही हम इतनी विशाल जनसंख्या के स्वरूप को सुंदर आकर्षक आकार दे पायेंगे। इन्हीं पहलुओं पर गंभीर चिन्तन करते हुए, आईपीएस विकास वैभव ने लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान एक सामाजिक संदेश दिया है। मुख्य रूप से, बिहार में शिक्षा, समता और उद्यमिता के विकास के लिए प्रतिबद्ध लेट्स इंस्पायर बिहार के सदस्य, अपना सार्थक सहयोग दे रहे हैं। बिहार के युवाओं को स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं। इस कार्य में सहयोग सभी बिहार के लोगों को योजनाबद्ध तरीके से करना चाहिए। बिहार के एक एक परिवार को आर्थिक, सामाजिक और व्यवहारिक रूप से मजबूत करना ही लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान का मूल संदेश हैं। बिहार जनसंख्या की दृष्टि से भारत का तीसरा सबसे बड़ा प्रदेश है जबकि, क्षेत्रफल की दृष्टि से बारहवां है। जनसंख्या, स्थलीय और भूभागीय अनुपात को देखते हुए और प्राकृतिक आपदाओं को झेलते हुए बिहार के युवाओं ने बेहतर करने का प्रयास किया हैं। बिहार के युवाओं ने अच्छा कार्य करने के लिए संकल्प लेना प्रारम्भ कर दिया हैं। विकास वैभव के मार्गदर्शन में बेहतर से बेहतरीन की ओर अपना बिहार बढ़ चला है।

लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया को लेकर समाहरणालय गेट के बाहर चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्थाः एसपी

नई सोच एक्सप्रेस

समस्तीपुर (मोहम्मद जमशेद)- लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया 18 अप्रैल से शुरू हो गई है। नामांकन का पर्चा समाहर्ता न्यायालय कक्ष में निर्धारित तिथि को दिन के 11 बजे से 3 बजे तक दाखिल किया जा रहा है। शुक्रवार को समस्तीपुर (सुरक्षि) लोकसभा क्षेत्र से एनडीए उम्मीदवार लोजपा (रामविलास) की शांभवी चौधरी और उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन से राजद के आलोक मेहता ने नामांकन दाखिल किया। वहीं नामांकन को लेकर पुलिस और जिला प्रशासन की ओर से विधि व्यवस्था के मद्देनजर पुख्ता व्यवस्था की गयी है। कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वारा पर ड्रॉप गेट बनाया गया है। नामांकन का पर्चा दाखिल करने वाले अभ्यर्थी व उनके प्रस्तावक व समर्थक ही अंदर प्रवेश कर सकेंगे। समाहरणालय के बाहर दंडाधिकारियों व पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। एसपी विनय तिवारी खुद सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। समाहरणालय के मुख्य द्वार के दक्षिणी ओर मीडिया सेंटर बनाया गया है। मीडिया कर्मी वहीं से चुनावी रिपोर्ट को कवर कर रहे हैं। मीडियाकर्मियों को समाहरणालय के अंदर नामांकन कक्ष में जाने की अनुमति नहीं है। कलेक्ट्रेट के बाहर मुख्य मार्ग को भी वन-वे कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी खुद समाहरणालय के अंदर व मुख्यद्वार का बारी बारी से मुआयना कर रहें हैं, वही सुरक्षा के मद्देनजर समाहरणालय के मुख्यद्वार पर मुख्यालय डीएसपी कृष्ण कुमार दिवाकर, नगर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार समेत दर्जनो पुलिस कर्मी तैनात रहे!

गया में राजद और कांग्रेस ने चारों सीटों पर किया जीत का दावा

नई सोच एक्सप्रेस

गया। राष्टीय जनता दल के पूर्व विधायक एवं राजद प्रदेश उपाध्यक्ष, डा. विनोद कुमार यादवेंदु ने गया संसदीय क्षेत्र में सभी जाति, धर्म के लोगो का राजद प्रत्याशी कुमार सर्वजीत को परिर्वतन के लिए लालटेन छाप पर भारी बहुमत से जीत को सुनिश्चित करने पर बधाई दिया है। डा. यादवेंदु ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी युवाओ ने प्रतिपक्ष के नेता की रोज़गार देने के सवाल पर सभी ने भारी मतदान किया है।उन्होंने कहा की मगध प्रमंडल के तीनो लोकसभा गया, औरंगाबाद और नवादा में महागठबंधन राजद प्रत्याशियो की जीत होगी। वहीं बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू ने कहा कि आज के चुनाव में इंडिया गठबंधन समर्थित राजद उम्मीदवार कुमार सर्वजीत को गया नगर, बोधगया, वजीरगंज, शेरघाटी, बाराचट्टी, बेलागंज, विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं ने जाति, धर्म, के ऊपर उठ कर अति प्राचीन अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विश्व पर्यटन मानचित्र पर अपना स्थान रखने वाला गया संसदीय क्षेत्र के चहुंमुखी विकास एवं देश के सर्वोच्च सदन में गया कि आवाज बुलंद करने वाले लोकप्रिय उम्मीदवार कुमार सर्वजीत के पक्ष में भारी मतदान किया है। इंडिया गठबंधन के सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने गया संसदीय क्षेत्र के देवतुल्य मतदाता मालिकों को हार्दिक अभिनंदन करते हुए धन्यवाद दिया।

संक्षिप्त समाचार

एक एनडीए व एक महागठबंधन के प्रत्याशी ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया

समस्तीपुर (मोहम्मद जमशेद) शुक्रवार को समाहरणालय स्थित एनडीए प्रत्याशी लोकसभा 23 (अ0जा0) से शाम्भवी चौधरीने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है, शाम्भवी के द्वारा चार सेट में नामांकन पत्र दाख़िल किया है, नामांकन के समय प्रत्याशी के चार प्रस्तावक रहे जिसमे राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर, पूर्व सांसद अश्वमेघ देवी, रोसड़ा विधायक वीरेंद्र पासवान एवं विनय कुमार चौधरी मौजूद रहे! 23 समस्तीपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए होने वाला ये पहला नामांकन रहा! वहीं 22 उजियारपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए राजद के प्रत्याशी आलोक कुमार मेहता के द्वारा नामांकन पत्र निर्वाची पदाधिकारी अजय कुमार तिवारी के समक्ष दाखिल किया गया! प्रथम सेट में नामांकन पत्र मके प्रस्तावक राम लौलीन राय 134 विधानसभा क्षेत्र के थे तो दूसरे सेट के प्रस्तावक मुमताज़ आलम 130 पातेपुर विधानसभा क्षेत्र के हैं! नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष आलोक कुमार मेहता के द्वारा शपथ लिया गया! नामांकन के दौरान राजद प्रत्याशी के साथ पूर्व विधान परिषद सदस्य सह जिलाध्यक्ष रोमा भारती, बिपिन साहनी राजेश्वर महतो, परवेज़ आलम, राम विनोद पासवान, रौशन यादव,चंदन कुमार, प्रो0 राजेन्द्र भगत,आदि राजद के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे ।

निन्ती कार्डिएक केयर ने इमरजेंसी में आए बुज़ुर्ग को राहत दिलाई

सहरसा । श्री नारायण मेडिकल कॉलेज स्थित निन्ती कार्डिएक केयर, सहरसा में कई महीनों से बार-बार चक्कर आने से परेशान एक बुजुर्ग को पेसमेकर इंप्लांट कर राहत दिलाई गई। यह जानकारी देते हुए निन्ती कार्डिएक केयर के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गिरिजा शंकर झा ने बताया कि चक्कर आने से गिरे 72 साल के जितेन्द्र सिंह को हमारे यहां इलाज के लिए लाया गया। जब मरीज की जांच की गयी तो पता चला कि उसका हृदय पूरी तरह से ब्लॉक था। डॉ. झा ने बताया कि तब उसे टेम्परररी पेसमेकर लगाने की प्रक्रिया पूरी की गयी। इसके बाद मरीज की हालत जब अच्छी हो गयी तब जाकर उसे स्थायी पेसमेकर लगाया गया। पेसमेकर लगाने के बाद अब वह पूरी तरह स्वस्थ हैं और चक्कर की समस्या नहीं आ रही है। उन्होंने बताया कि भर्ती के समय उसके हृदय की गति काफी धीमी थी, लेकिन अब हृदय की गति पूरी तरह से सामान्य है। उन्होंने बताया कि अगर समय से उसे हॉस्पिटल नहीं लाया गया होता तो स्थिति खतरनाक हो सकती थी। अब वह पूरी तरह से फिट हैं और अपना काम खुद कर रहे हैं। निन्ती हॉस्पिटल के बिजनेस डेवलपमेंट डायरेक्टर राज सेहगल ने बताया कि यह विशाल कोसी क्षेत्र के पहले मरीज हैं जिन्हें आपात स्थिति में निन्ती कार्डिएक केयर में भर्ती कराया गया जहां पेसमेकर लगाकर राहत दिलायी गयी। उन्होंने कहा कि इसी विशाल कोसी क्षेत्र को आपात स्थिति में राहत दिलाने के उद्देश्य से इस कार्डिएक केयर की स्थापना की गयी थी। अगर यह कार्डिएक केयर नहीं खुला होता तो मरीज को आपात स्थिति में पटना या दिल्ली ले जाना पड़ता। इस स्थिति में मरीज को ज्यादा दूर ले जाना खतरे से खाली नहीं रहता है। सेहगल ने कहा कि कोसी क्षेत्र में सहरसा, मधेपुरा, सुपौल समेत कई जिलों की बड़ी आबादी शामिल है जिन्हें इमरजेंसी में राहत दिलाने के लिए हमारा हॉस्पिटल कटिबद्ध है। पटना और दिल्ली ले जाने की स्थिति में मरीज की हालत के बारे में कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। अब यह निन्ती कार्डिएक केयर कोसी क्षेत्र के लोगों के लिए वरदान साबित होने लगा है।

शकरपुर गांव में आग से 10 परिवार के दो दर्जन घर जलकर राख

नई सोच एक्सप्रेस

कटिहार। जिले के कदवा प्रखंड अंतर्गत रिजवानपुर पंचायत के शकरपुर गांव में अचानक आग लग जाने से 10 परिवार के दो दर्जन से अधिक घर जलकर राख हो गई। इस अग्निकांड में 15 लाख से अधिक रुपए की संपत्ति का नुकसान होने का अनुमान है घटना की सूचना मिलते ही कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद अबरारुउल हक एवं पूर्व जिला पार्षद प्रवेज आलम में घटनास्थल पहुंचकर पीड़ित परिवार को सांत्वना दिया। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद अबरारुल हक एवं पूर्व जिला परिषद परवेज आलम ने बताया कि शकरपुर गांव के निवासी रमजान अली, फरमान, सनोवर, शकीरा, हैदर,साजन, सिद्दीक, नूर मोहम्मद,फूल मोहम्मद,कुद्दुस का दो दर्जन से अधिक घर जलकर स्वाहा हो गया है। उन्होंने बताया कि गांव के निवासी रमजान अली की लड़की की शादी 21 अप्रैल को होना तय हुआ है। शादी की तैयारी के पूर्ण तैयारी कर ली गई थी। घर में शादी के उद्देश्य से ढाई भर सोना, 60 भर चांदी, नगद ढाई लाख रुपये अग्निकांड में जलकर स्वाहा हो गया।अग्नि काँड में घर की सभी समान जल कर राख हो गयी है।अब रमजान अली के सामने लड़की की शादी करना बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह हो गया है। कांग्रेस नेता कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद अबरारुउल हक ने सरकार से पीड़ित परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान का निर्माण करने के साथ-साथ नुकसान की उचित मुआवजा देते हुए भरपाई करने की मांग की है।

जदयू महिला प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित -डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चला रही हैः आशा सुमन

नई सोच एक्सप्रेस

कटिहार। एनडीए प्रधान कार्यालय गामी टोला कटिहार में महिला जदयू जिलाध्यक्ष आशा सुमन की अध्यक्षता में सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं जिला कमेटी की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महिला जदयू प्रदेश अध्यक्ष भारती मेहता रहीं।बिशिष्ट अतिथि के रुप में प्रदेश उपाध्यक्ष सीमा पूर्वे,सचिव मीना शर्मा रही। बैठक को संबोधित करते हुए जदयू महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष भारती मेहता ने कहा कि आगामी सरकार एनडीए की होगी। इसलिए मोदी सरकार के हाथ को मजबूत करने के लिए कटिहार में एनडीए उम्मीदवार दुलाल चंद्र गोस्वामी को भारी मतों से विजय बनाएं। इस अवसर पर जदयू महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष आशा सुमन ने कहा कि कटिहार जिले के सभी प्रखंडों में प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व में अलग-अलग जत्था डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चला रही है। महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारी एवं कर्मचारी पंचायत बार बैठक, संवाद एवं जनसंपर्क अभियान चला रही है। इसमें एनडीए उम्मीदवार लाल चंद्र गोस्वामी के पक्ष में प्रचार प्रसार कर रही है। जदयू महिला जिला अध्यक्ष आशा सुमन, उपाध्यक्ष खुशबू देवी, महासचिव मीरा देवी, सचिव राखी देवी,कदवा प्रखंड अध्यक्ष माला देवी, डंडखोरा के अध्यक्ष रेनू चौहान, बारसोई के कल्याणी देवी, अहमदाबाद प्रतिमा देवी, हसनगंज सरिता देवी, बलरामपुर आशा देवी, आजमनगर रुबाब जमी, चमेली नीतू कुमारी, बरारी प्रियंका कुमारी, मनसाही रीना देवी, मनिहारी मनीषा कुमारी, प्राणपुर रश्मिता कुमारी,कटिहार जुली कुमारी, कुर्सेला डैजी कुमारी ने भाग लिया।

42 डिग्री में भी नहीं थमा मतदाताओं का उत्साह

नई सोच एक्सप्रेस

गया। लोकसभा के चुनाव में मतदाताओं के द्वारा 42 डिग्री भीषण गर्मी में भी उत्साह देखते बन रहा था। लोग अपने अपने बूथों पर पंक्ति बद्ध होकर अपने मत का प्रयोग किया। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश चिंटू सिंह ने लोकतंत्र के इस महा पर्व पर भागीदारी निभाने वाले सभी मतदाताओं एवं चुनाव में लगे एनडीए सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। भाजपा के मिडिया प्रभारी ने जानकारी देते हुए कहा कि युवा मतदाताओं में जो उत्साह देखने को मिला हैं उससे स्पष्ट होता हैं कि गया लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी जीतन राम मांझी का भारी मतों से विजयी होना निश्चित है। क्योंकि देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी का जो नारा हैं अबकी बार 400 पार इसकी झलक प्रत्येक बूथों पर मतदाताओं के द्वारा देखने को मिला हैं और यही विकसित भारत संकल्प की गारंटी हैं। मतदाताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देने वाले में जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर उपस्थित रहे।

लोक सभा निर्वाचन 2024 के लिए चौथे चरण के लिए निर्गत अधिसूचना के आलोक में समाहरणालय सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस

नई सोच एक्सप्रेस

समस्तीपुर। (मोहम्मद जमशेद) जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी योगेंद्र सिंह के द्वारा लोक सभा निर्वाचन 2024 के लिए चौथे चरण के लिए निर्गत अधिसूचना के आलोक में समाहरणालय सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। जिला पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि भारत के राष्ट्रपति के द्वारा निर्गत अधिसूचना के आलोक में 22-उजियारपुर एवम 23-समस्तीपुर (अ0 जा0) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अधिसूचना संबंधित निर्वाची पदाधिकारियों के द्वारा प्रारूप- 1 में आमसूचना निर्गत कर दी गई है। इसके अनुसार दोनो लोक सभा क्षेत्रो के लिए अधिसूचना जारी होने की तिथि 18.04.2024,नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए जाने की अंतिम तिथि 25.04.2024, नाम निर्देशन पत्र के संवीक्षा की तिथि,26.04.2024, अभ्यर्थिता वापसी की अंतिम तिथि 29.04.2024 , मतदान की तिथि 13.05.2024, मतगणना की तिथि 04.06.2024 और निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कर लिए जाने की तिथि 06.06.2024 है। उजियारपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी अपर समाहर्ता अजय कुमार तिवारी हैं ।इस लोक सभा क्षेत्र के सहायक निर्वाची पदाधिकारी प्रियंका कुमारी ,भूमि सुधार उपसमाहर्ता,पटोरी हैं। नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर को या सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को अभ्यर्थी या (उसके प्रस्थापक द्वारा) 25.04.2024 तक (लोक अवकाश के दिनो को छोड़कर) किसी भी दिन 11:00 बजे पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न के बीच अपर समाहर्ता - सह - अपर जिला दंडाधिकारी, समाहरणालय ,समस्तीपुर के कार्यालय प्रकोष्ठ में दिए जा सकेंगे। नाम निर्देशन - पत्र की संविक्षा समाहरणालय सभाकक्ष समस्तीपुर में 26.04.2024 को 11:00 पूर्वाह्न में होगी। अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना या तो अभ्यर्थी के द्वारा या उसके किसी प्रस्थ।पक द्वारा या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा जो अभ्यर्थी द्वारा उसे परिदत करने के लिए लिखित में प्राधिकृत किया गया हो ,निर्वाची पदाधिकारी या सहायक निर्वाची पदाधिकारी में से किसी को 29.04.2024 को 3: 00 बजे अपराह्न के पूर्व दी जा सकेगी। मतदान 13.05.2024 को 7:00 बजे पूर्वाह्न से 6:00 बजे अपराह्न के बीच होगा। वहीं 23- समस्तीपुर (अ0 जा0) के निर्वाची पदाधिकारी,जिला पदाधिकारी योगेंद्र सिंह हैं और सहायक निर्वाची पदाधिकारी कुमार देवेंद्र प्रोज्जवाल, नगर आयुक्त नगर निगम समस्तीपुर हैं। इस लोक सभा क्षेत्र का नाम निर्देशन 11:00 बजे पूर्वाह्न और 3:00 बजे अपराह्न के बीच न्यायालय कक्ष ,जिला दंडाधिकारी ,समाहरणालय समस्तीपुर में होगा। नामांकन पत्रों की संविक्षा एनआईसी वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष (नया) समाहरणालय , समस्तीपुर में 26.04.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में की जाएगी। 29.04.2024 को 3:00 बजे अपराह्न से पूर्व नाम वापस लिए जा सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

एक अभिनेत्री, जिसकी दुश्मन बन गई उसी की खूबसूरती

क्या आपको विश्वास होगा कि किसी को अपनी खूबसूरती के चलते इन्हें वैसा काम नहीं मिला। पर यह सच है ऐसी ही मुश्किलों का सामना करना पड़ा था बॉलीवुड की अभिनेत्री दीया मिर्जा को। दिया को उनकी खूबसूरती के चलते वैसा काम नहीं मिला, जैसा कि उनको चाहिए था। उनके साथ कई बार ऐसा हुआ कि फिल्म निर्देशक ने यह कहकर काम देने से मना कर दिया कि तुम्हारा लुक बहुत ही मेन स्ट्रीम है। दीया मिर्जा के पिता जर्मन और मां बंगाली हिंदू हैं। दीया ने वर्ष 2001 में आई फिल्म 'रहना है तेरे दिल' में से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत किया था। फिल्म में वो मुख्य किरदार में नजर आई थी। दीया को शुरू-शुरू में ऐसा लगता था कि वह अपनी खूबसूरती के दम पर जिस फिल्म में चाहे काम कर सकती हैं, लेकिन हुआ कुछ अलग ही। दीया को कई निर्माता - निर्देशकों ने यह कह कर काम देने से मना कर दिया कि आप वह इस फिल्म के हिसाब से ज्यादा ही खूबसूरत हैं। पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान दीया मिर्जा ने खुद इस बात का खुलासा किया कि कुछ फिल्में जो वो करना चाहती थीं उन्हें नहीं मिलीं, क्योंकि निर्देशकों का मानना था कि वह मेन स्ट्रीम सिनेमा के लिए ज्यादा सही रहेंगी। ज्यादा सुंदर दिखने की वजह से उनके हाथ से ऐसे बहुत सारे फिल्म निकल गए, जिसे वो करना चाहती थीं।

नकारात्मक विचारों से मन की सुरक्षा करना बहुत जरूरीः बीके सुदेश दीदी

आबू रोड (राजस्थान) ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के सुरक्षा सेवा प्रभाग द्वारा आयोजित कोस्ट गार्ड के लिए पर्सनॉलिटी डवलपमेंट और सेल्फ मैनेजमेंट ट्रेनिंग का शुभारंभ मनमोहिनीवन परिसर के ग्लोबल ऑडिटोरियम में किया गया। इसमें कोस्ट गार्ड के अधिकारी भाग ले रहे हैं। शुभारंभ पर संयुक्त मुख्य प्रशासिका और ज्ञान सरोवर परिसर की निदेशिका राजयोगिनी बीके सुदेश दीदी ने कहा कि आप सभी परमपिता परमात्मा के घर में आए हैं। यहां के आध्यात्मिक वातावरण, क्लासेस और मेडिटेशन का भरपूर लाभ लें। जीवन में सबसे जरूरी है हम जिस क्षेत्र में सेवा कर रहे हैं उसे पूरी समर्पणता और ईमानदारी से करें। आप सभी भाग्यशाली हैं कि देश की सुरक्षा की सेवा आपको मिली है। वर्तमान में सबसे जरूरी है अपने मन और बुद्धि को दूषित विचारों, नकारात्मक विचारों, भावनाओं, गलत आदतों से बचाए रखना। जैसे आप सभी ने देश की सुरक्षा के लिए ट्रेनिंग ली है, वैसे ही यहां आपको अपने मन की रक्षा, मन को शक्तिशाली कैसे बनाएं, आत्म विश्वास कैसे बढ़ाएं, राजयोग ध्यान आदि की ट्रेनिंग दी जाएगी। जीवन का कोई भी क्षेत्र हो मन का सशक्त और शक्तिशाली होना जरूरी है। यदि मन शक्तिशाली है तो समस्याएं और परिस्थितियां छोटी नजर आती हैं। सुरक्षा सेवा प्रभाग के अध्यक्ष अशोक गाबा ने कहा कि ट्रेनिंग से आप सभी को जीवन में नई दिशा मिलेगी। आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग मेडिटेशन को इन पांच दिनों में गहराई से जानने का मौका मिलेगा। प्रभाग का उद्देश्य है कि देश की सुरक्षा में सर्दी, गर्मी, बारिश में सरहद पर डटे हमारे वीर जवानों, अधिकारियों के जीवन में खुशहाली लाना। उन्हें मानसिक, आध्यात्मिक रूप से सशक्त और शक्तिशाली बनाना। इसे लेकर सेमीनार, वर्कशॉप का आयोजन देश के विभिन्न फोर्स में किया जाता है। संचालन बीके श्रीनिधि भाई ने किया। स्वागत गीत बीके युगरतन भाई ने प्रस्तुत किया।

बेगुसराय में भाजपा के उम्मीदवार गिरिराज सिंह नेअपना नामांकन दाखिल किया

बेगुसराय में बीजेपी के फायर ब्रांड नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने एनडीए प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीएम रोशन कुशवाहा के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन का काफिला सुभाष चौक स्थित एनडीए कार्यालय से निकला तथा पावर हाउस चौक, बस स्टैंड, ट्रैफिक चौक, कचहरी रोड, आंबेडकर चौक, कचहरी चौक, केंटीन चौक होते हुए समाहरणालय पहुंचा। जहां से वह प्रस्तावकों के साथ नामांकन कक्ष में पहुंचे। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद गिरिराज सिंह का काफिला मेन रोड होते हुए जीडी कॉलेज पहुंचा। जहां सभा का आयोजन किया गया है। नामांकन के दौरान खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता, एमएलए राजकुमार सिंह, पूर्व मेयर संजय कुमार, पूर्व एमएलसी रजनीश कुमार, जिप अध्यक्ष सुरेन्द्र पासवान, जदयू जिलाध्यक्ष रुदल राय, बीजेपी जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा सहित बड़ी संख्या में एनडीए के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रामनवमी और चुनाव आचार संहिता के मध्य नजर बाईक 112 कि टिम पेट्रोलिंग कर रही शहर के चप्पे-चप्पे पर पैनी नजर

बेतिया - आज शहर के विभिन्न स्थानों पर डायल 112 के पुलिस टिम जो पहले चार चक्का वाहन दिखाई पड़ता था वह आज बुलेट बाइक सफेद रंग कि दो पहिया वाहन से पेट्रोलिंग करते नजर आये जिसमें एक साथ कई वाहन थे खास बात यह है कि घटना स्थल पर सुचना मिलने के चंद मिनटों या सेकेंडों में पहुंच रहे हैं जिसकी वांगी मुहर्रम चौक और एम जे के कॉलेज के बिच हुए सड़क दुघर्टना में देखने को मिला जिसमें बुलेट बाइक और कार कि टक्कर आगे पिछे हुई जिस दौरान देखने को मिला वहीं पुरे शहर में जगह-जगह देखने को मिला रहा है इनके प्रेटोलिंग गश्ती दल को जिसको लेकर क्षेत्र में लोग शराहना कर रहे हैं

बच्चों के साथ बड़ों का भी मनोरंजन करती है एनीमेटेड फ़िल्म "अप्पू"

नई सोच एक्सप्रेस



मुम्बई। पिछले कुछ वर्षों में एनिमेटेड फ़िल्मो का चलन काफी बढ़ा है। खास कर बच्चों को ऐसी फिल्में खूब पसन्द आती हैं। इस सप्ताह रिलीज हुई फ़िल्म "अप्पू" एक ऐसी ही एनिमेटेड फ़िल्म है लेकिन इसकी खासियत यह है कि बच्चों के साथ यह बड़ों का भी मनोरंजन करती है। फ़िल्म एक महत्वपूर्ण सन्देश भी देती है। फ़िल्म हाथियों की कम होती संख्या पर गहरी चिंता व्यक्त करती है। अवैध शिकार के कारण हाथियों की घटती संख्या का आंकड़ा चौंकाने वाला है। साथ ही फ़िल्म इमोशन भी उभारती है। जानवरों का भी परिवार होता है, उन्हें भी अपनों से बिछड़ने का दुख दर्द होता है। इन सभी भावनाओं को एनिमेशन और संवादों के माध्यम से बखूबी दिखाया गया है। हाथी का बच्चा अप्पू अपनी आंखों से देख लेता है कि उसके पिता को शिकारी उठाकर ले जाते हैं। वह अपने पिता को तलाश करने और कुख्यात शिकारियों से मुक्त कराने निकलता है। लेकिन उसका सफर आसान नहीं होता। उसे कई प्रकार की बाधाओं और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।इस काम मे उसकी मदद करते हैं टाइगर और नीना। टाइगर एक कुत्ता होता है जिसके पास सूंघने की अद्भुत शक्ति होती है। वहीं नीना एक 8 साल की बच्ची है जो शिकारियों के चंगुल से भाग निकली है। जंगल को इससे बेहतर कोई नहीं जानता है। यह दोनों दोस्त अप्पू की मदद करते हैं। भारत की पहली 4के एनिमेटेड फीचर फिल्म अप्पू में जंगली जानवरों को जीने देने और उनपर कोई अत्याचार न करने की बात कही गई है। जानवरों के दांत और उनकी खाल का कारोबार करने वाले किस तरह शिकारियों की सहायता से जानवरों को मारते हैं उन्हें पकड़ कर ले जाते हैं। इस फ़िल्म में यह सब दिखाया गया है। फ़िल्म में एनिमेशन, वीएफएक्स और इसकी क्वालिटी प्रशंसीय है। वाइस ओवर आर्टिस्ट्स ने भी अपना हुनर दिखाया है और इस वजह से किरदारो में जान आ गई है। फ़िल्म में कुछ गाने भी सिचुएशनल हैं। फ़िल्म बच्चों के लिए तो देखने लायक है ही, यह दरअसल उनके मातापिता बल्कि पूरे परिवार के लिए एक एंटरटेनिंग सिनेमा है। रेटिंग 3 स्टार्स.

ह्यूंडई मोटर इंडिया ने लॉन्च किया ग्रामीण महोत्सव

नई सोच एक्सप्रेस

पटना : ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने ग्रामीण भारत में अपनी जड़ों को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। देश के हर कोने से ग्राहकों की विविध जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ह्यूंडई मोटर इंडिया ने 'ग्रामीण महोत्सव' की शुरुआत की है। यह जीवंत पहल ग्रामीण भारत की जीवंतता का उत्सव मनाएगी। कुल बिक्री में 19 प्रतिशत ग्रामीण बिक्री की हिस्सेदारी के साथ एचएमआईएल ग्रामीण समुदायों के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीण महोत्सव के तहत ह्यूंडई प्रोडक्ट डिस्प्ले, इंटरैक्टिव डेमंस्ट्रेशन और नुक्कड़ नाटक, लाइव म्यूजिक, फोक डांस एवं रीजनल टैलेंट शो जैसी आकर्षक गतिविधियों समेत कई आयोजन करेगी। दो दिवसीय ग्रामीण महोत्सव का आयोजन देशभर में 16 स्थानों पर किया जाएगा। इसमें कारीगरों के शिल्प, कार्निवल राइड्स, गेमिंग जोन और बेहतरीन फूड स्टॉल्स के रूप में शानदार मार्केटप्लेस का अनुभव मिलेगा। इस पहल को लेकर उत्साह व्यक्त करते हुए ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के सीओओ तरुण गर्ग ने कहा, 'ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ाव की दिशा में हमारे सतत प्रयासों का हमें परिणाम मिला है और वित्त वर्ष 2023-24 में ह्यूंडई मोटर इंडिया ने ग्रामीण बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की। हमने सालाना आधार पर 11 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बीते वित्त वर्ष में ग्रामीण भारत में 1.15 लाख कारें बेचीं।

ई.डी.आई.आई. (EDII) ने पीजीडीएम इन एंटरेप्रेन्योरशिप (PGDM-E)] पीजीडीएम इन इनोवेशन, एंटरेप्रेन्योरशिप एण्ड वेंचर डेवलपमेन्ट (PGDM-IEV) प्रोग्रामों के लिए आवेदन आमंत्रित किए

नई सोच एक्सप्रेस

- ऑल इंडिया काउन्सिल फॉर टेकनिकल एजुकेशन (एआईसीटीई) द्वारा अनुमोदित
- नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रेडिटेशन (एनबीए) द्वारा मान्यता प्राप्त
- यूएसएएसबीई आउटस्टैंडिंग एंटरेप्रेन्योरशिप प्रोग्राम अबरॉड अवॉर्ड 2014 द्वारा सम्मानित

पटनाः एंटरेप्रेन्योरशिप डेवलपमेन्ट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ई.डी.आई.आई), ने अपने 2-वर्षीय पीजीडीएम प्रोग्रामोंरू पीजीडीएम इन एंटरेप्रेन्योरिशप (PGDM-E)] पीजीडीएम इन इनोवेशन, एंटरेप्रेन्योरशिप एण्ड वेंचर डेवलपमेन्ट (PGDM-IEV) के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। ये प्रोग्राम उभरते एंटरेप्रेन्योर्स और उन लोगों के लिए डिज़ाइन किए गए हैं जो समाज पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करना चाहते हैं। 2024-2026 बैच के लिए आवेदन की अंतिम दिनांक 27 अप्रैल 2024 है, और इंटरव्यू की शुरूआत 30 अप्रैल 2024 को होगी। उम्मीदवार सीधे वेबसाईट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए बसपबा click https://ediindia.ac.in/.

डॉ पंकज भारती एसोसिएट प्रोफेसर ई.डी.आई.आई. ने कहा कि ई.डी.आई.आई. का पीजीडीएम-ई, प्रोग्राम अपने 27वें बैच में है, जो उद्यमियों एवं मैनेजमेन्ट के पेशेवरों के लिए डिज़ाइन किया गया व्यापक दो-वर्षीय, फुल टाईम कोर्स है। इस कोर्स में छह ट्राइमेस्टर्स हैं, जहां छात्रों को एंटरेप्रेन्योरशिप से जुड़े विभिन्न पहलुओं में कौशल हासिल करने, क्रिटिकल थिंकिंग एवं हैण्ड्स-ऑन लर्निंग (व्यवहारिक कौशल) सीखने का मौका मिलता है। इसके स्पेशलाइज़ेशन्स में शामिल हैंरू उद्यम के विकास पर फोकस करने वाला न्यू एंटरप्राइज़ क्रिएशन (एनईसी); पारिवारिक कारोबार के लिए फैमिली बिज़नेस मैनेजमेन्ट (एफबीएम) और स्थायी विकास के लिए इनोवेटिव लीडर्स बनाने वाला सोशल एंटरेप्रेन्योरशिप (एसई)। इस कोर्स में छात्रों को गहन प्रशिक्षण, संरक्षण और मार्गदर्शन दिया जाता है, उनके चुने हुए मार्ग के आधार पर विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट के साथ यह कोर्स पूरा होता है। उन्होंने ने आगे बताया कि ई.डी.आई.आई. का पीजीडीएम इन इनोवेशन, एंटरेप्रेन्योरशिप एण्ड वेंचर डेवलपमेन्ट दो-वर्षीय फुल टाईम प्रोग्राम है जिसे एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त है। यह व्यापक कोर्स आधुनिक आइडिया को स्थायी बिज़नेस अवसर में बदलने के छात्रों के कौशल को अपग्रेड करता है। टेक्नोलॉजी आधारित इनोवेशन पर फोकस करते हुए छात्रों को अपने आधुनिक तरीके से लीड करने, पूंजी सुरक्षित करने और कॉम्पलेक्स मार्केट के बारे में जानने का मौका मिलता है। व्यवहारिक लर्निंग, विशेषज्ञों के मार्गदर्शन और इंडस्ट्री के एक्सपोज़र के साथ छात्र उद्यम में सफलता हासिल करने के लिए ज़रूरी कौशल विकसित कर सकते हैं और समाज पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न कर सकते हैं।

प्रवेश के लिए योग्यता के मानदण्डःकिसी मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी से न्यूनतम 50 फीसदी अंकों के साथ ग्रेजुएशन

क्वालिफाइंग मैनेजमेन्ट टेस्ट स्कोर (कैट/मैट/ज़ैट/ एटीएमए/ सी-मैट)

फाइनल ईयर के ग्रेजुएट्स आवेदन कर सकते हैं

उन छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिन्होंने टेक स्टार्टअप्स स्थापित किए हैं, जो स्टार्ट-अप स्थापित करने में रूचि दिखा रहे हैं या जिन्होंने भारत सरकार की स्टार्ट-अप योजना के तहत पेंटेंट/ टेक्नोलॉजी कमर्शियलाइज़ेशन/ स्टार्ट-अप सर्टिफिकेशन के लिए आवेदन किया है। 40 वर्षों की धरोहर के साथ ई.डी.आई.आई. का दुनिया भर में 1800 से अधिक सफल एल्युमनाई का नेटवर्क है और संस्थान ने 1000 से अधिक पारिवारिक कारोबारों को सक्षम बनाया है। ऐसे में महत्वाकांक्षी छात्र ई.डी.आई.आई. के साथ बदलावकारी यात्रा की शुरूआत करने के लिए इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। ई.डी.आई.आई. राज्य सरकार के विभागों, मंत्रालयों, कॉर्पोरेट्स एवं बहुआयामी एजेन्सियों के साथ मिलकर ऐसे प्रोग्राम लाता रहा है जो बिहार में उद्यमिता को सशक्त बनाएं। ऐसे ही कुछ उल्लेखनीय प्रोग्रामों में शामिल हैंः बिहार कौशल विकास प्रोग्राम जिसके तहत ई.डी.आई.आई. ने कुशल युवा प्रोग्राम के तहत बिहार के युवाओं को रोज़गार कौशल प्रदान करने के लिए बिहार कौशल विकास निगम के साथ साझेदारी में आठ केन्द्र स्थापित किए हैं। जीआईज़ैड द्वारा स्पॉन्सर्ड संस्थान ने क्षमता निर्माण, काउन्सलिंग एवं मार्गदर्शन के माध्यम से वंचित समुदायों में स्वरोज़गार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण लघु-उद्यम विकास प्रोग्राम- प्रोजेक्ट संवृद्धि लॉन्च किया है। ईडीआईआई ने राज्य में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए बिहार सरकार के उद्योग विभाग के साथ साझेदारी की है। ई.डी.आई.आई. पूरे राज्य में उद्यमिता विकास हस्तक्षेप भी करेगा और अनुकूल वातावरण के निर्माण के लिए हितधारकों को संवेदनशील बनाएगा। ई.डी.आई.आई. ने बिहार राज्य की भावी महिला उद्यमियों के लिए उद्यमिता जागरुकता प्रोग्रामों का संचालन किया है। राष्ट्रीय महिला आयोग के साथ साझेदारी में देश भर में 100 ऐसे प्रोग्राम आयोजित किए जाएंगे, और महिलाओं को उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया जाएगा। बिहार राज्य में उद्यमिता एवं कौशल विकास प्रोग्राम के तहत कई गतिविधियां की गई हैं इस प्रोग्राम का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों के युवाओं जैसे एससी/एसटी/ महिलाओं, दिव्यांगों, पूर्व कर्मचारियों और बीपीएल को स्वरोज़गार, उद्यमिता में सक्षम बनाना है।

अतिरिक्त जानकारीः

ई.डी.आईआई. ब्रोशल डाउनलोड करेंः PGDM-E और PGDM-IEV

ई.डी.आई.आई. ऑनलाईन ऐप्लीकेशन फॉर्म के लिए click here

प्रवेश के बारे में जानकारी के लिए फोन करेंः

+91-79-6910 4900/4999/5000

पहले चरण की वोटिंग के लिए तमिलनाडु में इलेक्शन कमीशन के आइकॉन राजन कुमार ने किया जागरूक

नई सोच एक्सप्रेस

चेन्नई। लोकसभा चुनाव का पहला चरण 19 अप्रैल से शुरू हो गया है। दक्षिण भारत के सबसे बड़े राज्य तमिलनाडु में लोकसभा की सभी 39 सीटों पर मतदान काफी अच्छे प्रतिशत के साथ हुआ। इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया के आइकॉन, चार्ली चैपलिन द्वितीय के रूप में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवा चुके हीरो राजन कुमार फिलहाल कश्मीर से कन्याकुमारी की अनोखी यात्रा पर हैं। मतदाताओं को वोटिंग के लिए जागरूक करने हेतु यह उनकी अनूठी पहल है। कश्मीर की वादियों में सभी से वोट करने की अपील करने के बाद वह तमिलनाडु पहुंचे जहां उन्होंने सभी वोटर्स से अपना अधिकार इस्तेमाल करने का आग्रह किया। राजन कुमार ने कहा कि लोकसभा सीटों की संख्या के अनुसार तमिलनाडु साउथ इंडिया का सबसे बड़ा राज्य है। यहां इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया के आइकॉन के रूप में मतदाताओं को वोटिंग के किए जागरूक करने का एक अलग ही अनुभव रहा। राजन कुमार ने साउथ में भी लोगों से शांति के साथ मतदान करने की अपील की। वह वहां वोटर्स का जज़्बा देखकर उत्साहित हुए। चार्ली चैपलिन 2 ने महेंद्र लालका, डॉ पवन अग्रवाल, पद्मश्री बिमल जैन और डॉ अनील काशी मुरारका सहित कई प्रेरणादायक हस्तियों का आभार जताया जिनके हौसले ने उन्हें इस यात्रा के लिए प्रेरित किया। चुनाव आयोग के आइकॉन राजन कुमार ने कहा कि इस सफर का मकसद यह है कि अधिक से अधिक लोग वोट करने घरों से निकलें। मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए मैं इस यात्रा पर निकला हूँ। वह चेन्नई के बाद कन्याकुमारी का दौरा करेंगे। चार्ली चैप्लिन 2 कन्याकुमारी में स्वामी विवेकानंद के रॉक भी जाएंगे और फिर राजधानी दिल्ली वापस लौटेंगे।

इंदिरा पुरम पब्लिक स्कूल गर्ल्स के प्रांगण में दिक्षांत समारोह का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस

खगौल। शुक्रवार को इंदिरा पुरम पब्लिक स्कूल गर्ल्स के प्रांगण में दिक्षांत समारोह कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रेडिएंट इंटर नेशनल स्कूल की प्राचार्या श्रीमती मनीषा सिन्हा के साथ साथ प्री प्राईमरी के अभिभावक गण भी मौजूद थे। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती गुरमीत कलसी ने मुख्य अतिथियों को पौधा देकर ससम्मान उनका स्वागत किया। इसमें एलकेजी और यूकेजी के बच्चों ने स्वागतम गीत गाया। कक्षा वन के बच्चों ने नृत्य द्वारा सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इसमें कक्षा - यूकेजी के बच्चों को विभिन्न उपनामों से सम्मानित किया गया, जैसे- आन्या को केयरिंग सिटिजन अवार्ड स्वस्तिका को टीम प्लेयर अवार्ड, रूही को प्लेग्राउंड पायनियर अवार्ड आदि । विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती गुरमीत कलसी ने सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि के साथ साथ सभी अभिभावकों को कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम के समापन से पूर्व फाउंडेशनल स्टेज की समन्वयक सुश्री कल्याणी द्वारा सबका धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

होण्डा रेसिंग इंडिया के राइडर चीन में 2024 एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप के दूसरे राउण्ड के लिए तैयार

नई सोच एक्सप्रेस

पटनाः थाईलैण्ड में 2024 एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप में रोमांच से भरपूर शुरूआत के बाद होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) की आईडेमिट्सु होण्डा रेसिंग इंडिया टीम इस सप्ताहान्त चीन के झुहाई इंटरनेशनल सर्किट में दूसरे राउण्ड के लिए तैयार है। एशिया प्रोडक्शन 250 सीसी (एपी250सीसी) क्लास में 2024 एशिया रोड रेसिंग चैम्पियशिप के पहले राउण्ड की शानदार शुरूआत के बाद, भारतीय दोपहिया रेसिंग टीम कुल 5 पॉइन्ट्स के साथ आगामी राउण्ड में प्रवेश कर रही है। श्री योगेश माथुर, डायरेक्टर, सेल्स एण्ड मार्केटिंग होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने कहा, एआरआरसी के पहले राउण्ड में हमारे साहसी राइडरों कवीन और मोहसीन ने अंतर्राष्ट्रीय धरती पर पावरफुल परफोर्मेन्स दिया और अपनी रेसिंग की क्षमता का प्रदर्शन किया। हमारे दोनों युवा राइडरों ने टीम के लिए पॉइन्ट्स स्कोर किए। 2024 एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप के ओपनिंग राउण्ड में आईडेमिट्सु होण्डा रेसिंग इंडिया का परफोर्मेन्स इस मुश्किल प्रतियोगिता में सफलता के लिए हमारे समर्पण और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। हमारे राइडर दूसरे राउण्ड के लिए चीन का रूख कर गए हैं, टीम उत्साह के साथ तैयार है, हमारे राइडर भी पूरे जोश में हैं। हमें विश्वास है कि वे सभी सीमाओं को पार कर शानदार परिणाम देंगे। थाईलैण्ड के चैंग इंटरनेशनल सर्किट में पहले राउण्ड की एपी250 क्लास रेस 2 में चेन्नई (तमिलनाडु) से टीम के राइडर कवीन क्विंटल ने टीम के लिए 3 महत्वपूर्ण पॉइन्ट्स स्कोर करते हुए सम्मानजनक स्थान हासिल किया। पहले राउण्ड में उनका मजबूत परफोर्मेन्स उनकी प्रतिभा और दृढ़ इरादे की पुष्टि करता है। 18 वर्षीय राइडर ने कुल 3 पॉइन्ट्स के साथ दूसरे राउण्ड में प्रवेश किया और वर्तमान में स्कोरबोर्ड पर 15वें स्थान पर हैं। उनकी टीम के साथी, रूकी राइडर मलप्पुरम (तमिलनाडु) से युवा राइडर मोहसीन पी एआरआरसी में अपने दूसरे सीज़न में 2 पॉइन्ट्स के साथ 16वें पॉज़िशन पर हैं। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कवीन क्विंटल ने कहा, ''एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप के ओपनिंग राउण्ड में हमारे परफोर्मेन्स से मैं बेहद खुश हूं। मुझे खुशी है कि मुझे टीम के लिए पॉइन्ट्स में योगदान देने का अवसर मिला। हम चीन में दूसरे राउण्ड के लिए तैयार हैं, ऐसे में मुझे विश्वास है कि हम अपने रोमांचक परफोर्मेन्स को जारी रखेंगे और बेहतर परिणाम लेकर आएंगे। होण्डा टीम को उनकी कड़ी मेहतन और सपोर्ट के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। उनके सहयोग के बिना हम इस मुकाम तक नहीं पहुंच सकते थे!'' मोहसीन पराम्बन ने कहा, पहला राउण्ड अपनी कुछ चुनौतियां लेकर आया, मुझे टीम की मेहनत और उनके प्रयासों पर गर्व है। इस दौरान मुझे बहुत कुछ सीखने का मौका मिला और मैं इस सबक का इस्तेमाल चीन में दूसरे राउण्ड में करूंगा। हर रेस हमें विकसित होने और अपनी क्षमता का प्रदर्शन करने का मौका देती है। मैंने अपनी कमज़ोरियों पर काम किया है, अब देखना यह है कि हम चीन में क्या हासिल कर सकते हैं।

भारत का सकल घरेलू उत्पाद अगले 50 वर्षों में 52 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाने की सम्भावना

गोल्डमेन सेच्स नामक अंतरराष्ट्रीय निवेश संस्थान ने अपने एक रिसर्च पेपर में बताया है कि आगे आने वाले 50 वर्षों में भारत का सकल घरेलू उत्पाद 52 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाएगा। इस प्रकार भारत इस संदर्भ में अमेरिका को भी पीछे छोड़ते हुए विश्व में प्रथम स्थान पर आ जाएगा। वर्तमान में भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष एवं विश्व बैंक आदि विभिन्न वित्तीय संस्थानों ने भी आगे आने वाले समय में भारत की आर्थिक वृद्धि दर को 7.2 प्रतिशत रहने की प्रबल संभावनाएं जताईं हैं। जबकि, आज विश्व के कई देश, विशेष रूप से ब्रिटेन, जर्मनी आदि, आर्थिक संकुचन के दौर से गुजर रहे हैं। रूस यूक्रेन युद्ध के चलते कई विकसित देश तो ऊर्जा की कमी के संकट से जूझ रहे हैं। भारत के विदेशमंत्री, डॉक्टर एस जयशंकर भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व के लगभग समस्त सशक्त देशों के साथ अच्छे सम्बंध बनाने में सफल रहे हैं। आज रूस को भी भारत की आवश्यकता है तो अमेरिका को भी। रूस, भारत को कच्चे तेल एवं सुरक्षा के लिए भारी मात्रा में शस्त्र उपलब्ध कराता है। वर्ष 2022 में भारत ने रूस से 4,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का सामान आयात किया था। वर्ष 2023 में यह बढ़कर 5,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर होने की प्रबल सम्भावना है। वहीं अमेरिका, भारत को अपना स्ट्रेटेजिक सहयोगी मानता है। आज विश्व की समस्त बड़ी शक्तियां भारत के साथ सौहार्द पूर्ण सम्बंध चाहती हैं। रूस, अमेरिका, यूरोपीयन देश एवं अरब देश भारत के साथ अपने व्यापार को विस्तार देना चाहते हैं। रूस भी भारत के साथ अच्छे सम्बंध चाहता है तो यूक्रेन भी। उधर इजराईल भी भारत के साथ अच्छे सम्बंध चाहता है तो इरान भी। भारत जी-20 समूह का सदस्य है तो भारत यू2आई2 एवं ब्रिक्स का भी सदस्य है। इस प्रकार कुल मिलाकर भारत का डंका आज पूरे विश्व में बज रहा है। आज भारत के पास विश्व की चौथी सबसे बड़ी फौज है। पश्चिमी बॉर्डर पर चीन से युद्ध की स्थिति में भारत आज इससे निपटने को पूर्णतः तैयार है। भारत के पास आज युवा जनबल है। भारत की 66 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष की कम आयु की है। 40 प्रतिशत जनसंख्या 13 से 35 वर्ष के बीच में है। भारत के पास 35 वर्ष से कम आयु की जनसंख्या अमेरिका की कुल जनसंख्या से भी अधिक है। इसके विपरीत चीन, जापान, इटली, फ्रान्स आदि कई देशों की जनसंख्या अब धीमे धीमे कम हो रही है। इन देशों में आर्थिक गतिविधियों को बनाए रखने के लिए आज युवाओं की सख्त आवश्यकता है जो पूरे विश्व में केवल भारत ही उपलब्ध करा सकता है। वर्ष 2064 तक भारत की जनसंख्या बढ़ती रहेगी, ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इस प्रकार वैश्विक स्तर पर भारत विश्व में विकास के इंजन के रूप में अपनी भूमिका लम्बे समय तक निभाता रहेगा। उक्त संदर्भ में दूसरा सबसे बड़ा कारण बताया गया है, भारत में हाल ही के समय में किया गया डिजिटलीकरण। इससे देश के ग्रामीण इलाकों में भी नागरिकों की दक्षता एवं उत्पादकता बढ़ गई है। भारत में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग की वित्तीय एवं बैंकिंग संस्थानों द्वारा भरपूर आर्थिक सहायता की जा रही है इससे यह उद्योग तेजी से आगे बढ़ रहे हैं एवं देश में रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित कर रहे हैं। पूर्व में केवल बड़े उद्योगों को ही बैकों द्वारा वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती रही है परंतु भारत में अब यह ट्रेंड बदला है। कोविड महामारी के बाद से तो इस सम्बंध में बड़ा बदलाव देखने में आया है। डिजिटलीकरण के कारण छोटे छोटे व्यवसाईयों की क्रेडिट हिस्ट्री निर्मित हो रही है जिसके कारण बैंकों को इन छोटे छोटे व्यापारियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने में आसानी हो रही है। 'आधार' ने तो देश के समस्त नागरिकों की एक अलग पहचान ही बना दी है। यूपीआई प्लेटफोर्म ने भी इस संदर्भ में ग्रामीण इलाकों में रोकड़ के उपयोग को कम कर डिजिटल प्लेटफोर्म पर वित्तीय व्यवहारों को हस्तांतरित किया है। छोटे छोटे व्यवसाईयों, किसानों, सामान्य नागरिकों को भी वित्तीय प्लेटफोर्म पर लाने में यह डिजिटलीकरण बहुत सफल रहा है। इससे वित्तीय समावेशन का कार्य भी आसान बन पड़ा है। भारत में डिजिटल व्यवहारों की संख्या आज संयुक्त रूप से अमेरिका, चीन एवं यूरोप से भी अधिक है। जबकि अमेरिका, चीन एवं यूरोप के देश भारत से अधिक विकसित देश हैं। इससे यह झलकता है कि भारत ने डिजिटलीकरण के मामले में पूरे विश्व को पीछे छोड़ दिया है। अब तो भारत का यूपीआई सिस्टम अमेरिका के स्विफ्ट पेमेंट सिस्टम को भी पीछे छोड़कर वैश्विक स्तर पर डिजिटलीकरण के मामले में अपनी धाक जमाने की ओर आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत का यूपीआई सिस्टम सिंगापुर, फ्रान्स, श्रीलंका एवं यूएई में लागू किया जा चुका है। भारत के प्रधानमंत्री ने फ्रान्स में भारतीय यूपीआई सिस्टम का उद्घाटन किया था, ताकि फ्रान्स में जाने वाले पर्यटक यूपीआई सिस्टम के माध्यम से फ्रान्स में वित्तीय व्यवहार कर सकें। न्यूजीलैंड में भी यूपीआई को लागू किए जाने पर विचार किया जा रहा है। उक्त संदर्भ में तीसरा सबसे बड़ा कारण है चीन के, विस्तरवादी नीतियों के चलते, विश्व के अन्य देशों के साथ लगातार खराब होते सम्बंध। आज विश्व के कई देश चीन के साथ आर्थिक व्यवहार करने से कतराने लगे हैं। यह स्थिति भारत के आर्थिक विकास को गति दे सकती है क्योंकि चीन+1 की नीति का अनुपालन विश्व के कई विकसित देश आज करने लगे हैं एवं ये देश भारत में विनिर्माण के क्षेत्र में अपनी इकाईयों को स्थापित करते जा रहे हैं। ताईवान आदि देशों पर चीन की नीति की पूरे विश्व में भर्त्सना हो रही है। चीन के अपने बॉर्डर पर लगने वाले लगभग समस्त देशों के साथ चीन के सम्बंध अच्छे नहीं हैं।

बढ़ने लगी है सरकारी योजनाओं तक वंचित समुदाय की पहुंच

आरती कुमारी

"हमें हर महीने की पहली से तीन तारीख के बीच राशन मिल जाता है. यदि कभी लेट होता है तो मेरे पोता और पोती राशन डीलर से नहीं मिलने का कारण पूछते हैं. मुझे तो कुछ नहीं पता है लेकिन मेरे घर की नई पीढ़ी बहुत जागरूक है. बच्चों ने राशन से संबंधित सभी दस्तावेज़ जमा करा रखा है. इसलिए हमारा राशन नहीं रुकता है. अब तो मेरी पेंशन भी समय पर मिलने लगी है. सरकार की बहुत सारी योजनाओं का लाभ इन बच्चों के कारण मिलने लगा है. वह योजनाओं के बारे में पढ़ते हैं और फिर पंचायत कार्यालय में जाकर उसे शुरू कराने का आवेदन देते हैं." यह कहना है 76 वर्षीय अम्बा बाई का, जो राजस्थान के उदयपुर जिला स्थित लोयरा गांव की रहने वाली है.

ऐतिहासिक नगरी उदयपुर से मात्र 8 किमी की दूरी पर आबाद यह गांव बडग़ांव तहसील के अंतर्गत आता है. अनुसूचित जनजाति बहुल इस गांव की जनसंख्या करीब 2500 है. गांव में 550 मकानों में कुछ ओबीसी से जुड़े डांगी समुदाय के साथ साथ कुछ घर लोहार, जाट, सुथार और उच्च जातियों की भी है. उदयपुर शहर से करीब होने का प्रभाव गांव में साफ़ नज़र आता है. कुछ कच्चे मकानों को छोड़कर अधिकतर मकान पक्के बनने लगे हैं. हालांकि आर्थिक रूप से अभी भी यह गांव कमज़ोर नज़र आता है. ओबीसी और सामान्य जातियों के लोग जहां कृषि, व्यवसाय और पशुपालन करते हैं वहीं अनुसूचित जनजातियों से जुड़े अधिकतर परिवार के पुरुष सदस्य उदयपुर शहर के आसपास संचालित मार्बल फैक्ट्रियों में लेबर वर्कर के रूप में काम करते हैं. कुछ दैनिक मज़दूर के रूप में भी काम करते हैं. वहीं कुछ परिवार के पुरुष सदस्य अहमदाबाद, सूरत और बेंगलुरु के फैक्ट्रियों में काम करने जाते हैं. जबकि घर की महिलाएं शहर के बड़े घरों में घरेलू सहायिका के रूप में काम कर परिवार की आर्थिक सहायता करती हैं. आर्थिक रूप से लोयरा गांव भले ही कमज़ोर हो, लेकिन सामाजिक और शैक्षणिक रूप से यह गांव पहले की अपेक्षा अधिक विकसित होने लगा है. यही कारण है कि गांव में सरकारी योजनाओं के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ने लगी है और वह इसका अधिक से अधिक लाभ भी उठाने लगे हैं. गांव की नई पीढ़ी में शिक्षा का स्तर बढ़ा है. अनुसूचित जनजाति समुदाय के लड़के और लड़कियां भी 12वीं तक शिक्षा प्राप्त करने लगी हैं. शिक्षा के बढ़ते स्तर ने गांव में जागरूकता को बढ़ाने का भी काम किया है. इसकी मिसाल खाद्य सुरक्षा के तहत गांव में मिलने वाली जन वितरण प्रणाली का लाभ है. इस संबंध में 45 वर्षीय शिवलाल कहते हैं कि वह स्वयं 12वीं पास हैं और बेंगलुरु जाकर मार्बल फैक्ट्री में काम करते हैं. लेकिन गांव में सरकार द्वारा दी जाने वाली लगभग सभी योजनाओं की न केवल उन्हें जानकारी है बल्कि उनका परिवार इसका लाभ भी उठाता है. वह बताते हैं कि "पहले के समय में राशन डीलर कुछ बहाना करके हमें राशन से वंचित कर देता था. लेकिन अब शिक्षा और जागरूकता के कारण ऐसा संभव नहीं है. अब राशन नहीं मिलने पर हम उससे सवाल करते हैं. पंचायत कार्यालय जाकर जानकारियां प्राप्त करते हैं. मैं जब घर पर नहीं होता हूं तो मेरे बच्चे यह काम करते हैं. इसलिए अब समय पर हमारा राशन मिल जाता है." गांव की 70 वर्षीय बुज़ुर्ग तारु बाई कहती हैं कि "अब हमारे समुदाय की 55 प्रतिशत लड़कियां 12वीं तक पढ़ने लगी हैं. इसीलिए उन्हें सभी योजनाओं की जानकारियां हैं. घर में बच्चों के पढ़ने के कारण ही मेरी वृद्धा पेंशन शुरू हो सकी है. उन्होंने ही मेरे सारे कागज़ात जमा कराये. जबकि हमारे समय में लड़कियों के पढ़ने का कोई रिवाज नहीं था. इसलिए हमें किसी सरकारी योजनाओं के बारे में कुछ पता नहीं होता था. कभी किसी से किसी योजना का नाम सुना और जब उसके बारे में पंचायत में पता भी किया तो कोई ठोस जवाब नहीं मिलता था. लेकिन अब नई पीढ़ी सभी योजनाओं के बारे में जानने लगी है. उन्हें यह भी पता है कि इसका लाभ उठाने के लिए कौन सा फॉर्म भरने की आवश्यकता है." तारु बाई बताती है कि "गांव का अधिकतर अनुसूचित जनजाति परिवार आर्थिक रूप से बेहद कमज़ोर है. अधिकतर परिवारों के पास इतने पैसे नहीं है कि वह कोई व्यवसाय कर सकें और न ही इतनी ज़मीन है कि वह उस पर खेती या सब्ज़ी उत्पादन कर सकें. नई पीढ़ी पढ़ने तो लगी है लेकिन नाममात्र लोग ही नौकरी करते हैं. इसीलिए इस समुदाय के ज़्यादातर सदस्य मज़दूरी या फैक्ट्रियों में काम करने जाते हैं. लेकिन इसके बावजूद शिक्षा के प्रति नई पीढ़ी में उत्साह है."

55 वर्षीय सुंदर बाई बताती हैं कि "मेरे 5 बच्चे हैं और सभी स्कूल जाते हैं. बड़ी बेटी पिछले वर्ष 12वीं पास की है और अब प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रही है. मुझे अपनी बेटी के माध्यम से पता चला कि सरकार हमारे समुदाय के उत्थान के लिए बहुत काम करती है. ऐसी बहुत सारी योजनाएं हैं जिसका लाभ उठा कर हम अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोग विकास कर सकते हैं. मेरी बेटी ने भी इसका लाभ उठाते हुए स्कॉलरशिप प्राप्त किया है. मैं और मेरे पति पढ़े लिखे नहीं हैं इसलिए पहले राशन डीलर किसी न किसी कागज़ की कमी बता कर हमारा राशन रोक देता था. लेकिन जब मेरी बेटी ने जाकर उससे बात की और खुद से सरकारी वेबसाइट पर सारे कागज़ात भरे, इसके बाद से हमारा राशन कभी नहीं रुका है. हमें ख़ुशी है कि हमारे बच्चे पढ़ लिख कर जागरूक हो गए हैं और अपने अधिकारों को पहचानने लगे हैं. इसीलिए समुदाय के अधिकतर लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने लगे हैं. हालांकि हमारे समुदाय के नाममात्र बच्चे ही सरकारी नौकरियों में हैं. लेकिन मुझे लगता है कि जिस प्रकार बच्चों में पढ़ने लिखने का रुझान बढ़ा है और उनमें जागरूकता आई है, उससे वह भी जल्द ही सरकारी नौकरी में भर्ती होने लगेंगे."हालांकि इसी गांव में मांगी लाल और तुलसीराम का परिवार भी है जो खाद्य सुरक्षा के तहत जन वितरण प्रणाली का लाभ उठाने से वंचित है. मांगी लाल के पुत्र भूपेंद्र 12 वीं पास है. उनका कहना है कि उनके परिवार में 7 सदस्य हैं. पिछले वर्ष उनका राशन BPL से APL में कर दिया गया. जिससे उन्हें राशन मिलना बंद हो गया है. इसके लिए वह लगातार ई-मित्र से बात कर रहे हैं. वहीं तुलसीराम कहते हैं कि कुछ दस्तावेज़ की कमी के कारण उनके परिवार को राशन नहीं मिल रहा है. जिसे वह जल्द ठीक कराने का प्रयास कर रहे हैं. बहरहाल, ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के बढ़ते प्रसार ने लोयरा गांव के अनुसूचित जनजाति समाज को भी जागरूक बना दिया है. जिसका परिणाम है कि पिछड़ा समझे जाने वाले इस समुदाय की भी सरकारी योजनाओं तक पहुंच बढ़ने लगी है.

उन्नत जीवन का आधार है हनुमान भक्ति

ललित गर्ग

भगवान हनुमानजी को हिन्दू देवताओं में सबसे शक्तिशाली माना गया है, वे रामायण जैसे महाग्रंथ के सह पात्र थे। वे भगवान शिव के ग्यारवें रूद्र अवतार थे जो श्रीराम की सेवा करने और उनका साथ देने त्रेता युग में अवतरित हुए थे। उनको बजरंग बलि, मारुतिनंदन, पवनपुत्र, केशरीनंदन आदि अनेकों नामों से पुकारा जाता है। उनका एक नाम वायुपुत्र भी है, उन्हें वातात्मज भी कहा गया है अर्थात् वायु से उत्पन्न होने वाला। इन्हें सात चिरंजीवियो में से एक माना जाता है। वे सभी कलाओं में सिद्धहस्त एवं माहिर थे। वीरो में वीर, बुद्धिजीवियों में सबसे विद्वान। इन्होंने अपने पराक्रम और विद्या से अनेकों कार्य चुटकीभर समय में पूर्ण कर दिए है। वे शौर्य, साहस और नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। समर्पण एवं भक्ति उनका सर्वाधिक लोकप्रिय गुण है। रामभक्त हनुमान बल, बुद्धि और विद्या के सागर तो थे ही, अष्ट सिद्धि और नौ निधियों के दाता और ज्योतिष के भी प्रकांड विद्वान थे। वे उन्नत जीवन के आधार है। उनसे सफल एवं सार्थक जीवन के प्रबंधन की शिक्षा मिलती है। वे हर युग में अपने भक्तों को अपने स्वरूप का दर्शन कराते हैं और उनके दुःखों को हरते हैं। वे मंगलकर्त्ता एवं विघ्नहर्त्ता हैं। मंगलवार को हनुमानजी का जन्म हुआ, ऐसा माना जाता है। भिन्न-भिन्न लोगों ने इस महान् आत्मा का मूल्यांकन भिन्न-भिन्न दृष्टिकोण से किया है। हनुमान का चरित्र एक लोकनायक का चरित्र है और उनके इसी चरित्र ने उन्हें सार्वभौमिक लोकप्रियता प्रदान की है। तैंतीस करोड़ देवी-देवताओं में मात्र हनुमान ही ऐसे हैं जिनकी आधुनिक युग में सर्वाधिक पूजा की जाती है और जन-जन के वे आस्था के केन्द्र हैं। उनके चरित्र ने जाति, धर्म और सम्प्रदाय की संकीर्ण सीमाओं को लांघ कर जन-जन को अनुप्राणित किया है। हनुमान का चरित्र बहुआयामी हैं क्योंकि उन्होंने संसार और संन्यास दोनों को जीया। वे एक महान् योगी एवं तपस्वी हैं और इससे भी आगे वे रामभक्त हैं। हनुमान-भक्ति भोगवादी मनोवृत्ति के विरुद्ध एक प्रेरणा है संयम की, पवित्रता की। यह भक्ति एक बदलाव की प्रक्रिया है। यह भक्ति प्रदर्शन नहीं, आत्मा के अभ्युदय का उपक्रम है। इससे अहं नहीं, निर्दोष शिशुभाव जागता है। क्रोध नहीं, क्षमा शोभती है। कष्टों में मन का विचलन नहीं, सहने का धैर्य रहता है। उत्कृष्ट विलक्षणताओं के प्रतीक हनुमान पूर्ण मानव थे। कहते हैं कि ब्रह्मा ने जब मनुष्य का निर्माण किया तो उन्हें बहुत प्रसन्नता हुई, क्योंकि उन्हें यह अनुभूत हुआ कि उनके द्वारा सृष्ट मानव ईश्वर का साक्षात्कार करने में समर्थ है। मानव न केवल संपूर्ण प्राणियों में सर्वश्रेष्ठ है, प्रत्युत वह अपनी साधना के द्वारा ब्रह्मपद को भी प्राप्त कर सकता है। त्रेतायुग के सर्वाधिक शक्तिशाली मानव हनुमान जिन्हें भ्रमवश अनेक देशी-विदेशी विद्वान पेड़ों पर उछल-कूद करनेवाला साधारण वानर मानते रहे हैं, अपने अलौकिक गुणों और आश्चर्यजनक कार्यों के बल पर कोटि-कोटि लोगों के आराध्य बन गये। भारत ही नहीं, विश्व के इतिहास में किसी ऐसे मानव का उल्लेख नहीं मिलता, जिसमें शारीरिक बल और मानसिक शक्ति का एक साथ इतना अधिक विकास हुआ हो जितना हनुमान में हुआ था। प्राचीन भारत में ब्रह्मतेज से युक्त अनेक महामानव हुए। इसी प्रकार इस पावनभूमि में ऐसे विशिष्ट व्यक्ति भी हुए जो शारीरिक बल में बहुत बलशाली थे, परन्तु ब्रह्मतेज के साथ-साथ शास्त्र-बल का जो आश्चर्यजनक योग हनुमान में प्रकट हुआ, वह अन्यत्र दिखाई नहीं पड़ता। शुद्ध आचार, विचार और व्यवहार से जुड़ी हनुमान की ऐसी अनेक चारित्रिक व्याख्याएं हैं जिनमें जीवन और दर्शन का सही दृष्टिकोण सिमटा हुआ है। हनुमान को बुद्धिमानों में अग्रगण्य माना जाता है। ऋग्वेद में उनके लिए 'विश्ववेदसम्' शब्द का प्रयोग किया गया है। इसका अभिप्रेत अर्थ है- विद्वानों में सर्वश्रेष्ठ। हनुमान अपने युग के विद्वानों में अग्रगण्य थे। उनकी गणना सामान्य विद्वानों में नहीं, बल्कि विशिष्ट विद्वानों में की जाती थी। वाल्मीकि रामायण में हनुमान को महाबलशाली घोषित करते हुए 'बुद्धिमतां वरिष्ठं' कहना पूर्ण युक्ति संगत है। 'रामचरितमानस' में भी उनके लिए 'अतुलित बलधामं' तथा 'ज्ञानिनामग्रगण्यम' इन दोनों विशेषणों का प्रयोग द्रष्टव्य है। ब्रह्मचारी हनुमानजी महान् संगीतज्ञ और गायक भी थे। इनके मधुर गायन को सुनकर पशु-पक्षी एवं सृष्टि का कण-कण मुग्ध हो जाता था। हनुमान की विद्वता के साथ-साथ तर्क-शक्ति अत्यंत उच्च कोटि की थी। ऐसे अनेक प्रसंग है जब हनुमान ने अपनी तर्क-शक्ति से अनेक जटिल स्थितियों को सहज बना दिया। उनकी अलौकिक साधना एवं नैसर्गिक दिव्यता का ही परिणाम था कि वे भय और आशंका से भरे वातावरण में भी निःशंक और निर्भीक बने रहते थे। संकट की घड़ी में भी शांतचित्त होकर अपने आसन्न कर्तव्य का निश्चय करना उत्तम प्रज्ञा का प्रमाण है। हनुमान इस सर्वोत्कृष्ट प्रज्ञा से युक्त थे। प्राचीन भारत की सर्वश्रेष्ठ भाषा संस्कृत और व्याकरण पर हनुमान का असाधारण अधिकार था। हनुमान ने सूत्र, वृत्ति, वार्तिक, महाभाष्य तथा संग्रह का भली-भांति अध्ययन किया था। अन्यान्य ग्रंथों तथा छंद-शास्त्र के ज्ञान में भी उनकी समानता करनेवाला कोई नहीं था। संपूर्ण विद्याओं के ज्ञान में उनकी तुलना देवताओं के गुरु बृहस्पति से की गयी है। महर्षि अगस्त्य के अनुसार हनुमान नवों व्याकरणों के अधिकारी विद्वान थे। नोबेल पुरस्कार विजेता आक्टाभियो पाज का भी यह सुनिश्चित मत है कि हनुमान ने व्याकरण शास्त्र की रचना की थी। मारुति नंदन, परमवीर, श्रीराम भक्त हनुमानजी की पवित्र मन से की गयी साधना और भक्ति चमत्कारपूर्ण परिणाम देने वाली है। हनुमानजी शिव के अवतार माने जाते हैं और ग्यारहवें रुद्र के रूप में इनकी मान्यता है। कहते है-मर्यादा पुरुषोत्तम राम की सार्वकालिक सेवा करने एवं रावण-वध में उनका सहयोग करने के लिए भगवान राम का अवतार लेने से पूर्व ही त्रेतायुग में शिवजी ने अपने ग्यारहवें रुद्र के रूप में अवतार लिया था। वह 'हनुमानजी' के पवित्र लोकोपकारी नाम से विख्यात हुए। महादेव का हनुमान के रूप में अवतरण लेने के सन्दर्भ में कहा जाता है कि भगवान विष्णु महादेव के इष्ट देव हैं। वे उनके श्रीचरणों के शाश्वत पुजारी हैं। त्रेतायुग में रावणादि राक्षसों का सकुल संहार करके उनका उद्धार करने के लिए ही भगवान विष्णु अयोध्या के महाराज दशरथ के यहां अपनी सोलह कलाओं सहित पुत्र रूप में अवतरित हुए। अतः उनकी सेवा करने के लिए महादेव ने हनुमान के रूप में अवतार लिया। तंत्र शास्त्र के आदि देवता और प्रवर्तक भगवान शिव हैं। इस प्रकार से हनुमानजी स्वयं भी तंत्र शास्त्र के महान पंडित हैं। समस्त देवताओं में वे शाश्वत देव हैं। परम विद्वान एवं अजर-अमर देवता हैं। वे अपने भक्तों का सदैव ध्यान रखते हैं। उनकी तंत्र-साधना, वीर-साधना है। वे रुद्रावतार और बल-वीरता एवं अखंड ब्रह्मचर्य के प्रतीक हैं। अतः उनकी उपासना के लिए साधक को सदाचारी होना अनिवार्य है। उसे मिताहारी, जितेन्द्रिय होना चाहिए। हनुमान साधना करने के लिए हर व्यक्ति उसका पालन नहीं कर सकता, इसलिए इस चेतावनी का सदैव ध्यान रखना चाहिए कि हनुमानजी को सिद्ध करने का प्रयास भौतिक सुखों की प्राप्ति या चमत्कार प्रदर्शन के लिए कभी नहीं करना चाहिए। उनकी भक्ति के माध्यम से भगवान राम के दर्शन तथा उनकी कृपा प्राप्त की जा सकती है। यह भक्ति हृदय की पवित्रता से ही संभव है और इसी से व्यक्ति घर और मन्दिर दोनों में एक-सा होता है। कहा जाता है की श्री हनुमानजी का जन्म ही राम भक्ति और उनके कार्यो को पूर्ण करने के लिए हुआ है। उनकी सांस-सांस में, उनके कण-कण में और खून के कतरे-कतरे में राम बसे हैं। एक प्रसंग में विभीषण के ताना मारने पर हनुमानजी ने सीना चिरकर भरी सभा में राम और जानकी के दर्शन अपने सीने में करा दिए थे। हनुमान की भक्ति या उनको पाने के लिये इंसान को इंसान बनना जरूरी है। जब तक भक्ति की धारा बाहर की ओर प्रवाहित रहेगी तब तक भगवान अलग रहेंगे और भक्त अलग रहेगा। हनुमान भक्ति के लिये जरूरी है उनके जीवन से दिशाबोध ग्रहण करो और अपने में डूबकर उसे प्राप्त करो। 'जिन खोजा तिन पाइयां गहरे पानी पैठ'- यही है सच्ची हनुमान भक्ति की भूमिका। भक्ति का असली रूप पहचानना जरूरी है, तभी मंजिल पर पहुंचेंगे, अन्यथा संसार की मरुभूमि में ही भटकते रह जायेंगे।

मेष राशि : आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का मन बनाकर चलें। आज कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है। व्यापारिक मामलों में जवाबदारी बढ़ सकती है। आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से अच्छी होगी। आज खुद पर किसी तरह की उलझन को हावी न होने दें साथ ही आपको अपने व्यवहार पर कंट्रोल करना पड़ेगा।

वृष राशि : आज व्यवसाय में आपको फायदा हो सकता है। ऑफिस में किसी जरूरी काम को पूरा करने के लिए सहकर्मी की मदद मिलेगी। कोर्ट-कचहरी के मामलों से दूर रहना आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको अपने स्वास्थ्य का खास ख्याल रखने की जरूरत है। लवमेट कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। शाम को परिवार के सदस्यों के साथ किसी महत्वपूर्ण विषय पर बातचीत कर सकते हैं।

मिथुन राशि : आज कोई काम पूरा होने से आपको ख़ुशी मिलेगी। शाम तक आपको कोई शुभ समाचार प्राप्त होगा, जिससे घर का माहौल खुशियों से भर जाएगा। आसपास के लोग आपके व्यक्तित्व से प्रसन्न होंगे। आप ताजगी से परिपूर्ण रहेंगे। लवमेट के साथ आपका दिन बेहतर गुजरेगा। आपकी बातों से लोग प्रभावित होंगे। सोचे हुए कार्यों की गति मजबूत होगी।

कर्क राशि : आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। परिवार की सलाह आज आपके लिए फायदेमंद होगी। आज आपके कोई खास रिश्तेदार आपसे हेल्प लेंगे। आज आपका मन पूजा-पाठ में अधिक लगा रहेगा। परिवार के साथ किसी मंदिर में दर्शन करने जायेंगे। इस राशि के सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है। किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब के लिए कॉल आएगी।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा होने वाला है। आज पास की किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। जरूरी काम और रिश्ते के बारे में विचार करेंगे और योजना बनाएंगे। परिवार से जुड़ी कोई परेशानी खत्म होने के योग हैं। आज नए सिरे से कोशिश करेंगे तो आप सफल हो सकते हैं।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप जिस भी काम को पूरा करना चाहेंगे, वो काम पूरा हो जाएगा। किसी दोस्त से मिलने आप उसके घर जा सकते हैं। अधिकारी वर्ग आपके काम से प्रसन्न होंगे। आप किसी सोच-विचार में डूबे रह सकते हैं। आप नए लोगों के संपर्क में आने की कोशिश करेंगे, इससे आपको फायदा होगा। घर पर बच्चों के लिए पार्टी का आयोजन कर सकते हैं।

तुला राशि : आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज काम में माता-पिता की हेल्प मिलने से वह जल्दी ही पूरा होगा। नेगेटिव विचारों से दूरी बनाएं रखें। आपको आज उधार के लेन देन से बचना चाहिए। आज आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन आज अच्छा रहेगा। आप समाज सेवा से जुड़कर अच्छे कामों को गति देंगे। आपके सरकारी नौकरी में चयनित होने के योग बन रहे हैं।

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन रोज की अपेक्षा लाभ देने वाला रहेगा। आपकी मुलाकात आज अपने बचपन के मित्र से होंगी। साथ ही बचपन की यादें ताजा हो जाएगी। आपका रुका हुआ कार्य आज पूरा होगा। इस राशि के जो युवा खेल कूद में इंटरेस्ट रखते है, उनका दिन आज अच्छा रहेगा। कोई शुभ समाचार मिलने से घर में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में सुख शांति बनी रहेगी।

धनु राशि : आपके लिए दिन शुभ कहा जा सकता है। आज आप जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभाएंगे। कामकाज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल भी रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। धैर्य और विनम्रता रखें। आज किसी पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत हो सकती है, इससे आपको अच्छा समाधान भी मिल सकता है। आपकी सलाह से दूसरों को फायदा होगा। आज आपको नए इनकम सोर्स मिल सकते हैं। कामकाज में आपकी रुचि बढ़ सकती है। बिजनेस अच्छा रहेगा। फालतू खर्चे कम हो सकते हैं।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज पुरानी देनदारी भी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिल सकती है। धैर्य और समझदारी रखें। आज परिवार के कामों में आपका पैसा लग सकता है। बड़े लोगों से मुलाकात के योग बन रहे हैं। आज आप कोई नया काम शुरू करने का प्लान बनायेंगे।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढने की कोशिश करेंगे। आज किसी कठिन काम को मेहनत, धैर्य और समझदारी से निपटा लेंगे। आज आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। संतान, परिवार के सदस्य और दोस्तों के साथ समय बीत सकता है।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा है। ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है इसमें आपको सफलता मिलेगी। काम पूरे होने के योग हैं। आज आप करियर में सक्सेस होने के लिए प्लानिंग करेंगे जिसका फायदा आपको आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा। आपको आज नई नौकरी का ऑफर मिल सकता है।

द. भारत में भाजपा को भरोसा योगी और प्रमोद सावंत पर

आर.के. सिन्हा

भाजपा इस बार दक्षिण भारत की जंग में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करवाने के लिए जी-जान लगा रही है। वह इस चुनावी जंग में अपने प्रतिद्वंदियों को किसी भी सूरत में कोई स्पेस देने के मूड में नहीं है। जिनको लगता है कि भाजपा का दक्षिण भारत में कोई वजूद ही नहीं है, वे घोर मुगालते में हैं। भाजपा इस बार इन राजनीतिक अल्प-ज्ञानियों को पूरी तरह से गलत साबित करना चाहती है। दक्षिण भारत के राज्य भाजपा के लिए अबतक कठिन चुनौती वाले प्रदेश रहे हैं, इसमें कोई दो राय नहीं है । लेकिन, अब परिस्थितियाँ बदली हैं। इस बार पार्टी ने दक्षिण भारत में चुनावी स्थितियों को अपने पक्ष में मोड़ने का मन ही नहीं बनाया, बल्कि दृढ़ संकल्प किया हुआ है। वास्तव में 2024 का लोकसभा चुनाव भाजपा के संबंध में दक्षिण की धारणा को पूरे समाज, मीडिया और समीक्षकों की राय बदलने में भी अहम भूमिका निभा सकता है। भाजपा ने अपने दो बेहद तेज – तर्रार मुख्यमंत्रियों क्रमशः योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को दक्षिण भारत में सघन चुनाव अभियान की जिम्मेदारी सौंपी है। ये दोनों ही अपने कुशल नेतृत्व के चलते उत्तर प्रदेश और गोवा को विकास की बुलंदियोंपर लेकर जा रहे हैं। प्रमोद सावंत कर्नाटक में भाजपा के उम्मीदवारों के पक्ष में जमकर कैंपेन कर रहे हैं। वे कर्नाटक में अपना भाषण कन्नड़ में ही देते हैं। जाहिर है, इस वजह से वे तुरंत स्थानीय जनता से संबंध स्थापित कर उन्हें प्रभावित करते हैं। योगी आदित्यनाथ को भी दक्षिण भारत के अन्य राज्यों में प्रचार करना है। योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत की अखिलभारतीय छवि बन चुकी हैं। योगी आदित्यनाथ पूर्व में कर्नाटक में कैंपन करते रहेहैं। उन्हें कर्नाटक का युवा, मेहनतकश और महिलाएं बहुत ध्यानसे सुनती हैं। उन्होंने बीमारू उत्तर प्रदेश को देश के सबसे विकसित होते राज्य कीश्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। उन्होंने साबित कर दिया है कि चुस्त-सख्तप्रशासन से गुंडे मवाली भाग खड़े होते हैं। अगर बात प्रमोद सावंत की करें तो वे गोवाकी स्थापित छवि को बदल रहे हैं। वे चाहते है कि गोवा को उसके समुद्री तटों, गिरिजाघरों के अलावा उसके समृद्ध अतीत के रूप में भी जाना जाए। गोवा को लेकर एक खास तरह की भ्रांति पूर्ण धारणा बना दी गई है, जबकि सच्चाई यह है कि गोवा एक प्राचीन सनातन भूमि है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने पर्यटन संग आध्यात्मिक राष्ट्रवाद से गोवा कोविकसित बनाने का संकल्प लिया है। बेशक, प्रधानमंत्रीनरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ यह दोनों भी दक्षिण भारत में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में अहम रोल निभाने जा रहे हैं। योगी आदित्यनाथ अपनेगृह प्रदेश के अलावा उत्तराखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान और बिहार में भी बड़ी सभाओं कोसंबोधित कर चुके हैं। वे जिधर भी जाते हैं वहां पर उनका अभूतपूर्व स्वागत होता है । इस बीच,तमिलनाडु उन अनूठे राज्यों में से एक है, जहाँ 87 फीसद से अधिक हिंदू आबादी है। यह उन राज्यों में एक है जहांराष्ट्रीय दलों यानी भाजपा और कांग्रेस की उपस्थिति अबतक काफ़ी कमजोर रही है। हाँ भाजपा कोयंबटूरऔर कन्याकुमारी में जरूर अच्छे वोट जुटाती रही है। तमिलनाडु में भाजपा मजबूत नहीं हुई इसका सबसे बड़ा कारण राज्य में नेतृत्व का अभाव रहा, कई भाजपा नेता विवादास्पद बयान के लिए जाने जाते रहे । लेकिन, प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इस धारणा को बदल दिया है।और फिर पूर्व आईपीएस अधिकारी के. अन्नामलाई को तमिलनाडु भाजपा का अध्यक्ष बनाएजाने के बाद दक्षिणी राज्य में भाजपा कीसंभावनाएं काफी बढ़ गई हैं। अन्नामलाई राज्य में पार्टी के लिए जमीन तैयार करने मेंकाफी हद तक सफल भी हुए हैं। मोदी और अमित शाह लगातार अन्नामलाई के नेतृत्व को अपनासमर्थन दे रहे हैं। भाजपा ने इसी आधार पर तमिलनाडु में अकेले 23 सीटों पर चुनाव लड़ने का साहस दिखाया। तमिलनाडू में 19 अप्रैल को मतदान हुआ। भाजपा को लगता है कि वह इस बार तमिलनाडु और केरलजैसे राज्यों में भी चौंकाने वाले नतीजे देगी। दक्षिण भारत में लोकसभा की कुल मिलाकर 130 सीटें हैं।इसमें तमिलनाडु (39), कर्नाटक (28), आंध्रप्रदेश (25), तेलंगाना (17), केरल(20) और पुदुचेरी (1) शामिलहैं। कांग्रेस ने 2019 में दक्षिण से 28 लोकसभासीटें जीतीं थीं। इसमें केरल में 15, तमिलनाडुमें 8, तेलंगानामें तीन, कर्नाटक में एक और पुदुचेरी में एक, जबकिभाजपा ने कर्नाटक में 25 और तेलंगाना में 4 सीटें जीतीथीं। तमिलनाडु में भाजपा का खाता नहीं खुला था जबकि उसका जे. जयललिता की पार्टी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके)से इसका गठबंधन था। केरल और आंध्र प्रदेश में भी हाल यही रहा। खास बात है किदक्षिण भारत में सबसे ज्यादा सीटेंतमिलनाडु में ही हैं। मोदी- शाह के साथ भाजपा के चुनावी रणनीतिकार इस राज्य में हीखाता खोलने पर पूरा फोकस करते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी सेभी तमिलनाडु का रिश्ता जोड़ा गया है और सफलतापूर्वक आयोजित की गई तमिल संगम इसकी बानगी है।

संक्षिप्त समाचार

होटल भरे हुए हैं, फर्श पर सो रहे हैं

दुबई हवाई अड्डे पर फंसे दो भारतीय पहलवान

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय पहलवान दीपक पुनिया और सुजीत कलकल 2024 पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर के लिए किर्गिस्तान के बिश्केक जाते समय भारी बारिश के कारण मंगलवार से दुबई हवाई अड्डे पर फंसे हुए हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पहलवानों के करीबी सूत्रों नें बात करते हुए कहा कि यह जोड़ी गुरुवार रात 11 बजे उड़ान

भरेगी और उनके टूर्नामेंट में भाग लेने की संभावना 50-50 है। वे पिछले दो दिनों से वहां हैं। सभी होटल भरे हुए हैं इसलिए वे हवाई अड्डे पर फर्श पर सो रहे हैं। क्वालीफायर में प्रतिस्पर्धा करने की उनकी संभावना 50-50 है। शायद वे वजन शुरू होने से ठीक पहले बिश्केक पहुंच जाएंगे। केवल तभी जब वे आज देर रात दुबई छोड़ने में कामयाब हों। बिश्केक में एशियाई कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर 19 अप्रैल से शुरू होने वाला है। बिश्केक में 18 भार वर्गों में कुल 36 पेरिस 2024 कोटा की पेशकश होगी। भारत ने सत्रह पहलवानों को मैदान में उतारा है. यह क्वालीफायर भारतीय पहलवानों के लिए ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए कोटा सुरक्षित करने का दूसरा अंतिम अवसर होगा।

भारतीय दलः

पुरुष ग्रीको : रोमन, सुमित (60 किग्रा), आशु (67 किग्रा), विकास (77 किग्रा), सुनील (87 किग्रा), नितेश (97 किग्रा), नवीन (130 किग्रा)
महिला फ्रीस्टाइल : विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंशू मलिक (57 किग्रा), मानसी (62 किग्रा), निशा (68 किग्रा), रीतिका हुडा (76 किग्रा)
पुरुष फ्रीस्टाइल : अमन सहरावत (57 किग्रा), सुजीत (65 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा), दीपक पुनिया (86 किग्रा), दीपक (97 किग्रा), सुमित (125 किग्रा)।

रोहित आईपीएल में मुंबई के लिए

सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैट्समैन बने

मुल्लांपुर, एजेंसी। मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान और ओपनर बल्लेबाज रोहित शर्मा ने चंडीगढ़ में आईपीएल 2024 के 33 वें मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ ज्यादा बड़ी पारी नहीं खेल पाए। सीएसके के खिलाफ नाबाद 105 रन की पारी खेलने वाले रोहित शर्मा ने इस मैच में 25 गेंदों पर 36 रन की पारी खेली। इस पारी के दौरान उन्होंने 3 छक्के और 2 चौकों भी लगाए और उनका स्ट्राइक रेट 144.00 का रहा। रोहित शर्मा ने अपनी पारी में लगाए 3 छक्कों की मदद से अब मुंबई के लिए आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए और उन्होंने किरोन पोलार्ड का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

आईपीएल में रोहित के नाम सबसे ज्यादा छक्के

मुंबई इंडियंस के ओपनर बल्लेबाज रोहित शर्मा ने पंजाब के खिलाफ 3 छक्के लगाने के बाद अब आईपीएल में मुंबई के लिए सबसे ज्यादा सिक्स जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। रोहित शर्मा ने मुंबई के लिए इस मैच में 225 वां छक्का लगाया और उन्होंने किरोन पोलार्ड को पीछे छोड़ दिया। पोलार्ड ने अपने आईपीएल करियर में मुंबई के लिए कुल 223 छक्के लगाए थे। मुंबई के लिए आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर 104 छक्कों के साथ हार्दिक पांड्या मौजूद हैं तो 103 छक्कों के साथ इशान किशन चौथे और 97 छक्कों के साथ सूर्यकुमार यादव पांचवें स्थान पर हैं।

आईपीएल में एमआई के लिए सबसे ज्यादा छक्के

- 225 छक्के रोहित शर्मा
- 223 छक्के के पोलार्ड
- 104 छक्के एच पंड्या
- 103 छक्के किशन
- 97 छक्के सूर्यकुमार यादव

रोहित ने खेला 250वां मैच

रोहित शर्मा ने आईपीएल का अपना 250वां मैच खेला और इस लीग में वो 250 मैच खेलने वाले धोनी के बाद दूसरे बल्लेबाज बने।

आशुतोष की पारी अविश्वसनीय

मुल्लांपुर, एजेंसी । आईपीएल 2024 के गुरुवार के रोमांचक मैच में पंजाब किंग्स के बल्लेबाज आशुतोष शर्मा ने अपनी तूफानी पारी की बदौलत न केवल फैंस का बल्कि विरोधी कप्तान का भी दिल जीत लिया। जब मैच निर्णायक मोड़ पर था और पंजाब जीत के बेहद करीब था, तब 18वें ओवर में गेराल्ड कोएत्ज़ी ने आशुतोष शर्मा की तूफानी पारी का अंत किया और मुंबई की जीत पक्की की। एमआई के कप्तान हार्दिक पांड्या ने स्वीकार किया कि मैदान में आशुतोष ने पूरी तरह से पासा पलट दिया था। उन्होंने ये भी कहा कि अपना पहला आईपीएल सीजन खेल रहे आशुतोष का प्रदर्शन अविश्वसनीय था। हार्दिक ने कहा, यह एक अच्छा मैच था। मुझे लगता है कि हर किसी की सांसें थम गई थी। हमने मैच से पहले बात की थी कि इस मैच में हमारी परीक्षा होगी और मुझे नहीं लगता कि इससे ज्यादा चुनौतीपूर्ण कुछ और हो सकता है। जब पंजाब का स्कोर 14/4 था, तो यह स्वाभाविक था कि आप सोचते थे कि आप मैच में आगे हैं लेकिन साथ ही, हम जानते थे कि आईपीएल में इस तरह के मैच कभी भी पलट सकते हैं।

तिलक वर्मा ने आईपीएल में किया बड़ा कारनामा

मुल्लांपुर, एजेंसी। मुंबई इंडियंस की टीम ने हार्दिक पांड्या की कप्तानी में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन में 7वें मैच में अपनी तीसरी जीत हासिल करने में कामयाबी हासिल की। पंजाब किंग्स के खिलाफ इस मुकाबले में मुंबई की तरफ से शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन देखने को मिला जिसमें सूर्यकुमार यादव के बल्ले से 78 रनों की पारी देखने को मिली तो वहीं पारी के आखिरी ओवरों में बल्लेबाजी करने उतरे बाएं हाथ के युवा बल्लेबाजी तिलक वर्मा ने सिर्फ 18 गेंदों में 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 34 रनों की नाबाद तेज पारी खेलने के साथ टीम के स्कोर को 190 के पार पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की। तिलक ने अपनी इस पारी के दम पर आईपीएल में एक खास लिस्ट में भी अपनी जगह बना ली।

ऋषभ पंत के बाद तिलक 21 साल की उम्र में 50 छक्के लगाने वाले बने दूसरे खिलाड़ीः तिलक वर्मा ने पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी 38 रनों की नाबाद पारी में 2 छक्के भी लगाए जिसके साथ ही उन्होंने अपने आईपीएल करियर में 50 छक्के भी पूरे कर लिए। तिलक अब आईपीएल में 21 साल की उम्र में ऋषभ पंत के बाद 50 छक्कों का आंकड़ा छूने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। पंत ने 21 साल की उम्र तक आईपीएल में 94 छक्के लगाए थे, वहीं इस लिस्ट में अब दूसरे नंबर पर 50 छक्कों के साथ तिलक वर्मा हैं, तो वहीं तीसरे नंबर पर राजस्थान रॉयल्स टीम का हिस्सा ओपनिंग बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल हैं।

व्यापार

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज 24 अप्रैल से डेरिवेटिव लॉन्च करेगा

मुंबई, एजेंसी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई), जो वर्ष 2023 में कारोबार किए गए अनुबंधों के आधार पर दुनिया का नंबर 1 डेरिवेटिव एक्सचेंज है, को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स पर डेरिवेटिव के लिए मंजूरी मिल गई है। इन अनुबंधों को 24 अप्रैल, 2024 से लॉन्च किया जाएगा। एक्सचेंज 3 सिलसिलेवार मासिक सूचकांक वायदा और सूचकांक विकल्प अनुबंध चक्र की पेशकश करेगा। कैश सैटल्ड डेरिवेटिव कॉन्ट्रेक्ट समाप्ति माह के अंतिम शुक्रवार को समाप्त हो जाएंगे। निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स निफ्टी 50 कंपनियों को छोड़कर निफ्टी 100 से 50 कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है। मार्च 2024 तक, सूचकांक में वित्तीय सेवा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व 23.76 प्रतिशत के साथ शीर्ष क्षेत्र में था, इसके बाद 11.91 प्रतिशत के साथ पूंजीगत सामान क्षेत्र और 11.57 प्रतिशत के साथ उपभोक्ता सेवाओं का नंबर आता है। सूचकांक 1 जनवरी, 1997 को पेश किया गया था, जिसकी आधार तिथि और आधार मूल्य क्रमशः 03 नवंबर, 1996 और 1000 था। पिछले कुछ वर्षों में, सूचकांक पद्धति में संशोधन हुआ है।

टीवीएस मोटर कंपनी ने जे.डी. पावर 2024 इंडिया टू-व्हीलर आईक्यूएस और अपील स्टडीज में 10 में से 7 श्रेणियों में हासिल किया शीर्ष सम्मान

बेंगलुरु , एजेंसी। दो और तीन-पहिया वाहन सेगमेंट में एक अग्रणी वैश्विक वाहन निर्माता कंपनी टीवीएस मोटर कंपनी (टीवीएसएम) ने जे.डी. पावर 2024 इंडिया टू-व्हीलर इनिशियल क्वालिटी स्टडी में 10 में से 7 श्रेणियों में शीर्ष सम्मान हासिल किया है। यह उपलब्धि अपने प्रोडक्ट के लिए असाधारण गुणवत्ता प्रदान करने के लिए टीवीएसएम की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। टीवीएस मोटर कंपनी के डायरेक्टर और सीईओ के एन राधाकृष्णन ने कहा, ''विभिन्न प्रोडक्ट सेगमेंट में शीर्ष स्थान हासिल करना दरअसल उस विश्वास को दर्शाता है, जो ग्राहकों ने हमारे प्रोडक्ट्स में व्यक्त किया है। हमारे प्रोडक्ट्स की गुणवत्ता, अत्याधुनिक तकनीक, उनकी खूबसूरती और ग्राहकों को प्रसन्न करने वाली अपील हमारे लिए बहुत महत्व रखते हैं और हम इन पर लगातार फोकस करना चाहते हैं।

एपप्ल को मेड इन इंडिया चिप दे सकती है माइक्रॉन

नईदिल्ली, एजेंसी। मेमरी और स्टोरेज उपकरण बनाने वाली नामी कंपनी माइक्रॉन टेक्नोलॉजी भारत के अपने कारखाने में बनने वाले अपने 'मेड इन इंडिया' चिप की आपूर्ति ऐपल को करने की सोच रही है, जो उसके वैश्विक ग्राहकों में शामिल है। ऐपल ठेके पर भारत में आईफोन असेंबल कराती है। माइक्रॉन गुजरात के साणंद में असेंबली टेस्ट मार्किंग ऐंड पैकेजिंग (एटीएमपी) कारखाना लगा रही है। ऐपल के लिए ठेके पर आईफोन बनाने वाली कंपनियां फिलहाल चिप आयात करती हैं। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि माइक्रॉन भारत में बनने वाले चिप का एक हिस्सा यहां मौजूद अपने ग्राहकों को देने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

साणंद कारखाने से पहला मेड इन इंडिया चिप दिसंबर तक आने की उम्मीद है। सूत्रों ने बताया कि माइक्रॉन विदेश में अपने कारखानों से वेफर भारत लाएगी और यहां के कारखाने में उसे प्रोसेस कर चिप बनाएगी। पहले चरण में चिप का निर्यात किया जाएगा मगर कंपनी की योजना अगले चरण में चिप सीधे अपने वैश्विक ग्राहकों को देने की है। इनमें ऐपल भी शामिल है। भारत में तीन कंपनियां ऐपल के लिए ठेके पर आईफोन बनाती हैं और कंपनी के कुल आईफोन उत्पादन का 12 फीसदी हिस्सा भारत में ही असेंबल होता है। माइक्रॉन के एटीएमपी और वेफर संयंत्र अमेरिका, मलेशिया, जापान, सिंगापुर, चीन और ताइवान समेत तमाम जगहों पर हैं।

ऐपल ने इस बारे में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। माइक्रॉन के भारत में मौजूद दफ्तर तथा उसके मुख्यालय तक सवाल भेजे गए मगर दोनों जगहों से जवाब नहीं आए। मेड इन इंडिया चिप इस्तेमल करने से ऐपल का मूल्यवर्द्धन काफी बढ़ जाएगा। फिलहाल यहां आईफोन में 10 से 12 फीसदी ही मूल्यवर्द्धन होता है। मोबाइल उपकरणों के उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत पात्रता के लिए सरकार ने वित्त वर्ष 2026 तक 40 फीसदी मूल्यवर्द्धन का लक्ष्य रखा है।

माइक्रॉन पहली बड़ी वैश्विक कंपनी है, जिसे सरकार की सेमीकंडक्टर योजना के तहत मंजूरी मिली है। कंपनी साणंद में एटीएमपी कारखाने पर 2.75 अरब डॉलर का निवेश कर रही है। केंद्र और राज्य सरकार परियोजना कारखाना बनाने पर आने वाले खर्च का 70 फीसदी सब्सिडी (सब्सिडी में केंद्र का हिस्सा 50 फीसदी होगा) देंगी। कारखाना 10 लाख वर्ग फुट में होगा।

इम्युनिटी बढ़ाने वाले बादाम सहित 4 प्राकृतिक आहारः शीला कृष्णास्वामी

भोपाल । मौसम बदलने के साथ ही अपने इम्युन सिस्टम (रोग-प्रतिरोधक प्रणाली) को मजबूत करने और सही आकार में बने रहने के लिये सेहत से भरे और संतुलित आहार लेने पर ध्यान देना महत्वपूर्ण हो जाता है। अपने रोजाना के भोजन में बादाम, मौसमी फलों और सब्जियों जैसे प्राकृतिक आहारों को शामिल करने से शरीर की बीमारियों से लड़ने के लिये जरूरी ताकत बढ़ सकती है यह कहना हे शीला कृष्णास्वामी, न्यूट्रीशन एवं वेलनेस कंसल्टेंट का । हम उन पाँच प्राकृतिक आहारों के बारे में बता रहे हैं, जो आपकी इम्युनिटी में सहयोग दे सकते हैं और मौसमी बुखार तथा बीमारियों को दूर रखने में मददगार हो सकते हैं। बादामः बादाम केवल स्वादिष्ट नहीं होती है, बल्कि इसमें विटामिन ई, ज़िंक, फोलेट और आयरन जैसे पोषक-तत्व भी होते हैं, जो इम्युन फंक्शन के लिये मायने रखते हैं। रोजाना स्नैक के तौर पर मुट्ठीभर बादाम खाएं या अपने सुबह के नाश्ते में उन्हें शामिल करें। इससे पौष्टिकता बढ़ेगी। सिट्रस फलः सिट्रस फल, जैसे कि नारंगी, नींबू, मौसम्बी और अंगूर में विटामिन सी की अच्छी मात्रा होती है। यह पोषक-तत्व श्वेत रक्त कणिकाएं बनाने के लिये आवश्यक है, जोकि संक्रमणों से शरीर की रक्षा करती हैं। अपने आहार में इन फलों को शामिल करने से आप विटामिन सी का सेवन बढ़ा लेंगे।

अल्ट्रा-मॉडर्न, लाइट-वेट ट्रेनें 80 किमी प्रति घंटा की अधिकतम गति से चलेंगी

भोपाल और इंदौर मेट्रो की ट्रेनें बहुत खास

भोपाल । सस्टेनेबल मोबिलिटी में ग्लोबल लीडर, एल्सटॉम इस समय भोपाल और इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट्स के लिए 15 सालों की विस्तृत मेंटेनेंस के साथ 3-कार कॉन्फिगुरेशन की 52 स्टैंडर्ड गेज़ मूविया मेट्रो पैसेंजर ट्रेनसेट्स बना रहा है। कंपनी लेटेस्ट जनरेशनके संचार आधारित ट्रेन नियंत्रण (सीबीटीसी) सिग्नलिंग प्रणाली और ट्रेन नियंत्रण वसंचार प्रणाली भी इंस्टॉल कर रही है; जिनमें से प्रत्येक की सात साल की विस्तृत मेंटेनेंस शामिल है। इस श्रृंखला की पहली ट्रेनसेट अगस्त, 2023 में मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमपीएमआरसीएल) को नोटिस टू प्रोसीड (एनटीपी) से साढ़े चौदह महीने की रिकॉर्ड अवधि में सौंप दी गई। राजस्व सेवा की शुरुआत 2024 से हो जाएगी।

ये अल्ट्रा-मॉडर्न, लाइट-वेट ट्रेनें 80 किमी/घंटा की अधिकतम गति से चलेंगी। भोपाल में ये 30 स्टेशनों के बीच 31 किलोमीटर और इंदौर में 29 स्टेशनों के बीच 31.5 किलोमीटर की दूरी तय करेंगी। 3 कार कॉन्फ़िगरेशन की 27 ट्रेनसेट भोपाल में चलेंगी जबकि इंदौर में 25 ट्रेनसेट चलेंगी। प्रत्येक ट्रेन में 50 यात्री बैठ सकेंगे और 300 लोग खड़े होकर यात्रा कर सकेंगे। इन ट्रेनों के लिए सुरक्षा के सर्वोच्च मानकसुनिश्चित किए गए हैं, जिनमें लगातार सीसीटीवी निगरानी और जरूरत पड़ने पर ट्रेन ऑपरेटर एवं नियंत्रण केंद्र के साथ सीधा संचार चैनल शामिल है। सीसीटीवी के इंटैलीजेंट फीचर्स में लावारिस वस्तुओं की पहचान और खाली ट्रेन की पहचान (आपातकालीन निकासी में यात्रियों की गिनती) भी शामिल है। इन ट्रेनों में दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर का एक समर्पित स्थान भी है। मूविया मेट्रो परिवार में प्रमाणित और विश्वसनीय उपकरणों के साथ अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया है। ये ट्रेनें लंदन, दिल्ली, स्टॉकहोम और सिंगापुर सहित अनेक ग्लोबल शहरों में चल रही हैं।

एक साल से तूफानी रिटर्न दे रहा 45 वाला शेयर, अब दिग्गज निवेशक का बड़ा दांव

नईदिल्ली, एजेंसी। शेयर बाजार के दिग्गज निवेशक आशीष कचोलिया समय-समय पर अपने पोर्टफोलियो में नए शेयर जोड़ते हैं। इस बार उन्होंने माइक्रोकैप फार्मा कंपनी-संजीवनी पैरेंट्रल लिमिटेड में हिस्सेदारी खरीदी है। इस खबर के बाद से ही कंपनी के शेयर में तूफानी तेजी है। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को शेयर पर रिटेल निवेशक टूट पड़े और यह करीब 10 प्रतिशत चढ़कर 185.45 के दिन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। पिछले दो कारोबारी सत्रों में स्टॉक में 21 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी आई है। आशीष कचोलिया ने जनवरी से मार्च की अवधि के दौरान संजीवनी पैरेंट्रल लिमिटेड के 3.70 लाख इक्विटी शेयरों के बराबर 3.17 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है। वर्तमान में उनके निवेश का होल्डिंग मूल्य 6.70 करोड़ है। कंपनी के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के मुताबिक संजीवनी पैरेंट्रल के प्रमोटरों के पास 27.67 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि सार्वजनिक शेयरधारकों के पास शेष 62.12 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

पॉकेट एफएमने रचा इतिहास मारी 100 करोड़ क्लब में एंट्री

मुंबई, एजेंसी। एक बेहद लोकप्रिय व प्रतिष्ठित ऑडियो सीरीज़ प्लेटफॉर्म पॉकेट एफएमने इस बात ऐलान किया कि उनके दो मशहूर ऑडियो सीरीज ने दुनिया भर में श्रोताओं के ज़रिए हासिल द्मद्व 100 करोड़ क्लब में एंट्री . उल्लेखनीय है कि ये दोनों ही शोज़ - एक लड़की को देखा तो और इंस्टा मिलेनियर पॉकेट एफएमकी 10 सबसे मशहूर सीरीज़ में टॉप पर ट्रेंड कर रही हैं. ग़ौरतलब है कि एक लड़की को देखा तो एक काल्पनिक

कहानी है जिसमें बताया गया है कि कैसे एक दिन अनिका अपनी बेटी के साथ मनाली में अपने घर लौट जाती है जहां उसे अपनी जुड़वा बच्चे के बारे म पता चलता है. यह दिलचस्प कहानी नायिका के संघर्ष की दास्तां को दिलचस्प तरीके से बयां करती है. यह सीरीज़ दुनिया भर में इस क़दर लोकप्रिय साबित हुई है कि इसने अब तक कुल 150 करोड़ रुपये से ज़्यादा की कमाई कर ली है. उल्लेखनीय है कि यह लोकप्रिय सीरीज़ भारत में हिंदी, तेलुगू और तमिल में उपलब्ध है जबकि इसे अमेरिकी श्रोताओं के लिए सेविंग नोरा के नाम से पुनर्निमित किया जा रहा है. बता दें कि इस सीरीज़ को अब तक 50 करोड़ बार सुना जा चुका है. ग़ौरतलब है कि इंस्टा मिलेनियर पॉकेट एफएमकी ओर से 100 करोड़ की कमाई करने वाला पहला ऑडियो ब्लॉकबस्टर साबित हुआ है. इसकी कहानी फ़र्श से अर्श तक का सफ़र तय करने वाले लक्ष्मण उर्फ़ लकी के इर्द-गिर्द घूमती है।

14 साल बाद थ्रिलर फिल्म में साथ में दिखेंगे

ममूटी और पृथ्वीराज सुकुमारन

दक्षिण भारत के कमाल के अभिनेताओं के सूची ममूटी के नाम के बिना हमेशा अधूरी रहेगी। मलयालम सुपरस्टार ममूटी अपने अभिनय के दम पर ही इस मुकाम तक पहुंचे हैं। उनके प्रशंसक उनकी आने वाली फिल्मों पर नजर टिकाए बैठे रहते हैं। ममूटी के प्रशंसक उनकी कोई भी फिल्म छोड़ना नहीं चाहते। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ममूटी जल्द ही पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ एक फिल्म में नजर आ सकते हैं। यह एक थ्रिलर फिल्म होगी, जिसमें दो बड़े सुपरस्टार एक साथ दिखेंगे। कहा जा रहा है कि ममूटी और पृथ्वीराज इस फिल्म में हीरो और विलेन की भूमिका अदा करने जा रहे हैं। इस फिल्म को एक नए निर्देशक द्वारा बनाने की भी चर्चा चल रही है। वहीं, इसका निर्माण एंटो जोसेफ कर सकते हैं। ऐसी खबर है कि इस फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू हो सकती है। अगर ऐसा हुआ तो 14 साल के लंबे अंतराल के बाद दर्शकों को ममूटी और पृथ्वीराज सुकुमारन को एक साथ देखने का मौका मिलेगा। दोनों ने आखिरी बार एक साथ साल 2010 में काम किया था। वे फिल्म पोक्किरी राजा में नजर आए थे। ममूटी की पिछली फिल्म ब्रह्मयुगम सुपर हिट साबित हुई थी। वहीं, पृथ्वीराज सुकुमारन ने फिल्म द गोट लाइफ में दमदार अभिनय किया था। यह एक सर्वाइवल ड्रामा फिल्म है, जिसमें उन्होंने नजीब का किरदार निभाया है। इस फिल्म को लोगों ने खूब पसंद किया था। हाल ही में, उनकी हिंदी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां भी रिलीज हुई है।

सीरीज हीरामंडी में अपने किरदार पर बोलीं ऋचा

संजय लीला भंसाली की सीरीज हीरामंडी – द डायमंड बाजार में ऋचा चड्ढा 'लज्जो' के किरदार में नजर आएंगी। एक इंटरव्यू के दौरान ऋचा ने बताया कि उन्होंने अपने किरदार पर काम करने के लिए दिवंगत एक्ट्रेस मीना कुमारी से प्रेरणा ली थी। दरअसल, फिल्म पाकीजा में मीना कुमारी ने शाहिबजान का किरदार निभाया था। ये किरदार हीरामंडी के किरदार लज्जो से मिलता जुलता है। मीना कुमारी को देखने की सलाह ऋचा को खुद संजय लीला भंसाली ने दी थी। ऋचा चड्ढा ने कहा– हीरामंडी की शूटिंग से पहले पाकीजा में मीना कुमारी जी के किरदार को ध्यान से देखना, सीखना और उससे सबक लेना मेरे लिए काफी मददगार साबित हुआ। दोनों किरदारों में समानता बताते हुए ऋचा ने कहा– फिल्म पाकीजा में मीना कुमारी के किरदार में जो दुख और गहराई है, वो मेरे किरदार लज्जो से मेल खाता है। मैंने मीना जी का काम देखकर उनकी आवाज और डिक्शन पर काम किया। कभी–कभी मुझे ऐसा लगता था जैसे मैं एक लीजेंड एक्ट्रेस के नक्शेकदम पर चल रही हूं। उन्होंने कहा कि लज्जो के किरदार से मीना कुमारी जी को श्रद्धांजलि देना सम्मान की बात है।

हीरामंडी तवायफों के जीवन को उजागर करती है

पाकिस्तान के शाही मोहल्ले हीरामंडी पर आधारित इस सीरीज में प्यार, पावर और आजादी की जंग देखने को मिलेगी। यह सीरीज लाहौर में बसे शाही मोहल्ले हीरामंडी के तवायफों के जीवन को उजागर करती है। इसमें देश की आजादी के दौरान तवायफों की जीवनशैली और उनके संघर्ष के बारे में दिखाया गया है। यह सीरीज उस दौर में लेकर जाएगी, जब हमारा देश आजादी के लिए लड़ाई लड़ रहा था।

हीरामंडी के ट्रेलर में क्या दिखाया गया है

सीरीज हीरामंडी – द डायमंड बाजार के ट्रेलर में दिखाया गया है कि हीरामंडी में मल्लिका जान (मनीषा कोइराला) अकेली है, जो उच्च श्रेणी की तवायफों के घर पर राज करती है। मल्लिका जान बिना किसी डर के अपना राज चलाती है, लेकिन एक दिन उसके पुराने दुश्मन की बेटी फरीदन (सोनाक्षी सिन्हा) के आने से तनाव का माहौल पैदा होने लगता है। शहर में भी उथल–पुथल मची हुई है, क्रांतिकारी ब्रिटिश शासन से भारत की आजादी की मांग कर रहे हैं। मल्लिका जान की बेटियों में से एक बिब्बो जान (अदिति राव हैदरी) आजादी की लड़ाई में शामिल हो रही है। इस बीच मल्लिका जान की सबसे छोटी बेटी आलमजेब (शर्मिन सहगल) एक नवाब (रईस) के बेटे ताजदार (ताहा शाह बदुशा) के साथ प्यार का सपना देखती है और हीरामंडी से बाहर निकलना चाहती है।

संजय लीला भंसाली की हीरामंडी – द डायमंड बाजार साल की मच अवेटेड वेब–सीरीज में से एक है। यह सीरीज 1940 के दशक में ब्रिटिश राज के खिलाफ भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लाहौर के हीरामंडी के रेड–लाइट एरिए में वेश्याओं के जीवन को उजागर करेगी। सीरीज का डायरेक्शन संजय लीला भंसाली और मिताक्षरा कुमार ने किया है। इस सीरीज के जरिए संजय लीला भंसाली ओटीटी डेब्यू कर रहे हैं। इस सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला , अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, अध्ययन सुमन, शेखर सुमन, फरदीन खान, संजीदा शेख और ताहा शाह बदुशा की मुख्य भूमिकाएं हैं।

देश राज्यों से खबरें

1 5 महीने में 21 लाख रुपये बढ़ी शिवराज चौहान की संपत्ति
2 पीएम मोदी के पास 25 साल का एजेंडा है, आजतक से खास बातचीत में बोले अमित शाह
3 यूपीए सरकार में घोटालों की हद पार हो गई थी,आजतक से खास बातचीत में बोले अमित शाह
4 पहले चरण की 102 सीटों पर शाम 6 बजे तक कुल 59.71 फीसदी हुआ मतदान
5 बसपा ने उत्तर प्रदेश में 11 और उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की
6 मध्य प्रदेश में शाम 5 बजे तक 63.25 फीसदी मतदान
7 यूपी में शाम 5 बजे तक 57.54% हुई वोटिंग,रामपुर में 52 फीसदी मतदान
8 असम के जोरहाट में शाम 5 बजे तक 74.92 फीसदी मतदान
9 एक साल पहले मारे जा चुके माफिया अतीक अहमद को प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने जारी किया नोटिस
10 बंगालःदावागुरी में एक बूथ पर टीएमसी ने लोगों को वोट डालने से रोका,बीजेपी उम्मीदवार निसिथ प्रमाणिक का दावा
11 हमारा मिशन संसद में जाकर लोगों के मुद्दों को उठाना है,पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने जारी किया मेनिफेस्टो
12 उत्तर प्रदेश में दोपहर तीन बजे तक 47.44 फीसदी हुआ मतदान
13 इजरायल के हमले के बाद ईरान के हवाई अड्डों से उड़ान भरने वाली फ्लाइट्स रद्द
14 एमपीःरायसेन में शिवराज सिंह चौहान ने नॉमिनेशन फाइल किया
15 मुर्शिदाबादःममता बनर्जी का इंडिया ब्लॉक पर बड़ा बयान,बोलीं:मैंने मनाया गठबंधन
16 पंजाबःसुनीता केजरीवाल ने आप के लोकसभा प्रत्याशियों से की मुलाकात
17 यूक्रेन का बड़ा दावाःरूस का टू-22एम3 स्ट्रेटेजिक बॉम्बर मार गिराया
18 पीएम मोदी का इंडिया ब्लॉक पर निशाना,मोदी की गारंटी से बैचेन हैं परिवारवादी और भ्रष्टाचारी नेता
19 आज देश में वो बीजेपी सरकार है,जो न किसी से दबती है न झुकती है:पीएम मोदी
20 हमने सेना को आत्मनिर्भर बनाया, दमोह में बोले पीएम नरेंद्र मोदी
21 ईडी ने डीएसके ग्रुप के परिसरों और प्रमोटर डीएस कुलकर्णी के घर पर की छापेमारी
22 यूपीःकैराना लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी इकरा हसन ने किया मतदान
23 बिहारःतेजस्वी को चिराग की चिट्ठी,बोलेःगाली देने वालों पर लें एक्शन
24 गृह मंत्री अमित शाह ने गांधीनगर लोकसभा सीट से किया नामांकन
25 हम सरकार बनाने के लिए नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए राजनीति करते हैंःराजनाथ सिंह
26 वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए डॉक्टर से बातचीत करने की मांग को लेकर केजरीवाल ने लगाई अर्जी,2 बजे सुनवाई
27 गांधीनगर लोकसभा सीट से नामांकन किए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह
28 तेहरान के मुख्य एयरपोर्ट से उड़ानें दोबारा शुरू,इजरायल के मिसाइल अटैक के बाद रोका था संचालन
29 अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए शुरुआती तीन घंटे में 20 फीसदी वोटिंग
30 अमरोहा की रैली में पीएम मोदी ने की मोहम्मद शमी की तारीफ,कहाःपूरी दुनिया ने देखा उनका कमाल
31 पीएम ने इंडिया ब्लॉक पर बोला हमला, कहाःसनातन से नफरत करते हैं ये लोग
32 यूपी में दो शाहजादे फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं,पीएम ने राहुल-अखिलेश पर बोला हमला
33 क्रिकेट वर्ल्ड कप में मोहम्मद शामी ने जो कमाल किया,वो पूरी दुनिया ने देखा हैःपीएम मोदी
34 यूपी के अमरोहा में पीएम नरेंद्र मोदी का संबोधन
35 छत्तीसगढ़ के बीजापुर में फटा UBGL सेल,CRPF का एक जवान घायल
36 राजस्थान की डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने किया मतदान
37 बेंगलुरु में नाइजीरियन नागरिकों ने पुलिस पर किया हमला
38 लोकसभा चुनाव 2024ःतमिलनाडु में सुबह 9 बजे तक 12.55 प्रतिशत मतदान
39 ईरान-इजरायल तनावःग्लोबल स्तर पर सोने की कीमतों में 1.5 फीसद का उछाल
40 पश्चिम बंगालःकूच बिहार के चंदामारी में मतदान केंद्र के सामने पथराव

अदिति भगत ने उड़ारियां में सीखा ऑन-स्क्रीन रोमांस

शो उड़ारियां में आसमा का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस अदिति भगत ने बताया कि इस शो ने उन्हें ऑन–स्क्रीन रोमांस करना सिखाया है। अदिति ने बताया कि वह शो में पहली बार रोमांटिक सीन कर रही हैं और वह स्वीकार करती हैं कि कभी–कभी उन्हें ऐसा करना मजेदार भी लगता है। उन्होंने कहा, उडारियां ने मुझे सिखाया कि ऑन–स्क्रीन रोमांस कैसे किया जाता है। मैं मजाक नहीं कर रही हूं, ऐसे सीन को शूट करना बहुत मुश्किल है क्योंकि कभी–कभी मुझे सीधा चेहरा बनाए रखना मुश्किल लगता है लेकिन एक कलाकार के रूप में आपको किसी भी दृश्य को करने के लिए तैयार रहना पड़ता है और मुझे लगता है कि मैं उसमें महारत हासिल कर रही हूं। उन्होंने आगे कहा, मुझे फाइट सीक्वेंस करने में भी मजा आ रहा है। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं टीवी पर एक्शन सीन करूंगी। एक्ट्रेस रोजाना सेट पर आने को आतुर रहती हैं। वह कहती हैं कि ऐसा इसलिए है क्योंकि उन्हें अपना काम इतना पसंद है कि अगर संभव हुआ तो वह सेट पर ही रहेंगी। अदिति ने कहा, मुझे अपने काम से प्यार है। हर दिन जब मैं उठती हूं, तो मेरा दिल कृतज्ञता से भरा होता है, और इतने लोकप्रिय शो में मुख्य भूमिका निभाने के लिए मैं बहुत भाग्यशाली महसूस करती हूं। मुझे लगता है कि मेरे काम के प्रति मेरे मन में जो प्यार है, वह मुझे हर दिन काम पर आने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने आगे कहा, मैं यहां चंडीगढ़ में शूटिंग के लिए अपने परिवार से दूर हूं और मेरा काम का शेड्यूल वास्तव में इतना व्यस्त है कि कभी–कभी मैं कई दिनों तक अपनी मां से बात भी नहीं करती हूं। उड़ारियां कलर्स पर प्रसारित होता है।

सलमान खान अगले महीने शुरू करेंगे सिकंदर की शूटिंग

सलमान खान ने ईद के मौके पर फैंस को ईदी दी थी। अपनी नई फिल्म सिकंदर का ऐलान किया था। अब खबर है कि घर पर हुए हमले के बावजूद भाईजान ने अपने शेड्यूल में कोई बदलाव नहीं किया है। वो अगले महीने से मुरुगादॉस के साथ इसकी शूटिंग करने जा रहे हैं। मुंबई के बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट में फायरिंग के बाद सलमान खान की सुरक्षा और ज्यादा बढ़ा दी गई है। इस हमले के बावजूद सलमान ने अपने किसी भी प्लान को कैंसिल नहीं किया और टीम को सारे शेड्यूल जारी रखने के लिए कहा। अब ये रिपोर्ट सामने आ रही है कि सलमान अगले महीने से अपकमिंग मूवी सिकंदर की शूटिंग शुरू करेंगे। इस फिल्म का डायरेक्शन मुरुगादॉस करेंगे, जो इस समय तमिल स्टार शिवकार्तिकेयन के साथ एक्शन मूवी (अभी फिल्म का नाम तय नहीं हुआ है) की शूटिंग कर रहे हैं। अगले दो महीनों के लिए वो हिंदी और तमिल प्रोजेक्ट्स को अपना समय देंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि सिकंदर के फ्लोर पर जाने से पहले मुरुगादॉस एसके23 के ज्यादातर हिस्से को पूरा करना चाहते हैं। मई में सिकंदर का पहला शेड्यूल शूट करने के बाद, वो जून में शिवकार्तिकेयन की फिल्म खत्म करने के लिए वापस जाएंगे। जुलाई से वो पूरी तरह से सलमान की फिल्म को अपना समय देंगे।



इम्तियाज अली ने चमकीला की कास्टिंग पर की बात

फिल्म डायरेक्टर इम्तियाज अली ने कहा है कि उन्होंने फिल्म अमर सिंह चमकीला में दिलजीत दोसांझ को इसलिए कास्ट किया क्योंकि वो पैसे बचाना चाहते थे। बिहाइंड द सीन वीडियो में इम्तियाज के अलावा दिलजीत दोसांझ, परिणीति चोपड़ा ने भी फिल्म में काम करने के अपने एक्सपीरियंस शेयर किए। सबसे पहले इम्तियाज ने कहा, इस फिल्म में हम एक एक्टर को एक काम के लिए हायर नहीं कर रहे थे।

मैं एक्टर और सिंगर दिलजीत को कास्ट करके कास्टिंग में अपने पैसे बचा रहा था। फिल्म का थ्रिल इसका म्यूजिक है। इम्तियाज अली ने ये भी बताया कि फिल्म में उन्होंने दिलजीत और परिणीति के लिए लाइव सिंगिंग को कैसे पॉसिबल बनाया।

उन्होंने कहा, हमने उनके लिए पूरा बैंड बना दिया था तो वो सच में लाइव सिंगिंग कर रहे थे जिसे हमने ऑन–स्क्रीन जीवंत कर दिया। हमने बैकग्राउंड म्यूजिशियन बुलाए जिनके साथ दिलजीत और परिणीति ने तीन–चार दिन तक गाने गाए और इसी दौरान कुछ चीजें लाइव रिकॉर्ड कर लीं।

लगता था चमकीला हमारे आसपास मौजूद हैं

फिल्म में अमर सिंह चमकीला का किरदार निभाने पर दिलजीत बोले, फिल्म की कहानी म्यूजिक के इर्द–गिर्द घूमती है और म्यूजिक मेरे लिए भगवान है। इस फिल्म के जरिए मैं भगवान के और करीब आ गया। मुझे हमेशा लगता था कि चमकीला सेट पर हमारे आसपास मौजूद हैं।

लाइव सिंगिंग चैलेंजिंग थी

परिणीति ने अमर सिंह चमकीला की वाइफ अमरजोत का किरदार निभाने पर कहा कि फिल्म के लिए लाइव सिंगिंग करने का एक्सपीरिएंस बहुत अलग था। ये काफी हाई स्केल पर था और उस स्केल पर गाना और एक्टिंग करना मेरे लिए बहुत ही चैलेंजिंग बात थी जो कि मैंने पहले कभी नहीं की थी। फिल्म के म्यूजिक डायरेक्टर ए.आर रहमान ने दिलजीत दोसांझ की तारीफ करते हुए उन्हें

सुपरस्टार कहा। साथ ही परिणीति को अंडररेटेड सिंगर करार दिया और कहा कि वो बतौर सिंगर भी काफी टैलेंटेड हैं।

12 अप्रैल को रिलीज हुई है फिल्म

फिल्म अमर सिंह चमकीला नेटफ्लिक्स पर 12 अप्रैल को रिलीज हुई है। ये फिल्म पंजाब के फोक सिंगर अमर सिंह चमकीला पर बनी है। लुधियाना के छोटे से गांव धुबरी में जन्मे अमर एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर, प्रेम–प्रसंग, पति–पत्नी के रिश्तों पर गाने बनाते थे। उनके ये गाने पंजाब की शादियों की पहली पसंद हुआ करते थे। फिल्म में चमकीला का किरदार दिलजीत दोसांझ ने निभाया है जबकि उनकी पत्नी अमरजोत के रोल में परिणीति चोपड़ा हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **आरती कुमारी** द्वार अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना - 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना - 800006 से प्रकाशित। ***संपादक - अविनाश**। संपादकीय कार्यालय : 8वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना - 800001, RNI : BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।